सुप्रभात
रांची, मंगलवार
07.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 177



06 तहिं प्रकाश हमरा भयो पटना शहर विखे भव लयो

## न्यूज डायरी

### बढ़ी राशि मिलने से महिलाओं में खुशी



**रांची।** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खातों में बढ़ी हुई 2500 रुपये भेज दिए ये हैं। इस राशि के बढ़ने से लाभान्वित महिलाओं में खुशी की लहर है। झामुमो महिला मोर्चा ने इसे लेकर सोमवार को राज्य के कई जिलों में जुलूस निकाला। महिलाओं ने खुशी से झूमते हुए मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर खुशी का इजहार किया। महिलाओं ने सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमारे सीएम हेमंत सोरेन जो कहते हैं, वह करते हैं। आज सभी महिलाओं और बेटियों को बड़ी खुशी मिली है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस योजना से महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी और उनके जीवन में सुधार आएगा।

### दो नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी रायफल और 11 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये है। गिरफ्तार उग्रवादियों में विकास गोप और निमेश गोप शामिल हैं। दोनों कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से हुई है। यह जानकारी तोरपा कें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

### ओड़िशा में 11 दिनों में 10 किसानों की खुदकुशी

**संबलपुर/भुवनेश्वर।** ओडिशा में बेमौसम बारिश से हुई क्षति के बाद किसानों की कथित आत्महत्या ने एक बार फिर राज्य को हिलाकर रख दिया है। राज्य में 11 दिनों में 10 किसानों की मौत हुई है। संबलपुर जिले में बैरागीपाली गांव के 58 वर्षीय किसान रत्नाकर भोई ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली थी। यह किसनों की मौत का 10वां मामला है। बताया गया है कि बेमौसम बारिश के कारण फसलों के नुकसान से किसान दबाव में आ गये हैं।

### भारी दवाब में कानाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने पद छोड़ा

**ओटावा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद उनके 10 साल पुरानी सत्ता का अंत हो गया। श्री ट्रूडो ने भारतीय समयानुसार रात करीब 10 बजे इस्तीफे का एलान किया।
जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे से पहले एक अधिकारी ने बताया कि सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष के कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला लिया। श्री ट्रूडो के अलावा वित्त मंत्री भी इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में कनाडा की राजनीति में अस्थिरता बढ़ने के संकेत हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 92000 रु./प्रति किलो |




## कर्ज की जंजीरें तोड़, वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन

मंईयां सम्मान

# महिलाओं को सशक्त बनाना उद्देश्य



**आज** से पांच महीने पहले शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आर्थिक पुनरुद्धार एवं राज्य के सर्वांगीण विकास यात्रा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। आज का यह दिन इसलिए अभूतपूर्व है क्यूंकि आज से राज्य की सभी बहनों (18-50 वर्ष) के खातों में मेरे वादे के अनुसार 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुँचनी शुरू हो जाएगी। यह उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का प्रथम कदम अवश्य है। आज मैं आपसे मंईयां सम्मान योजना सृजन के पीछे के उद्देश्य को साझा करना चाहता हूं कि आखिर क्यों झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। पर इस क्रांतिकारी योजना के महत्व को समझने के लिए झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि को समझा जाना नितांत आवश्यक है। दशकों से, हमारे राज्य ने ग्रामीण परिवारों पर शोषक साहूकारों के विनाशकारी प्रभाव को देखा है, जिसमें महिलाएं कर्ज से उत्पन गरीबी का असहनीय बोझ उठाती रही हैं। मैंने खुद महसूस किया है कि हमारे राज्य की करीब - करीब हर महिला अपने बच्चों की पढ़ाई या दवाई के लिए महाजनों से कर्ज लेती थीं और बाद में ब्याज के दलदल में फंस कर मजदूरी या हड़िया दारू बेचने में ही अपने जीवन का स्वर्णिम समय बिता दिया। मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में 1970 के दशक में महाजनों के विरोध में चलाए गए आंदोलन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कर्ज ने पीढ़ियों को गरीबी के चक्र में फंसा दिया। कर्ज के कारण बंधुआ मजदूरी करनी पड़ी और पैतृक भूमि तक छिनी गई। यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मंईयां सम्मान योजना शोषक साहूकारी प्रथाओं के खिलाफ मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के ऐतिहासिक संघर्ष की विरासत को जारी रखने में एक साहसिक कदम है। मंईयां सम्मान सिर्फ झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, हम शोषक साहूकारों से मुक्ति के आंदोलन के अगुवा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने को ही पूरा कर रहे हैं। एक समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की नींव रख रहे हैं। यह दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल कायम करती है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय विमर्श को आकार देती है। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आजादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं।

**मंईयां सम्मान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है यह झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है**

**जय हिंद, जय झारखंड**
**आपका मुख्यमंत्री,**
**--हेमंत सोरेन**

## मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के विकास में मील का पत्थर : सीएम

# राज्य की 56 लाख बहनों को दिया 1415 करोड़ का तोहफा

- खाते में खटाखट पहुंचे 2500 रुपये
- अपनी क्षमता निभायें विकास में भागीदारी बनें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/नामकूम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित झारखंड मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में 56 लाख 61 हजार 791 बहन-बेटियों के बैंक खाते में 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। सोमवार को सम्मान राशि जारी करते हुए सीएम ने राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।




### मैं अपना वादा पूरा कर रहा हूं

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से कहा कि हमने आपसे वादा किया था कि सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि को दिसंबर माह से 25 सौ रुपये करेंगे, इसे पूरा कर रहे हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब आप सभी अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ इस राज्य के विकास में अपनी भागीदारी निभायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है। उसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है।

### आपके आशीर्वाद से ताकत मिली

सीएम श्री सोरेन ने कहा, आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नई ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान स्वाभिमान और हक अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे इस कदम से आप अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक महिला-पुरुष कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि मंइयां सम्मान योजना से आपके सपनों को पूरा करने की पूरी क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि महिलायें घर परिवार भी चलाती हैं। ऐसे में पैसे का महत्व उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है।

### केंद्र पर भी बोला हमला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य की बहन-बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने यह बहुत बड़ा कदम उठाया है। हमारी सरकार समय-समय पर गांव और देहातों का भ्रमण भी करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के संसाधनों के जरिये दूसरे राज्य रोशन हो रहे हैं, पर वर्षों से यहां के लोग अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। यहां के नीति-निर्धारकों की नजर में यह राज्य हमेशा हाशिये पर रहता आया है। अब ऐसा नहीं चलेगा। इस राज्य को पिछड़ापन और गरीबी से मुक्ति दिलायेंगे।

## नक्सलियों ने जवानों का वाहन आइइडी विस्फोट में उड़ाया

# छत्तीसगढ़ में आठ जवान शहीद

- वाहन के हिस्से 30 फीट तक बिखरा, धमाके दस फीट गड्ढा बन गया

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार दोपहर आइइडी विस्फोट में उड़ा दिया। इस धमाके में दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान शहीद हो गये। शहीद जवानों में कोरसा बुधराम, सोमडू वेंटिल, दुम्मा मड़काम, बमन सोढ़ी, हरीश कोर्राम, पण्डरू पोयम, सुदर्शन वेटी, सुभरनाथ यादव का नाम शोमिल है। विस्फोट में एक सिविलियन वाहन के चालक तुलेश्वर राना (ग्राम आरापुर) की भी मौत हो गयी। बस्तर आइजी सुदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। नक्सली हमले में जवानों की मौत पर पीएम मोदी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। श्री साय ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।



### थके हारे जवान लौट रहे थे

रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद ये सभी आठ जवान सोमवार को स्कार्पियो वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने दोपहर 14:15 बजे आइइडी से विस्फोट कर वारदात को अंजाम दिया। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन (सीजी 17 केडब्लयू 7937) में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था।

### एंटी नक्सल अभियान और तेज होगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दु:ख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में 8 जवानों के बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर, शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं। विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सब एकजुट हैं। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री शोक जताते हुए कहा, भारत मां के वीर सपूतों का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी।

### वाहन के परखच्चे उड़े

धमाका इतना जबरदस्त था कि जमीन में दस फीट गहरा गड्ढा हो गया। वाहन के परखच्चे उड़ गये। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। मौके पर से कई खोखे भी बरामद किये गये हैं। इस विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गये।

## कोयलांचल के गैंगवार की आग अब पलामू पहुंची

# भरत पांडेय व दीपक साव की गोली मार कर हत्या



- चालक को हिरासत में ले कर पूछताछ


खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** कोयलांचल के गैंगवार की आग अब पलामू भी पहुंच गयी। पलामू के चैनपुर थाना के ग्राम गरदा में रविवार की रात में अज्ञात अपराधियों ने कोयलांचल के गिरोह के सुप्रीमो भरत पांडेय और उसके राइट हैंड दीपक साव की गोली मारकर हत्या कर दी। भरत और दीपक चैनपुर के गरदा गांव में पिछले 31 दिसंबर से पनाह लिए हुए थे। गरदा में भरत पांडेय के मौसा अजय सिंह का घर है। वहीं दोनों की हत्या हुई है। जिस इलाके में यह घटना हुई वह घनी आबादी वाला इलाका है। वहीं महाबीर सिंह व अंशु सिंह को अपराधियों ने भागने के क्रम में गोली मारकर जख्मी कर दिया। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक अपराधी शामिल थे, जो भागने में सफल रहे।

### सटीक सूचना थी अपराधियों को

भरत पांडेय के विरोधी गुट को सटीक सूचना थी कि वे कहां छिपे हैं। अपराधी देर रात गरदा गांव में भरत पांडेय के मौसा के घर घुसे। दोनों को गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरे कमरे में सो रहे अंशु सिंह व महावीर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर भरत पांडेय के मौसा अजय सिंह अपने कमरे से बाहर निकला तो देखा कि छह से अधिक की संख्या में लोग पैदल भाग रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी अपने वाहन को मेन रोड पर ही छोड़कर आये थे। जहां से वे भागने में सफल रहे। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, के नेतृत्व में कई थानाप्रभारी वहां पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया और डॉग स्क्वायर्ड से घटनास्थल की जांच करायी।

## देश में एचएमपीवी के दो-दो केस मामले



**बेंगलुरु।** भारत में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो संदिग्ध मामले सामने आये हैं। दोनों केस कर्नाटक में मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले मामले में आठ महीने के बच्चे की कथित पॉजिटिव रिपोर्ट आयी है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे का सैंपल 2 जनवरी को कलेक्ट किया गया था। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय पहला संदिग्ध मामला सामने आने के बाद एचएमपीवी को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि शिशु और उसके परिवार का हाल ही में यात्रा का कोई इतिहास नहीं था। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने एक और अन्य मामले की पुष्टि की है, जिससे भारत में केस की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। दोनों मामलों की पहचान कई श्वसन वायरल रोगजनकों के लिए नियमित निगरानी के माध्यम से की गयी थी।

**सर्वसाधारण को सूचना**

दिनांक-21/22.09.2024 को आयोजित JSSC CGL परीक्षा-2023 में कथित गड़बड़ी/अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी अथवा अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो आदि) अथवा जानकारी है तो निम्नांकित ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर उपलब्ध कराया जा सकता है-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

इसके अतिरिक्त इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

अपराध अनुसंधान विभाग,
राजा रानी कोठी, डोरण्डा, राँची,
झारखण्ड।

**PUBLIC - NOTICE**

This is to inform that anyone who is having any information or any evidence (documents, audio-video etc) with regard to alleged irregularity in the conduct of JSSC CGL examination-2023 held on dated 21/22.09.2024, the following e-mail ID and Mobile No. can be contacted-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

One can also personally meet the IO of the case during the working days in the CID office. Individual's identity will be kept confidential.

Criminal Investigation Department,
Raja Rani Kothi, Doranda, Ranchi,
Jharkhand.

PRNO 343617 (Police) IPRD 24-25

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पार्टी पर अंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

# 11 से 25 जनवरी तक भाजपा चलायेगी संविधान गौरव अभियान : अमर बाउरी

**पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा : कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का किया अपमान**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर बाउरी ने कहा कि पार्टी 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलायेगी। श्री बाउरी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किये गये उनके साथ छल को लेकर जिला मंडल तक आम जनता को जागरूक करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही यह फल है कि आज सर्वोच्च पद पर देश की एक आदिवासी महिला है। चाय बेचने वाले एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहे हैं। भारत को महान बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन, आज भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार समाज के बीच नहीं गया है। भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय की सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता होना चाहिये। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था लेकिन बाबा साहब देश के हर नागरिक को समान अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी लेकिन, बाबा साहब को इस उपाधि से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम उन्हें सम्मान देना और सम्मान देने का दिखावा करना में जमीन आसमान का अंतर होता है। भाजपा में बाबा साहब को अपने कार्यकाल में भारत रत्न देकर उन्हें सम्मान दिया है।

इस अवसर पर नन्द जी प्रसाद, राकेश भास्कर, शिवपूजन पाठक, अमित कुमार मंडल, राफिया नाज भी थे।

#### मंईयां सम्मान योजना को लेकर बड़ी कीमत चुका रही जनता

उन्होंने मंईयां योजना पर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 56 लाख से अधिक लोगों के खाते में मंईयां योजना का लाभ दिया है लेकिन, इसकी एक बड़ी कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। राज्य के वृद्ध, विधवा, दिव्यांग को मिलने वाले पैसे उनके खाते में नहीं जा रहे हैं। सरकार को इस मामले पर खेद प्रकट करना चाहिये। इस बार के अनुपूरक बजट में एक विभाग को मात्र 2100 रुपया ही दिया गया है। राजनीतिक हनक को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री यदि सारी सिस्टम को बैठा दें तो इसका नुकसान पूरे राज्य को भुगतना होगा। 450 रुपये में गैस सिलिंडर देने के मामले मैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम का अपने वादे से मुकर जाना कोई नई बात नहीं है।

## बाबा साहेब को संसद में अपमानित करने वाली भाजपा को संविधान गौरव अभियान चलाना उचित नहीं : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संविधान को मजाक बनाने वाले और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को संसद में अपमानित करने वाली भाजपा के नेता संविधान गौरव अभियान चलाने की बात करते हैं, यह किसी सस्ते चुटकुले से कम नहीं। उक्त पलटवार भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी द्वारा दिए गए बयान पर करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कही।

सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा का जनमत संग्रह अभियान, संविधान बचाने का नहीं बल्कि संविधान बदलने के लिए चलाया जाएगा। संविधान बदलने की बात करने के कारण ही 2014 में अकेले बहुमत प्राप्त करने वाली भाजपा आज बैशाखी पर सरकार चला रही है। भाजपा धार्मिक आधार पर देश में विभाजन की नीति अपना रही है। आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति को समाज की मुख्य धारा से हटाना चाहती है। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने वाली कांग्रेस को गोडसे के अनुयायी आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जनता ने केंद्र से लेकर झारखंड तक उन्हें उनका असली चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन द्वारा जारी 7 गारंटी में से पहली गारंटी के रूप में 56 लाख महिलाओं के खाते में रुपये 2500 का लाभ दिया गया जिससे भाजपा औंधे मुंह गिर पड़ी है, उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है इसलिए मदहोशी के आलम में कुछ भी बोल रहे हैं।

अमर बाउरी खुद अपनी पार्टी की नीतियों के चलते हार का मुंह देख चुके हैं, उन्हें चिंतन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार कर्ज लेने की बजाय कर्ज चुका रही है। किसी भी विभाग के बजट में कटौती की बजाय अनुपूरक बजट में पैसे दिए गए। राजस्व के नए स्रोत की तलाश की जा रही है। सारे विभागों में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सरकार की कार्य संस्कृति के कारण ही केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय पर झारखंड को बोनस दिया जा रहा है।

सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नीत राज्य सरकार में भाजपा द्वारा चुनाव पूर्व की गई घोषणाएं कूड़ेदान में फेंकी जा रही है और झारखंड में भाजपा आरोप लगा रही है। राजस्थान, असम, हरियाणा, मणिपुर, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्य में सैकड़ो उदाहरण है। झारखंड में महागठबंधन सरकार की पहली गारंटी पूरी हुई अन्य भी पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर 12 सांसद झारखंड से आते हैं जिसमें से दो केंद्रीय मंत्री हैं। झारखंड के हक के पैसों के लिए प्रधानमंत्री के सामने उन्हें आवाज उठानी चाहिए। जिस जनता के लिए घोषणायें की गई है उन्हें महागठबंधन सरकार पर पूरा भरोसा है हम उनके भरोसे पर खरा उतरेंगे। भाजपा नेता अपनी खीझ मिटाने का दूसरा रास्ता तलाशे।

# सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से मांगी अफीम की खेती नष्ट करने की पूरी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से कितनी अफीम की खेती को नष्ट किया गया है, इस संबंध मं रिपोर्ट मांगी है। सीआईडी के डीजी और झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची, चतरा, पलामू, चाईबासा, हजारीबाग, लातेहार और खूंटी जिले के एसपी से रिपोर्ट मांगी है। सीआईडी के द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि वर्तमान फसलीय वर्ष 2024-2025 में अवैध अफीम की खेती से प्रभावित विभिन्न जिलों में विनष्टिकरण की कार्रवाई की जा रही है।

**डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे :** इस संबंध में एनसीबी के जोनल डायरेक्टर ने कहा है कि वह क्षेत्र जहां पूर्व में बड़ी मात्रा में अफीम की खेती की गयी हो अथवा वर्तमान में किये जाने की संभावना है, ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर उसकी विवरणी उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि एनसीबी द्वारा हाई डेंसिटी सेटेलाइट इमेज उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे आगामी दिनों में होने वाली संभावित अफीम की खेती को चिन्हित कर नष्ट किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार सभी आठ जिलों के एसपी अफीम की खेती को नष्ट करने की रिपोर्ट सात जनवरी तक सीआइडी के आइजी को भेजेंगे। इसके बाद डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे।

## इंडी गठबंधन के लिए प्रपंच था 450 रुपये में सिलिंडर देने का वादा : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से पोस्ट करते हुये लिखा कि चुनाव के दौरान किये गये वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह जायें, तो यह न केवल जनादेश का अपमान है। बल्कि जनता के भरोसे के साथ छल भी है। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर और 3200 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था। उन्होंने कहा कि अब हेमंत सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री गण बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है। बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। उन्होंने कहा कि जनता समझ चुकी है कि 5 लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिये एक प्रपंच था।

## भाजपा बताये, कहां गये जेंडर बजट के 6000 करोड़ : राधाकृष्ण किशोर

**रांची।** नामकुम के आर्मी ग्राउंड में सोमवार को आयोजित मंईयां सम्मान योजना समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में जो 6000 करोड़ रुपए का जेंड़र बजट लाया था, वह कहां गया। महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे क्यों नहीं बढ़ीं। वर्ष 2017-18 में देवघर को छोड़कर कहीं भी महिला छात्रावास क्यों नहीं बन पाया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वितरित किए गए 38 लाख गैस चूल्हे किस स्थिति में हैं, यह भाजपा को बताना चाहिये।

**अब बहन-बेटियां किसी के आगे हाथ नहीं पसारेंगी**

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद सिर्फ हेमंत सरकार ने ही आधी आबादी के बारे में सोंचा है। आज महिलाओं के लिए आराधना का दिन है। बहन-बेटियों को 2500 रुपए प्रतिमाह मिलना शुरू हो गया है। इस राशि से राज्य से पलायन रुकेगा।

## गर्भवती की मौत मामले में पति गिरफ्तार, देवर और सास के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**रांची।** पलामू के हुसैनाबाद में दहेज के लिए गर्भवती महिला की मौत मामले में पलामू पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले में 23 जनवरी तक सरकार से अब तक हुई कार्रवाई के संबंध में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मृतका के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसकी सास एवं देवर के खिलाफ संबंधित कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ जल्द अनुसंधान पूरी कर चार्जशीट दाखिल किया जाएगा।

बता दें कि 9 अक्टूबर 2024 को अखबार में छपी खबर के आलोक में हाइकोर्ट कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि मृतका के पिता ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह पलामू एसपी से किया था।

# हाई कोर्ट में उपस्थित हुईं गृह सचिव होमगार्ड डीजी आज होंगे उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** होम गार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं। वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस. एन. पाठक की अदालत ने अगली सुनवाई में होमगार्ड के डीजी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मामले में अब मंगलवार को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया था कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा था कि यदि 5 जनवरी तक एरियर का लाभ नहीं दिया जाता तो कोर्ट ज़िम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा। दरअसल, 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होम गार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है। यह जानकारी कोर्ट में हो रही सुनवाई के दौरान उपस्थित झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

## खादी मेले का समापन समारोह आज

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और उद्योग विभाग की ओर से आयोजित 18 दिनी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का समापन मंगलवार को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह के अलावा खादी बोर्ड की सीइओ सुमन पाठक रहेंगी। समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे होना है। जानकारी के अनुसार समापन समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और स्थानीय विधायक सीपी सिंह को भी निमंत्रण दिया गया है।

### भू-राजस्व विभाग ने सभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक को लिखा पत्र

# राज्य के सभी बड़े और छोटे खनिजों के खनन पट्टे की होगी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मेजर मिनरल एवं माइनर मिनरल से संबंधित खनन पट्टों की जांच की जायेगी। निबंधन खनन पट्टों में कंसीडरेशन अमाउंट स्पष्ट रूप से अंकित है या नहीं? इसकी विशेष रूप से जांच की जायेगी। इसके लिए संबंधित जिला अवर निबंधक, अवर निबंधक को इस संबंध में निर्देश भी देने को कहा गया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में सभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश दिया है।

#### सहकारी संस्थाओं व दस्तावेजों की भी जांच

मिली जानकारी के अनुसार राज्य के जितने भी बड़े और छोटे खनिज खदानों को जो खनन पट्टा दिए गए हैं, अब उसकी जांच की जाएगी। एजी द्वारा जताई गई आपत्ति के साथ विभिन्न सहकारी संस्थाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन किए गए दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। गलत पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। लैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट की ओर से निबंधन कार्यालयों के निरीक्षकों को लिखे पत्र में कहा गया है कि सरकार के प्राधिकृत सदस्य द्वारा खनन पट्टा का का निष्पादन किया गया है या नहीं? साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सरकार का प्राधिकृत सदस्य निबंधन कार्यालय में उपस्थित रहा या नहीं, इन सभी की जांच की जाएगी। साथ ही निबंधन और मुद्रांक शुल्क की भी जांच की जाएगी। गलत पाये जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।


**खोया-पाया**

मेरा नाम सविता कच्छप है। मेरी स्कूल के कुछ मूल दस्तावेज एवं JSSC विज्ञापन संख्या-14/2023 का परीक्षा केंद्र द्वारा सत्यापित admit card, दिनांक-27.12.2024 को कांके रोड से गुजरते समय गिर गया। मिलने पर 8084526749 पर संपर्क करें।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 24.01.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-109,** मानीकुई स्टेशन में 70 मी. लंबाई के एक सिक साइडिंग एवं दोनों अप एवं डाउन ग्रिड प्रत्येक में एक लूप लाइन के लिए प्रस्ताव के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा लागत:** रु. 2,51,00,946.92, **बयाना राशि:** रु. 2,75,500/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-110,** झारसुगुड़ा में एलईडी आधारित कोच इंडिकेशन डिस्प्ले एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड (आईपीआईएस) एवं पीए सिस्टम और जीपीएस क्लॉक का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.1,21,63,911.63, **बयाना राशि:** रु. 2,10,800/-, **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 हेतु 12 माह और क्रम सं. 2 हेतु 06 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। (PR-982)


### मंईयां सम्मान : झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन

# मेरी बहनों और दीदियों के चेहरे पर सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी

**रांची।** आज इस सार्वभौमिक योजना के पांचवें महीने में, 18-50 वर्ष की आयु की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक प्रदान की गयी। यानि वर्ष में 30,000 रुपये, बिना किसी देरी और बिना किसी को खुशामद किए हुए। मंइयां सम्मान के माध्यम से हम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को लक्षित कर उनके वित्तीय स्वतंत्रता के इस संघर्ष में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। तस्वीर बदल रही है। मेरी बहनों, दीदियों के चेहरे पर मंईयां सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी बन रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था पुनः चल पड़ी है।

सार्वभौमिकता ना सिर्फ इस योजना की प्रकृति है बल्कि इसकी आधार शक्ति भी है। यही वजह है कि किसी महिला की आर्थिक स्थिति को इस योजना के योग्यता के मानक में शामिल किए बिना, बिना जटिल कागजी प्रक्रिया के - 18 से 50 आयु वर्ग की सभी महिलाओं को मंईयां योजना का हकदार बनाकर आपकी अबुआ सरकार ने उन त्रुटियों को समाप्त कर दिया है जो पूर्व में कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य को हासिल करने में बाधक बनती थी।

यह सार्वभौमिक योजना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करती है। मेरा अटूट विश्वास है कि एक परिवार की 18-50 वर्ष की हर बहन को 2,500 रुपये मासिक और 30,000 रुपये सालाना उपलब्ध कराने से परिवार की आय में परिवर्तनकारी वृद्धि होगी, विशेष रूप से झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता पारंपरिक रूप से बहुत सीमित रही है।

वैश्विक आर्थिक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। महिलाएं आमतौर पर पुरुषों की तुलना में परिवार के कल्याण में अपनी आय का अधिक हिस्सा निवेश करती हैं। महिलाओं का यह गुण मंईयां सम्मान को एक साधारण कल्याण योजना की बजाय झारखंड की भावी पीढ़ियों के लिए एक रणनीतिक निवेश साबित होगी। निश्चित रूप से यह योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है।

इस योजना का वित्तीय समावेशन का पहलू विशेष ध्यान देने योग्य है। महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण से हम पहली बार लाखों महिलाओं को




औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में ला रहे हैं। इस समावेशन के कई लाभ हैं - बैंकिंग क्रेडिट हिस्ट्री बनने से उचित दरों पर ऋण की उपलब्धता हो पाएगी। इसका प्रभाव व्यक्तिगत लाभ से परे है; यह ग्रामीण झारखंड के पूरे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जबकि शोषक साहूकारों की पकड़ को व्यवस्थित रूप से कमजोर करता है।

मेरा मानना है कि महामारी के बाद मंईयां सम्मान योजना लागू होने का यह समय ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोविड-19 का आर्थिक प्रभाव विशेष रूप से लिंग आधारित रहा है। महिलाओं को नौकरी छूटने और आय के अवसरों में कमी का अनावश्यक बोझ उठाना पड़ा है। आर्थिक सुरक्षा के साथ साथ यह योजना उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करती है। जब महिलाओं के पास क्रय शक्ति होती है, तो स्थानीय बाजार फलते-फूलते हैं, जिससे आर्थिक विकास का एक अच्छा चक्र बनता है। इसकी मजबूत नींव आपकी अबुआ सरकार ने रख दी है।

सरकार के इस तरह के सार्वभौमिक कार्यक्रम के राजकोषीय निहितार्थों पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को इसे केवल व्यय की बजाय, एक निवेश के रूप में जानना समझना चाहिए। इस योजना पर खर्च की जा रही राशि हमें कई रूपों में वापस मिलेगी कई - जैसे आकस्मिक स्वास्थ्य समस्त पर कम खर्च, परिवार में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर पोषण को बढ़ावा एवं इसके कारण कम सामाजिक कल्याण खर्च के रूप में। इसके अलावा, बढ़ी हुई खपत के माध्यम से उत्पन्न आर्थिक गतिविधि कर राजस्व को बढ़ावा देगी। यह एक वाइब्रेंट स्थानीय अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूती देगी जिसका खाका मेरी सरकार ने खींच लिया है। योजनाओं को लेकर हमारा यह दृष्टिकोण कल्याणकारी राज्य की सोच में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी समाज के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए यह अनिवार्य है की लोगों की जरूरत को समझा जाए, और यह तय करने के पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के बजाय, हम महिलाओं पर अपने परिवारों के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने पर भरोसा करते हैं। नियमित आय का प्रवाह महिलाओं को उनकी अपनी परिस्थितियों के अनुकूल योजना बनाने, बचत करने और निवेश करने में सक्षम बनाता है। जिससे वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है।

इस योजना का मंईयां सम्माननाम आर्थिक तौर पर मजबूत नींव प्रदान करते हुए, हमारी झारखंडी विरासत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। हमारे देश के अन्य हिस्सों में और साथ ही झारखंड में, महिलाएं घरेलू काम, बच्चों की देखभाल और कृषि गतिविधियों में अनगिनत घंटे बिताती हैं - ऐसे योगदान को ऐतिहासिक रूप से स्वीकारा नहीं गया, ना ही इसके लाभ दिए गए। यह मासिक भुगतान इस तरह की केयर इकोनॉमी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनके काम के लिए कुछ हद तक आर्थिक मान्यता प्रदान करता है।

मैं मंईयां सम्मान का समर्थन करने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय भी करना चाहता हूं। प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए आज के सूचना तकनीक का लाभ उठाकर, हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में पहले हुए कमियों को दूर करने का प्रयास भी कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों की पहुंच महिलाओं के बीच वित्तीय और तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देती है, उन्हें तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करती है। वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण का संयोजन हमारी महिलाओं को वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए तैयार करता है। ऐसे ही तो बनेगा सोना झारखंड।

इस योजना के पर्यावरणीय निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं - शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं के पास अधिक आर्थिक तंत्र होती है, तो वे संसाधन प्रबंधन में अधिक टिकाऊ विकल्प चुनती हैं। झारखंड में जहां महिलाएं पारंपरिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वहां बेहतर वन संरक्षण, अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियां और बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हो सकता है। श्रम बाजार के परिणाम भी यहां उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुनियादी आय की गारंटी के साथ महिलाएं अपनी रोजगार वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति प्राप्त करती हैं। वे शोषणकारी कार्य स्थितियों को अस्वीकार कर सकती हैं। साथ ही बेहतर काम के अवसरों की तलाश में समय लगा सकती हैं। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने की स्थिति और मजदूरी में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है, जहां हमारी कई महिलाएं कार्यरत हैं।

साथ ही मैं सबको आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस अभूतपूर्व पहल को लागू करते समय, हम आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सचेत हैं। योजना का सुचारू रूप से जारी रखना, साथ ही पूरी पारदर्शिता बनाए रखना एवं राज्य के खजाने को बिना किसी पर भार दिए भरना और इस योजना की सार्थकता को लगातार मापने हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि योजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो, हम फीडबैक और परिणामों के आधार पर नियमित मूल्यांकन और समायोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आजादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं। जय हिंद, जय झारखंड

**आपका मुख्यमंत्री,**
**हेमंत सोरेन**
**झारखंड**

# झारखंड में बनेगा कृषि अभियंत्रण निदेशालय विशेष कमेटी में राजेश प्रसाद सिंह भी शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कृषि अभियंत्रण निदेशालय बनेगा। इसे लेकर केंद्र की विशेष कमिटी में झारखंड एग्रीकल्चर मशीनरी टेस्टिंग सेंटर में कार्यपालक पदाधिकारी राजेश प्रसाद सिंह को शामिल किया गया है। बताते चलें कि केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों में कृषि अभियंत्रण निदेशालय बनाने की योजना बनाई है। इसे लेकर संसद की स्थाई समिति ने अनुशंसा की थी। इसके तहत राज्य में भी कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अलग निदेशालय स्थापित किया जाएगा। इस नई पहल के लिए केंद्र ने एक विशेष कमेटी का गठन किया है, जो कृषि अभियंत्रण निदेशालय के गठन की रूपरेखा पर विचार करेगी।

**पूर्व कृषि सेवा अधिकारी रहे हैं राजेश प्रसाद** : कमेटी में झारखंड के सेवानिवृत्त कृषि सेवा अधिकारी राजेश प्रसाद सिंह को भी शामिल किया गया है। राजेश प्रसाद सिंह वर्तमान में झारखंड एग्रीकल्चर मशीनरी टेस्टिंग सेंटर में कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

### कृषि नीति पर अहम सुझाव देगी कमिटी

कमेटी के अध्यक्ष तमिलनाडु इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ आज मुरूगन होंगे। कमेटी में विभिन्न राज्यों के कृषि और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इनमें बिहार के डॉ प्रीतम चंद्र, पश्चिम बंगाल के डॉ प्रवीण विश्वास, डॉ विजय कुमार (डिपार्टमेंट ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी) और आईसीएआर के डॉ देवेंद्र ढींगरा शामिल हैं। कमेटी के द्वारा कृषि नीति पर अहम सुझाव दिए जाएंगे। इसके आधार पर केंद्र सरकार अपनी नीति तय करेगी और भविष्य में कृषि यंत्रीकरण को लेकर योजनाओं को लागू करने का कार्य करेगी।

**ओटीसी ग्राउंड के पास रैम्प बनकर तैयार, राजभवन के पास निर्माण जारी**

# रातू रोड फ्लाईओवर का उपहार जल्द

विशेष संवाददाता



**रांची।** झारखंड की जनता को जल्द ही रातू रोड फ्लाईओवर का उपहार मिलने वाला है। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ओटीसी मैदान के पास रैंप भी बनकर तैयार हो गया है। राजभवन के सामने रैंप का निर्माण कार्य चल रहा है। इटकी रोड में बनने वाले रैंप पर भा काम चल रहा है। 291 करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहे इस कॉरिडोर में 101 पिलर बनाया गया है। यह कॉरीडोर 3.50 किमी तक बनेगा।

**मई-जून तक काम पूरा होने की संभावना** : अब इसमें केवल अलकतरा देना बाकी रह गया है। पिस्कामोड़ की तरफ से छत में अलकतरा देने का काम चल रहा है। छत की दोनों ओर डिवाइडर लगभग बनकर तैयार हो गया है। फ्लाइओवर के नीचे वाली सड़क को भी दुरुस्त किया जा रहा है। बारिश का पानी रोड पर न जमे इसके लिए नाली का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है। काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि काम तेजी से हो रहा है। मई जून तक रोड का पूरा काम पूरा होने की संभावना है।

**एक लाख से अधिक लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति** : रातू रोड कॉरिडोर के निर्माण में छत ढलाई का 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके बन जाने से रातू क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों से शहर आने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। इस कॉरिडोर के बन जाने से पंडरा, आईटीआई, रातू, मांडर, ब्राम्बे व रवि स्टील के लगभग एक लाख लोगों को जाम से निजात मिल जाएगी। रातू रोड का कॉरिडोर का निर्माण जुलाई 2022 में काम शुरू किया गया था। वहीं सभी मुख्य रोड को एनएच से जोड़ने का प्रयास हो रहा है, ताकि एक राज्य से दूसरे राज्य में आवाजाही सुलभ हो सके। फिलहाल आइटीआइ रोड में पिलर और कैप में गटर चढ़ाने का काम जारी है।

**झारखंड की कला संस्कृति से रूबरू होंगे लोग** : झारखंड का पहला कॉरिडोर होगा जहां पर झारखंड के शहीदों व महापुरूषों की जीवनी दिखेगी। इसके साथ ही झारखंड की सोहराई पेटिंग्स भी कॉरिडोर के पिलरों में उकेरी जाएगी। लोगों को झारखंड की कला संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

**केंद्र की भाजपा सरकार पर महिलाओं की उपेक्षा का लगाया आरोप**

# देशभर में हो रही मंइयां सम्मान योजना की चर्चा : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नामकुम में कहा कि हमलोग एक नई ऊंचाई को छूने की तैयारी में जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य सदियों से गरीबी, पिछड़ापन, कुपोषण, शोषण, विस्थापन सहित कई तरह की प्रताड़नाओं से गुजरता रहा है। जबकि आजादी के बाद इस राज्य ने पूरे देश का पेट भरने का काम किया। यहां के लोग भूखे, प्यासे और नंगे बदन रहने को मजबूर हुए। गरीबी दूर करने और महिला सशस्तिकरण के लिए राज्य और देश के अंदर बड़े-बड़े कायदे कानून भी बने। लेकिन पिछड़ापन कम नहीं हुआ।

**आधी आबादी विकास से कोसों दूर** : भारत को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लेते हैं, लेकिन यह बड़ी विचित्र बात है कि आधी आबादी विकास से कोसों दूर है। ऐसे में देश और राज्य का विकास कैसे हो सकता है। आज महिला और पुरूष कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की क्षमता रखते हैं, लेकिन महिलाओं की ताकत का रास्ता नहीं निकला। एक हल के दो बैल एक साथ नहीं चलेंगे तो कोई फसल नहीं उग सकता। आज राज्य सरकार ने जो कदम उठाया है, उसकी चर्चा देशभर में हो रही है। पिछले चुनाव में महिलाओं ने कमाल कर दिया। आधी आबादी के हक और अधिकार और उन्हें स्वालंबी बनाने का संकल्प लिया गया था, इसी कड़ी में ये कदम उठाया गया है।

### इससे आप गैस सिलेंडर भी खरीद सकते हैं

सीएम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कई चीजें तेजी से बदलेंगे। राशन, बिजली फ्री किया गया। धोती-साड़ी से लेकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई तक में मदद की जा रही है। इन पैसों से गैस के सिलेंडर भी खरीद सकते हैं। किताब कलम कपड़ा भी खरीद सकते हैं। पौष्टिक आहार खरीद कर बच्चों को स्वास्थ्य भी बना सकते हैं। पैसा नहीं रहने के कारण गरीब अनाज और बच्चों की साइकिल तक बेच देते थे लेकिन अब इसकी जरूरत नहीं होगी। पैसे का मूल्य महिलाओं से ज्यादा कोई नहीं जान सकता। ईमानदारी से यह व्यवस्था चलेगी तो गरीबी और पिछड़ापन का कालिख मिटने में देर नहीं लगेगी। आजादी के पहले और बाद में कई बड़ी-बड़ी प्रतिष्ठानें लगीं। राज्य का भला नहीं हो पाया। गरीब और गरीब होते चले गए।

### रैंप पर चलकर सीएम ने की महिलाओं से बात

मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अपने आप में अनोखा रहा। इस कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन की जबरदस्त इंट्री हुई। मंच के सामने बने रैंप पर चलकर सीएम हेमंत सोरेन स्टेज पर पहुंचे। रैंप पर चलते हुए हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने वहां मौजूद महिलाओं के बीच पुष्प वर्षा की। महिलाओं ने भी जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सीएम ने रैंप पर चलकर महिलाओं से बात की। पूछा इस पैसे का क्या उपयोग कीजिएगा। महिलाओं ने कहा कि इस पैसे का उपयोग छोटे-छोटे खर्च में करेंगे। सास-ससुर के पास हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। भविष्य के लिए बचत भी करेंगे। बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर खर्च करेंगे।

### बीते चुनाव में आप सब ने कमाल कर दिया

हेमंत सोरेन ने महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने विगत चुनाव में कमाल कर दिया। आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया, उसके लिए आपको कोटि-कोटि प्रणाम। हमने वादा किया था कि राज्य की आधी आबादी को उनका हक-अधिकार दिलायेंगे। उनके सपनों को पूरा करने में हम मदद करेंगे। आपको स्वावलंबी बनाने का भी हमने संकल्प लिया था। आप पर घर-परिवार की जिम्मेदारी तो होती ही है। इस ऐतिहासिक कदम के जरिये अब राज्य के विकास का भी जिम्मा आपके कंधे पर डाला है। झारखंड को विकसित राज्य के पायदान में पहुंचाने में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है।

### समूह में 500 से 1000 रुपए भी कर सकते हैं जमा

सीएम ने कहा कि महिलाएं समूह में 500 से 1000 रुपए भी जमा कर सकती है। एक महिला ने कहा कि दैनिक खर्च के साथ बेटी की पढ़ाई पर खर्च करेंगे। पोषण पर खर्च करेंगे। पहले पति पर निर्भर रहते थे, अब गर्व के साथ खर्च करेंगे। एक महिला ने कहा कि जो पैसा मिला, उससे बच्चे का फीस दे दिये।

### तख्तियां हिलाकर सीएम हेमंत का जताया आभार

मंईयां सम्मान समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने योजना के तहत 56 लाख महिलाओं के खाते में 2500 रुपये सम्मान राशि ट्रांसफर की। खाते में पहली बार 2500 मिलने पर महिलाएं खुशी से झूम उठीं। सभी ने तख्तियां हिलाकर सीएम हेमंत सोरेन का आभार जताया। कार्यक्रम स्थल पर जमकर आतिशबाजी की गयी।

### राजकीय शोक के कारण स्थगित हुआ था कार्यक्रम

बताते चलें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान समारोह पहले 28 दिसंबर को होने वाला था। लेकिन पूर्व पीएम मनमोहन सिंह निधन के बाद राज्य में सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की गयी थी। जिसके कारण इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। हालांकि 26-27 दिसंबर को टेस्ट के तौर पर हर जिले की महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर हुए थे।

# झारखंड पुलिस मुख्यालय समेत सभी जिलों में परेड का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय और राज्य के सभी जिले और पुलिस इकाईयों में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। सोमवार को सुबह नौ बजे पुलिस मुख्यालय और राज्य के सभी जिले और इकाईयों में पदस्थापित और प्रतिनियुक्ति पुलिस पदधिकारी और कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए साप्ताहिक परेड का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस परेड में आरक्षी से पुलिस निरीक्षक संवर्ग के पदाधिकारी और कर्मी भाग लिए। यह परेड नियमित रूप से अगले आदेश तक आयोजित किया जायेगा।

# रांची में 10 से 15 फरवरी तक 68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन

**1500 पुलिस अधिकारी और कर्मियों के भाग लेने की संभावना**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट) का आयोजन इस बार रांची में होना है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। इस पुलिस ड्यूटी मीट में आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के खिलाफ कार्रवाई के तरीकों को साझा किया जाएगा, ताकि इन समस्याओं पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही की जा सके। इस पुलिस ड्यूटी मीट में आंध्र प्रदेश, बिहार, बीएसएफ, छत्तीसगढ़, सीआरपीएफ, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईटीबीपी, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरला, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, रेलवे सुरक्षा बल, एसएसबी, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के दल शामिल होंगे। इसमें लगभग 1500 पुलिस अधिकारी और कर्मियों के भाग लेने की संभावना है, जो देश के सभी राज्यों की पुलिस और अन्य संगठनों से संबंधित हैं।

### क्या है अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट



अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट एक वार्षिक आयोजन है, जहां देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल एक साथ आते हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों के बीच अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करना, नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी देना और अपराध से निपटने के लिए बेहतर रणनीतियां विकसित करना है।

### यह आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में विभिन्न राज्यों के पुलिस अधिकारी अपने-अपने अनुभवों को साझा करेंगे, जिससे सभी को सीखने का मौका मिलेगा। इस आयोजन में नवीनतम तकनीकों और उपकरणों का प्रदर्शन किया जायेगा, जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। विभिन्न राज्यों के पुलिस बल के बीच समन्वय बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे अंतरराज्यीय अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। आतंकवाद, नक्सलवाद और साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर रणनीतियां विकसित की जायेंगी।

**खबर एक नजर में**

### सीएम से मिले एसपी प्रभात कुमार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एसपी प्रभात कुमार ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें अपनी ओर से नूतन वर्ष की मंगलकामनायें दी।

### उपायुक्त मनीष कुमार मिले सीएम से

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में उपायुक्त मनीष कुमार ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें अपनी ओर से नूतन वर्ष की मंगलकामनायें दी।

### वित्त मंत्री से मिले कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा



**रांची।** कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात कर फूलों का गुलदस्ता देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। रोहित ने मंईयां योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए देने के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि इस राशि से राज्य की लाखों महिलाओं को आर्थिक मदद पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री द्वारा आगामी बजट लोक कल्याणकारी होने की घोषणा पर भी आभार जताया। कहा कि आप के निर्णय से हेमंत सरकार की जनता के प्रति किए गए वायदे को पूरा करने के संकल्प को प्रदर्शित करती है।

# मंत्री दीपिका के जनता दरबार में जमीन और आवास के साथ हुई बीडीओ-सीओ की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जन समस्याओं के समाधान की सीधी पहल प्रदेश कांग्रेस ने शुरू कर दी है। इस क्रम में कांग्रेस भवन में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने 20 लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान का निर्देश भी दिया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित और तीव्र गति से कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में आए कुल 20 मामलों में अबुआ आवास की किस्त भुगतान के लिए तीन, आवास आवंटन के दो, जमीन संबंधित छह मामले, नामांकन के लिए दो, सड़क नाली के पांच, आपदा के तहत मुआवजा भुगतान के संबंध में एक और गुमशुदगी का एक मामला मंत्री के संज्ञान में लाया गया।

मंत्री दीपिका ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। इस क्रम में मंगलवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी जन समस्याओं को सुनेंगे और समाधान की पहल करेंगे। स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग की समस्याओं को भी मंत्री के समक्ष आम लोगों रख सकते हैं। जनता दरबार में मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति, कमल ठाकुर, राजेश सिन्हा सन्नी, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, राजू राम, नरेंद्र लाल गोपी, संजय कुमार भी उपस्थित रहे।

**अबुआ आवास बिल्कुल नयी योजना** : मंत्री ने कहा कि यह सरकार आम लोगों के हित की सरकार है। आज के जनता दरबार में मुख्य शिकायत आंचल और प्रखंड कार्यालय से संबंधित आए। आसानी से और समय सीमा में दूर हो सकने वाली शिकायतों को अधिकारी अविलंब दूर करेंगे। जब कोई बड़ी योजना चलती है तो कुछ शिकायतें आती हैं। अबुआ आवास बिल्कुल नई योजना है, शायद यही वजह है कि इसके क्रियान्वयन में कुछ शिकायतें आईं, जिसे दूर किया जा रहा है। अबुआ आवास के मामले में अधिकांश शिकायतकर्ता ऐसे हैं, जिन्हें पहले किसी अन्य आवास योजना से आवास आवंटित हो गया है, लेकिन तीन कमरों का आवास शौचालय एवं किचन के साथ अबुआ आवास लोकप्रिय योजना है और लोग चाहते हैं कि उन्हें अबुआ आवास मिले, लेकिन पहले से लाभुक व्यक्तियों को यह नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के सर्वे के अनुसार अभी झारखंड में 24 लाख आवास की आवश्यकता है। केंद्र सरकार के सर्वे के अनुसार 16 लाख आवास की आवश्यकता है। हमने मांग की है कि झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यक आवासों का आवंटन केंद्र सरकार करे। झारखंड सरकार की ओर से अभी 6.50 लाख आवास का आवंटन किया गया है, जो बनने और आवंटन की प्रक्रिया में है।

**केंद्र झारखंड की योजना को मॉडल बनाकर काम करे** : मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की योजना को मॉडल बनाकर तीन कमरों का शौचालय किचन सहित आवास बनाये, ताकि महिलाओं और अन्य लोगों को बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी झारखंड को सिर्फ 125000 आवास का आवंटन हुआ है जबकि आवश्यकता केंद्र के अनुसार 16 लाख आवास की है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष सारे तथ्यों को रखा गया है। हमने मांग किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली 1.2 लाख की राशि को 02 लाख रुपये किया जाए। अगर केंद्र सरकार जनता को छत मुहैया कराना चाहती है तो आवास की राशि और आवासों के आवंटन की संख्या बढ़ानी चाहिए।

# विवाह व चेक अनादरण संबंधी विशेष लोक अदालत 22 फरवरी को, तैयारी जोरों पर

**रांची।** झालसा के निर्देश पर विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदलात का आयोजन 22 फरवरी को होगा। 17 फरवरी से 21 फरवरी तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी। डालसा रांची की तैयारी जोरों पर है। पारिवारिक न्यायालयों और एन. आई. एक्ट न्यायालय से वादकारियों को अधिक से अधिक नोटिस भेजा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा है कि लोक अदालत में अधिक से अधिक विवाह एवं चेक अनादरण संबंधित वादों का निस्तारण करने का लक्ष्य है। इसके लिए न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं और संबंधित लोगों को नोटिस भी भेजा जा रहा है।

# वनभोज की सफलता पर झामुमो ने कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति ने नववर्ष के वनभोज सह मिलन समारोह के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं का किया आभार जताया। झामुमो रांची जिला समिति ने बीते रविवार को नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर रांची रिंग रोड, सेंबो स्थित रेनबो रिवर वॉटरपार्क मे संपन्न हुए पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम जी ने की। कार्यक्रम काफी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय नेतागण, विधायक, जिला के पदाधिकारी और प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यकतागण शामिल हुए। इस दौरान 200 लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सचिन सिंह, रौनक कुशवाहा एवं जिला के पदाधिकारियों और विभिन्न वर्ग संगठन के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण योगदान देकर सफल बनाया। झामुमो रांची जिला का ये अबतक का सबसे सफल वनभोज कार्यक्रम रहा। झारखंड में पुनः झामुमो गठबंधन की सरकार बनने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इसको लेकर जिला समिति ने सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

खूंटी मत्स्य कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा

# प्रत्येक पंचायत में ब्रांड एंबेसडर बनायें

- **अब समय आ गया है कि हमलोगों को परंपरागत तरीके छोड़ कर वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करना है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा है कि प्रत्येक पंचायत में ब्रांड एंबेसडर बनायें। डॉ द्विवेदी सोमवार को खूंटी मत्स्य कार्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री पशुपालन एवं सहकारिता शिल्पी नेहा तिर्की के दिशा निर्देश के आलोक में प्रत्येक जिला में मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमलोगों को परंपरागत तरीके छोड़ कर वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करना है। हालांकि, खूंटी जिले में सरकारी जलकरों की संख्या कम है। लेकिन, यहां के किसानों को विभागीय योजना से अधिक से अधिक संख्या में तालाब का निर्माण करना है। इसके लिये जिले में 23 छोटे-बड़े जलाशय हैं। इसमें मछली पालन की अपार संभावनायें हैं। उन्होंने कहा कि जिले का कुल मत्स्य उत्पादन विगत वर्ष में 5700 मे. टन हुआ है। जिले में कुल 100 से ऊपर केज विभिन्न जलाशयों में स्थापित किये गये जिसमें मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

उप मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य मत्स्य बीज उत्पादन का फीड बैक प्राप्त करना है। जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड शिवानी कुमारी ने कहा कि कार्यशील पूंजी के लिये समूह बनाकर लोन प्राप्त किया जा सकता है। किसानों को इसका लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया। रेवती हांसदा ने बताया कि सभी किसानों को अपने जिले के अबंदोबस्त तालाबों की बंदोबस्ती प्राप्त करते हुये मछली पालन करने का सुझाव दिया गया। संजय कुमार ने बताया कि विभाग मछली पालन के साथ-साथ कृषि की अन्य गतिविधियों में भी कार्य कर कर रहा है। कार्यक्रम में विशाल परिधिया, अंजली कुमारी, गायश्री कुमारी, लील मोहन बड़ाईक, अनिशा संगा, प्रेमानन्द मछुवा ने अपने-अपने विचार साझा किया।

# जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ..

- **गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व मनाया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर सजाए गए दीवान की शुरुआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ द्वारा के जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ.. शबद गायन से हुई। इसके बाद गुरुद्वारा के रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने जिऊ पारब्रह्म चित आइया सो घर दय वसाइया..... और तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो..... शबद गायन किया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने गुरमत विचार साझा करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी और उनके चार साहबजादों के बलिदान के बारे में साध संगत को विस्तार से बताया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12 बजे हुआ। आरती साहिब जी का पाठ एवं बधाई का शबद भाई महिपाल सिंह के द्वारा पढ़ा गया। श्री अनंद साहब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 1.30 बजे हुई। सत्संग सभा द्वारा रागी जत्था को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दीवान में सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, नरेश पपनेजा, मनोहर लाल मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरीश मिढ़ा, बसंत काठपाल, अश्विनी सुखीजा, ललित गखड़, रमेश गिरधर, नीरज गखड़, मोहन लाल अरोड़ा, भगवान थरेजा, राकेश गिरधर, राज कुमार सुखीजा, जितेश बेदी, भरत गाबा, प्रताप तलेजा, जितेंद्र मुंजाल, गौरव मिढ़ा, नंद किशोर मिढ़ा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, कमल अरोड़ा, रिक्की मिढ़ा, कमल धमीजा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, राकेश काठपाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, अंजू पपनेजा, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी मक्कड़, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, मंजीत कौर, ममता थरेजा, मनोहरी काठपाल, गूंज काठपाल, किरण अरोड़ा, पायल मल्होत्रा, रजनी तेहरी समेत अन्य शामिल थे।

## माओवादी बच्चा सिंह से एनआईए 13 जनवरी तक करेगी पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआई माओवादी षड्यंत्र मामले में गिरफ्तार बच्चा सिंह उर्फ मुकेश उर्फ बच्चा बाबू को एनआईए ने पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। यह पूछताछ 13 जनवरी की सुबह तक की जायेगी। इसके बाद आरोपी को एनआईए कोर्ट में पेश किया जायेगा। इससे पूर्व मामले के जांच अधिकारी ने कोर्ट में आवेदन देकर 15 दिनों की पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी। अदालत ने आवेदन पर सुनवाई पश्चात 7 दिनों की पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की। बोकारो जिले के बोकारो थर्मल गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह को एनआईए टीम ने 3 जनवरी को गिरफ्तार किया। बच्चा सिंह प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति का राज्य सचिव रह चुका है। वह सीपीआई, माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से जुड़े मामले में नामजद है। एनआईए ने अगस्त 2023 में यूएपी एक्ट और सीएलए एक्ट से संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर, चाईबासा थाना में दर्ज मामलों को अपने हाथ में लेकर जांच कर रही है। बच्चा सिंह सीपीआई, माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं से जुड़ा हुआ था और संगठन की गतिविधियों को धन संग्रह में शामिल था।

# गुरुनानक स्कूल में उल्लास से मनाया गया श्री गुरु गोविन्द सिंह का पावन प्रकाश पर्व

- **डीएवी नंदराज की प्राचार्य रविन्दर कौर को विद्यालय में वीर बाल दिवस के लिए किया गया सम्मानित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व सोमवार को उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुनानक स्कूल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के समापन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हुजूरी रागी भाई प्रदीप सिंह ने सुरीली आवाज में कीर्तन गायन किया। जप मन मेरे गोबिन्द की वाणी साधु जन राम रसण.... असलीन कौर, रसमीत कौर एवं राजबीर सिंह ने शब्द गायन किया। इसमीत कौर के दिशा निर्देश में रणबीर सिंह, हरजस सिंह, अवीर सिंह, सोहन सिंह निरखैर सिंह, हरजप सिंह ने भाई नंदलाल द्वारा रचित वाणी का गायन किया गया। गुरु महेन्द्र सिंह होड़ा ने केश की महत्ता पर कविता, गोबिन्द सिंह पाठ किया। डीएवी नंदराज की प्राचार्य रविन्दर कौर को विद्यालय में वीर बाल दिवस के लिए सम्मानित किया गया। परमजीत सिंह टिन्दू ने गुरुनानक स्कूल की ओर से संगत को बधाई दी। गुरु गोबिन्द सिंह प्रकाश पर्व पर झारखंड सरकार द्वारा छुट्टी घोषित, करने के लिए ज्योति सिंह मथारू उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव सुरजीत सिंह सलूजा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह महासचिव, गगनदीप सिंह सेठी, कुलतार सिंह, रणप्रीत सिंह, ध्यान सिंह, हरमिन्दर बीर सिंह, हरजीत सिंह सिवंकी, रंजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## युवा महोत्सव में भाग लेने पश्चिम बंगाल रवाना हुई रांची विवि से छात्रों की टीम




- **आरयू के वीसी ने टीम को दी अच्छे प्रदर्शन के लिये शुभकामनायें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय से सोमवार को छात्रों तथा टीम मैनेजरों की 48 सदस्यीय टीम पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय के लिये रवाना हुई। वहां यह टीम 8-12 जनवरी तक होने वाले इस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी यूवा महोत्सव में भाग लेगी। आरयू के वीसी प्रो.डा.अजीत कुमार सिन्हा ने टीम के सभी छात्रों को अच्छे प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया तथा शिक्षकों और टीम मैनेजर्स को शुभकामनायें दी हैं। रांची विश्वविद्यालय से चुने गये 42 बेहतरीन छात्र वहां 20 विभिन्न इवेंट्स में भाग लेंगे। इसमें एक इवेंट सांस्कृतिक परेड का भी है जिसमें आरयू के छात्र झारखंड की कला, गीत और संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। इन छात्रों को हाल ही में रांची विश्वविद्यालय में संपन्न हुये रीझ रंग 2024-25 युवा महोत्सव में उनके उम्दा प्रदर्शन और विजयी होने पर चुना गया है। 48 सदस्यों की टीम में 42 छात्रों के साथ ही छह शिक्षक व टीम मैनेजर हैं जिनमें सुजीत कुमार शर्मा, डा. किशोर सुरीन, मनीष कुमार, डॉ. जयमणि, बिपुल नायक व अन्य हैं। रांची विश्वविद्यालय से टीम को डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहु, डॉ बीके सिन्हा, डॉ स्मृति सिंह, डॉ विनोद कुमार महतो व सुमन कुमार महतो ने शुभकामनाओं सहित रवाना किया। हाल के कुछ वर्षों में रांची विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर हुये युवा महोत्सवों में बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।

## बीआइटी मेसरा में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बीआईटी मेसरा के सृष्टि महिला विकास प्रकोष्ठ ने महिलाओं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर केंद्रित एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सृष्टि महिला विकास प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रो. बिंदुलाल द्वारा किए गए स्वागत भाषण से हुई। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत करने की जरूरत पर जोर दिया, विशेष रूप से महिलाओं की भलाई के संदर्भ में। कार्यक्रम में आर्मी स्कूल की काउंसलर जे. तनुश्री सेनगुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने विचारोत्तेजक भाषण में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आत्म-निदान (सेल्फ-डायग्नोसिस) की चुनौतियों और संभावित खतरों पर चर्चा की। पेशेवर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्रीमती सेनगुप्ता ने भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इंटेलिजेंस) की अवधारणा को भी विस्तार से समझाया। इसे मानव बुद्धिमत्ता का एक महत्वपूर्ण रूप बताया, जो मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन में प्रभावी भूमिका निभाता है। उन्होंने अपने संबोधन का समापन एक प्रेरणादायक उद्धरण के साथ किया, मूल्य सिखाए नहीं जाते, वे आत्मसात किए जाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन सृष्टि महिला विकास प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. तनुश्री भट्टाचार्य द्वारा किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा पांडे का सक्रिय सहयोग रहा। उनके समर्पण और प्रबंधन कौशल ने कार्यक्रम की सुचारु रूप से सम्पन्नता सुनिश्चित की। सत्र का समापन एक आकर्षक प्रश्नोत्तर खंड के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने वक्ता के साथ बातचीत की। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर गहन समझ प्राप्त की। यह कार्यक्रम उपस्थित लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझने और इसे अपनी दिनचर्या में प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

## नववर्ष और मकर संक्रांति उत्सव समारोह 15 को


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वयंसेवी संस्था हितकर एक की ओर से 15 जनवरी को नववर्ष एवं मकर संक्रांति उत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। एक सम्मेलन भी होगा। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को विनय सिन्हा दीपू की अध्यक्षता में कडरू ओवरब्रिज के पास एक भवन में बैठक हुई। इसमें आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया। इसमें अमरेंद्र सिंह, ज्योति सिंह मथारू, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर, गुलाम जावेद, संतोष मिश्रा, संतोष कुमार, धनंजय वर्मा, विनय कुमार सिन्हा, शम्स कमर लड्डन, अशरफ, दीपक कुमार सिंह, नवनीत उरांव, गोपाल उपाध्याय, नसीम पप्पू गद्दी, सरफराज, सुनील सिंह, मनिंदर कुमार सिंह, समीर, बेलाल खान, सर्वजीत झा, सोनू सिंह, पापली ओझा शामिल हैं।

# लैब के साथ अब लैंड (जमीनी स्तर) पर भी सीएमपीडीआई कर रही शोध

- **नासेर के माध्यम से ऊर्जा और कोयला क्षेत्र चुनौतियों के समाधान पर जोर**
- **स्थिरता व पर्यावरणीय प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए अनुसंधान किया जाएगा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीएमपीडीआई लैब के साथ अब लैंड (जमीनी स्तर) पर भी शोध कर रही है। यह काम नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड इनर्जी रिसर्च (नासेर) के माध्यम से होगा। सेंटर के चरण-1 की स्थापना रांची स्थित सीएमपीडीआई मुख्यालय में की गई है। इसका उद्देश्य कोयला और ऊर्जा क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के साथ भारत को टिकाऊ ऊर्जा में अग्रणी के रूप में स्थापित करना है।

सीएमपीडीआई के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष अमरकांत मिश्रा ने बताया कि पहले शोध लैब (प्रयोगशाला) में होता था। नासेर की स्थापना होने के बाद इसकी क्षमता और दायरा बढ़ा है। अब व्यापक स्तर पर अनुसंधान का काम हो रहा है। यह सीधे जमीनी स्तर पर किया जा रहा है। काम की प्रकृति के हिसाब से यह खदान, परियोजना क्षेत्रों में हो रहा है।

दुनिया तेजी से विकसित हो रही है। प्रतिस्पर्द्धा तेज है। प्रौद्योगिकियां बिजली की गति से आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। वर्तमान में कोयला ही भारत की ऊर्जा आपूर्ति की आधारशिला है। इसको इन बदलावों के अनुरूप ढलना होगा। अब पारंपरिक तरीकों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। हमें नवप्रवर्तन करना चाहिए। विविधता लानी चाहिए और प्रगति पथ पर आगे रहना चाहिए।

विभाग के महाप्रबंधक डॉ शिशिर दत्ता ने कहा कि कोयला और ऊर्जा क्षेत्र की अनुसंधान एवं विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला मंत्रालय के निर्देशन में नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड इनर्जी रिसर्च (नासेर) की परिकल्पना की गयी थी। नासेर की स्थापना दो चरणों में की जा रही है। चरण-1 को सीएमपीडीआई के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत विकसित किया गया है। यह सीएमपीडीआई में मौजूदा बुनियादी ढांचे और विशेषज्ञता को मजबूत करता है। भविष्य में चरण-2 कोल इंडिया के नेतृत्व के तहत दीर्घकालिक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी विश्व स्तरीय सुविधा की रचना की जाएगी। उपयुक्त स्थल के चुनाव के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

नासेर का उद्देश्य ऐसे अनुसंधान को अंजाम देना है, जो स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए कोयला और ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है। इसका उद्देश्य वैश्विक मानकों का एक राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र बनाना है, जहां पनपते नवप्रवर्तन और उद्योग की चुनौतियों का समाधान परिवर्तनात्मक समाधानों से किया जा सके। स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों और एआई-संचालित खनन से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय संरक्षण तक नासेर ऊर्जा और स्थिरता के भविष्य के लिए लगभग सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से निपटेगा।

हम इस पहल की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक दल बनाने, आईआईटी और एनआईटी जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी करने और स्टार्ट-अप और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उसी के अनुरूप, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद-टेक्समिन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर पहले हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। आईआईटी, हैदराबाद और आईआईटी, मद्रास के साथ समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नासेर का जोर नई तकनीकों को विकसित करना और टीआरएल-4 के सिद्ध अनुसंधान को प्रयोगशाला से धरातल तक लाना है, जिससे वास्तविक दुनिया प्रभावित हो, जो उद्योग के विकास और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों को संचालित करता है। तद्नुसार, फंडिंग का बड़ा हिस्सा ऐसी सभी परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा, जो प्रभावी अनुप्रयोगों में तब्दील हो सकती हैं।

नासेर की स्थापना को कोल इंडिया के आरएंडटी फंड द्वारा समर्थित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ समितियां सुचारू निष्पादन और निरीक्षण सुनिश्चित करेंगी। उसी के अनुरूप, देश भर के विशेषज्ञों की एक सलाहकार विशेषज्ञ समिति बनाई गयी है। विषय विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। नासेर राष्ट्रीय और वैश्विक अनुसंधान में तालमेल को बढ़ावा देगा। यह सुनिश्चित करेगा कि भारत आने वाले दशकों तक ऊर्जा नवाचार में अग्रणी रहे।

## खबर एक नजर में

### शारदा फाउण्डेशन ने किया कंबल वितरण



**रांची।** ठंड के प्रकोप से बचने के लिए शारदा फाउण्डेशन ने काँके स्थित बुकरु ग्राम में जरुरतमंदों के बीच 500 से अधिक गर्म कंबल का वितरण किया। बुकरु ग्राम की महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गों ने इसका भरपूर फायदा उठाया एवं संस्था की सराहना भी की। संस्था के दीपक बंका ने लोगों को जितना हो सके ठंड से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विगत पाँच वर्षों से लगातार यह संस्था ठंड के मौसम में बुकरु ग्रामीण क्षेत्र में जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण करता आ रहा है एवं आगे भी करता रहेगा। इस मौके पर संस्था के दीपक बंका, शहदेव मुण्डा, पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### यूको बैंक का मना 83वां स्थापना दिवस




**रांची।** सोमवार को यूको बैंक ने अपना 83वां स्थापना दिवस मनाया । इस अवसर पर देशभर में यूको बैंक द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । इसी क्रम में यूको बैंक, अंचल कार्यालय द्वारा भूसुर – लालखटंगा अवस्थित बाल आश्रय गृह, आशा सेंटर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत यूको बैंक ने आशा सेंटर को खाद्य सामग्री, दैनांदिन उपयोग की वस्तुएं एवं खेल–सामग्री उपहार के रुप में दिया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय से अंचल प्रबंधक भावना सिन्हा और बैंक के अधिकारीगण पवनकुमार भारती, हरिचंद मुर्मू, दीपक कुमार सिंह, अरुण कुमार, अमित कुमार और कुमार मृणाल उपस्थित थे।

### व्यवसायी महेंद्र ठक्कर का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतुल शाह देव ने शहर के प्रसिद्ध व्यावसायी एवं रघुवंशी स्टोर के संचालक महेंद्र ठक्कर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महेंद्र ठक्कर ने फर्श से अर्श तक की अपनी सफलता की कहानी खुद लिखी। उनका प्रतिष्ठान विश्वसनीयता के लिये दशकों से जाना जाता रहा है। शहर के व्यावसायिक गतिविधियों और समाज सेवा में भी उनके उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनका जाना पूरे समाज के लिये एक अपूर्णीय क्षति है।

### झारखंड पंचायत राज अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र के लिए कानून समझने की आवश्यकता : ग्लैडसन डुंगडुंग

**रांची।** झारखंड पंचायत राज अधिनियम को अनुसूचित क्षेत्र के लिए वैध बताकर तैयार विस्तार नियमावली का समर्थन करने वालों से कानून को समझने का आग्रह किया गया है। आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड के पंचायत कानून व नियमावली के द्वारा पेसा कानून 1996 को लेकर किए गए घालमेल को समझना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून को लागू करने के लिए ही झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियमावली बनी है या इसके द्वारा जेपीआरए को अनुसूचित क्षेत्रों में लागू करने की साजिश है।

### झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की वार्षिक आमसभा आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की वार्षिक आमसभा मंगलवार को लाइन टैंक रोड स्थित ड्यूक मेंशन में होगी। संगठन के संस्थापक दिनेश सोनी ने बताया आम सभा में सभी पर्यवेक्षक, ऑटो चालक, मालिक और महासंघ के पूर्व पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्य समेत अन्य शामिल होंगे। बताया गया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

### श्री श्याम सेवा समिति, चुटिया का द्वितीय वार्षिक समारोह 10 को


रांची। श्री श्याम सेवा समिति चुटिया का द्वितीय वार्षिक समारोह 10 जनवरी को होगा। चुटिया में प्राचीन श्रीराम मंदिर परिसर से निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन तक जाएगी। इसके बाद श्री गणेश वंदना के साथ महोत्सव आरंभ होगा। गायक नीरज जालान, पूजा पारिक समेत अन्य बाबा के दरबार में भजनों की लड़ियां प्रस्तुत कर श्याम भक्तों को झुमाएंगे। रात नौ बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा और भक्तों के बीच महाप्रसाद बांटा जाएगा। महोत्सव को लेकर सोमवार को सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में संगठन की ओर से पोस्टर जारी किया गया। बताया गया कि धार्मिक अनुष्ठान में प्रमोद पोद्दार मुख्य यजमान होंगे। समारोह आयोजन समिति में मुख्य संयोजक दीपक अग्रवाल और सह संयोजक प्रदीप मोदी बनाए गए हैं। पोस्टर जारी करने के मौके पर संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रवि गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, डॉ. भरत कुमार अग्रवाल और अन्य मौजूद थे।


# स्टीम कोयला को लेकर पनप रही है वर्चस्व की आग, मोहन नगर व्यवसायी का कब्जा

## रेजिंग के नाम पर चल रहा अवैध वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के डकरा परियोजना में खुलेआम रेजिंग के नाम पर सेल्स ऑफिसर का अवैध वसूली चल रहा है। कोल डंप में सब्जी मंडी के तरह कोयला छांट कर उठाव करना व कराना पूरा का पूरा सेल्स ऑफिसर के जिम्मे होता है। इसके लिए लिफ्टर व डीओ होल्डरों से स्टीम कोयला देने के नाम पर प्रति टन के हिसाब से अवैध वसूली किया जा रहा है। अवैध वसूली का पूरा मालिकाना हक पीओ व सेल्स ऑफिसर का होता था। इस अवैध वसूली में डीओ होल्डर से स्टीम कोयला (अच्छे गुणवत्ता वाले कोयला) के नाम पर प्रति टन 100 से 125 रुपये तक का वसूली किया जाता था। सब्जी मंडी का भाव का एक स्थानीय गैंग भी है,जिसे लिफ्टरों ने मोहनगर व्यवसायी का गैंग कहते है। सूत्रों ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि उक्त जगह से कुछ सीसीएल कर्मी है, वे लोग सीसीएल के हॉलपेक चलाते है। जिसे लेकर मोहनगर कोल व्यवसायियों का वर्चस्व रहता है। डकरा डंप मंडी में सीसीएल कर्मी हॉलपेक चालक का भी प्रति हॉलपेक 2000 रुपये का डिमांड किया जाता है। लिफ्टर ने बताया कि वर्चस्व के चलते डकरा डंप में बाकी डीओ होल्डर, व लिफ्टरों का ट्रक फंसा हुआ है। ट्रक फंसे रहने पर एमटी आउट कर लोडिंग बंद कर दिया जाता है।





### सीसीएल को करोड़ो का नुकसान

डकरा परियोजना के कोल डंप में अवैध मंडी सजने से सीसीएल को करोड़ो का नुकसान बताया जाता है। जानकार बताते है कि एनके एरिया के डकरा डंप से हजारों टन कोयला उठाव का ऑक्सान हुआ है। ऑक्सान में लिफ्टर व डीओ होल्डर को जेनरल कोयले का उठाव का रेजिंग व परमिशन दिया गया है। लेकिन सीसीएल के अधिकारियों के मिलीभगत से चंद पैसे लेकर स्टीम कोयला उठाव किया जा रहा है। स्टीम कोयला का उठाव में बाकायदा बाहर से लेबर के साथ गैंता, हथौड़ी, कुदाल लेकर डंप में पहुँचकर खुलेआम धंधा चलता है।

## ओरमांझी में वाहन घंटो जाम में फंसे

# सड़क से गुजरने वाले दिनभर रहे परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में जाम में फंसे वाहनों की लाइन।

**ओरमांझी।** मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना कार्यक्रम में जाने वाले वाहनों के साथ कई वाहन घंटो जाम में फंसी रही। सोमवार को राज्य के विभिन्न जिला से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बस में सवार हो मंईया योजना कार्यक्रम जा रहे थी। रांची रामगढ़ पथ पर अत्यधिक वाहनों के दबाव बढ़ जाने से ओरमांझी से इरबा तक वहनो की जाम लग गई थी। बसों के साथ सड़क से गुजर रहे छोटी-बड़ी सभी वाहन सरक-सरक कर आगे बढ रही थी। आधा किमी गुजरने में घंटो लग रहे थें। वहनों के जाम लगने से ओरमांझी थाना पुलिस के साथ पेट्रोलिंग पुलिस भी परेशान रहें। थाना प्रभारी अनिल तिवारी खुद दिनभर सड़क में फंसे वाहनों व जाम खुलवाने में लगे रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम में जाने वाली काफी संख्या में बस के अचानक पहुंचने व नास्ता पानी के रूक जाने से भी सड़क में जाम की स्थिति बन गई थी। इसके अलावे जनवरी माह में पिकनिक मनाने व घुमने जैविक उद्यान व क्षेत्र के अन्य पिकनिक स्पॉट पर पहुंचने वालों की भी वाहन सड़क किनारे खड़ी थी। एक लाइन पर तीन वाहन के साथ बगल से दो पहिया वाहन, चार लेन बन जाने से क्षेत्र के सभी चैक चैराहे पर वाहनों की जाम लग जा रही थी। बताया गया कि कार्यक्रम में जाने वाले महिलाओं के अलावे पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों के साथ सड़क से गुजरने वाले अन्य लोग भी जाम से परेशान रहें। कई महिलाएं जाम के कारण समय पर कार्यक्रम स्थल तक नही पहुंच सके।

## स्पीड न्यूज

### एकदिवसीय किसान मेला का आयोजन

**ठाकुरगांव।** रामकृष्ण मिशन मोराबादी के तत्वाधान में थाना क्षेत्र के बगदा गांव में मंगलवार को एकदिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया है। मेला में बतौर अतिथि विधायक सुरेश कुमार बैठा,उपायुक्त, उपविकास आयुक्त,आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज समेत अन्य अतिथि शामिल होंगे। मेला में बेहतर फसल के नमूनों को समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया जायेगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र महतो ने दी है।

### सड़क किनारे लगी योजना बोर्ड से परेशानी



सड़क किनारे लगी योजना बोर्ड।

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ ओरमांझी से सिकिदिरी गोला सड़क पर जाने से ठीक पहले लगी सड़क निर्माण की योजना बोर्ड के कारण दुर्घटनाएं की संभावना बढ़ गई है। आनंदी से ओरमांझी फोरलेन पहुंच पथ का निर्माण हो जाने से प्रखंड क्षेत्र के दर्जनो गांव के लोगों की आवागमन की काफी सुविधा हो गई है। लेकिन सड़क निर्माण के लिए लगे योजना बोर्ड अब लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा उक्त बोर्ड को हटाने की मांग करते हुए कहा एक ओर बेहतर सड़क निर्माण होने व सुविधा मिली है। वहीं दूसरी ओर योजना बोर्ड के कारण अक्सर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसपर चिंता जताते शौंडिक युवा मंच के उपाध्यक्ष दीपक साहू ने बताया ओरमांझी सिकिदिरी रोड में काफी तेज गति से वाहन गुजरते हैं। वहीं नये सड़क निर्माण होने के बाद से एनएच-20 से सिकिदिरी रोड आने वाले वाहन की भी गति तेज हो गई है। बताया गया कि कई बाद वाहन एक दूसरे से टकरा भी जाते हैं। योजना बोर्ड को हटवा देने से दुर्घटना होने की संभावना को रोका जा सकता है। ग्रामीणों द्वारा योजना बोर्ड को जल्द हटवाने की मांग किया गया है।

### पुर्णिमा मेला आयोजन को ले बैठक संपन्न

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार स्थित बहेरा पंचायत के खरपाचट्टान चंदन गुफा के समीप माघ पुर्णिमा मे आयोजित किए जाने मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणो की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया पति रमेश मुंडा एवं संचालन संजय टाना भगत ने किया। इस बैठक में टाना भगतो ने अपनी संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखने के उपस्थित लोगो से आह्वान किया। बैठक में मेला में सांस्कृतिक एवं खोड़हा नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। चंदन गुफा मे मेला के ऐतिहासिक स्थल पर मेला आयोजन के संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि विगत 1000 वर्ष से प्रत्येक वर्ष माघ पुर्णिमा के अवसर पर चंदन गुफा मे मेला का आयोजन टाना भगतो द्वारा किया जाता है यहां आज भी पाषाण काल के कलाकृति और अवशेष मौजुद हैं चंदन गुफा का पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थल पर दौरा कर पाषाण काल से संबंधित कलाकृति को देख अनुसंधानकर रहे हैं।

## सरस्वती विद्या मंदिर में श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्का नगड़ी।** प्रखंड के कुडलोंग स्थित आदित्य प्रकाश जलन सरस्वती विद्या मंदिर में श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई। मौके पर विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव उपस्थित थे। उन्होंने अपने अनमोल वचन से सभी उपस्थित लोगों को इस दिन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हम सबको पांच पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए- कड़ी मेहनत, कुशल कामगार, नियोजित कार्य, विनम्र व्यवहार और समर्पण। यदि हम सब इन बिंदुओं को ध्यान रखते हुए कार्य करें हमारा देश को विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु ही नहीं बल्कि एक सच्चे हिंदू थे। विद्यालय के आचार्य जी और दीदी जी के सहभागिता से कार्यक्रम नियोजित ढंग से संपन्न हो हुआ।

## अपराधिक गिरोह की सक्रियता से नागरिक

# साप्ताहिक एतवार बाजार से स्कूटी की चोरी

- अज्ञात के खिलाफ केस
- पुलिस कर रही है जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र में चोरी, लूट और छिनतई थम नहीं रही है। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब दो-चार घर, मोटर साइकिल, स्कूटी और लूट आदि की घटना न होती हो। जिस अनुपात में घटनाएं हो रही है, खुलासे बहुत कम हो रहे हैं। इसे लेकर लोग भयभीत हैं। गिरोह की सक्रियता से पुलिस भी परेशान है। अपराधियों ने रविवार की शाम साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने आये प्रीतम मुंडा की सड़क के किनारे खड़ी स्कूटी एपी 31 ईए 8870 को निशाना बनाया। गाड़ी उसके बहनोई और बुढ़मू के इंडिया कोठाटोली निवासी राजेश बेक की थी। वह फिलहाल तिलता में रहते हैं।

### कैसे घटी घटना

श्री बेक का साला प्रीतम स्कूटी लेकर सब्जी खरीदने आया था। गाड़ी खड़ी कर वह बाजार के अंदर गया। एक घंटे बाद लौटने पर स्कूटी को गायब पाकर उसके होश उड़ गये। काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। इससे विवश होकर श्री बेक की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 07/25 दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय प्रवासी में पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष जेलेंद्र चौधरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** तीन दिवसीय प्रवासी में सिल्ली पहुंचे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जेलेंद्र चौधरी ने सिल्ली भाजपा पार्टी कार्यालय में बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने की। जेलेंद्र चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवासी के दौरान नए कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ने का काम किया जाएगा। पार्टी के आदर्श और ध्येय से अवगत कराते हुए श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान 22 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है। इस लिए कार्यकर्ता घूम घूम कर गांव गांव में जाकर लोगो को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने में लगा हुआ है। इस मौके पर लालित महतो, विश्वनाथ महतो, हरिहर महतो, चितरंजन मंडल, शिबू हजाम, राजेंद्र साय, रविन्द्र साहू, सुधीर साहू, कर्ण महतो, परशुराम राम महतो, श्रीपद महली सुखराम बेदिया, चंदन गोस्वामी, आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में तीन घायल

**मांडर।** एन- एच 39 मुख्य पथ पर स्थित मांडर थाना के निकट सोमवार दोपहर लगभग 12:30 बजे हुई एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रंजीत मुंडा 28 वर्ष, रीना देवी 34 वर्ष व कनिका देवी 22 वर्ष शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिठोरिया के बाढू बरवाटोली का रंजीत मुंडा बाइक में अपनी दो बहनों रीना देवी व कनिका देवी को लेकर चान्हो जा रहा था, इसी दौरान उक्त स्थान के निकट काफी तेज गति से उनके पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार कठचांचो निवासी राहुल एक्का ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। प्रशासन की मदद से तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद तीनो को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बालेश्वर प्रसाद की 89वीं जयंती पर जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज सभागार बीसा गेतलसूद में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक पूर्व उपप्रमुख बालेश्वर प्रसाद की 89वीं जयंती मनाई गई। स्व बालेश्वर प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर एक सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उनके बीच मिठाइयां भी बांटी गई। स्व बालेश्वर प्रसाद जी के पुत्र व कॉलेज के चेयरमैन जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में शिक्षा के विकास में बालेश्वर प्रसाद का उल्लेखनीय योगदान रहा है। बीएड कालेज की स्थापना बालेश्वर प्रसाद की ही देन है। बीएड कालेज की स्थापना के कारण क्षेत्र के वंचित मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा मिल पा रहा है। मौके पर निदेशक शालिनी प्रिया पौत्र हर्ष राज वनलोटवा के ग्रामप्रधान देवचरण महतो शंकर महतो लखीराम महतो अजय कुमार राजीव कुमार रंचन कुमारी महफूज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चे पूरी धाम भ्रमण पर निकले

चान्हो। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिजुपाड़ा के 25 बच्चे सोमवार को चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर पूरी ( उड़ीसा ) के लिए रवाना हो गए। प्रधानाध्यापक नीरज तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को यात्रा की शुभकामना देते हुए उन्हे रवाना किया। वहीं बच्चों के साथ शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे वरिष्ठ शिक्षक नीलपद महतो और रामावती सिंह ने बताया कि सोमवार को सभी लोग हटिया स्टेशन से तपस्विनी एक्सप्रेस ट्रेन से पूरी जा रहे हैं।चार दिनों की यात्रा के दौरान बच्चों को भगवान जगन्नाथ टेंपल, समुंद्र किनारा, नंदन कानन जू,कोनार्क मंदिर, उदय गिरी, धौलागिरी सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा।

### ठेका मजदूरों का बैठक, सीसीएल प्रबंधन से क्षुब्द होकर 22 जनवरी से बंद का ऐलान

खलारी। डकरा स्टेडियम मे ठेका मजदूरों की एक बैठक कौलश यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ठेका मजदूरों का 2021 से सीएमपीएफ भुगतान को लेकर सीसीएक प्रबंधन ने 6 जनवरी 2024 को देने की बात थी। लेकिन सीसीएल प्रबंधन की ओछी हकरत के कारण एक बर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुआ। सीसीएल प्रबंधन एवं सीएमपीएफ अधिकारियो के अशवासन से छुब्ध होकर 22 जनवरी से डकरा साइडिंग को अनिश्चित काल के लिए बंद करने का निर्णय ठेका मजदूरों द्वारा लिया गया है। ठेका मजदूरों ने यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन से मदद मांगी है जिसे यूनियन से स्वीकार करते हुए हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है। मौके पर कैलाश यादव, कृष्णा शर्मा, रियाजुद्दीन, रामचंद्र शर्मा, रामनाथ यादव, वीरेंद्र कुमार सिंह, जगमोहन यादव, जितेंद्र यादव, अजय चौहान, संतोष चौहान, सुरेश सिंह, सलीम अंसारी, वीरेंद्र पुरी, नंदू चौहान, ज्ञानचंद प्रसाद, मदन महतो, राम विकास उरांव, बलराम महतो विनोद चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्राम विकास विद्यालय के पुर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह आयोजन, पुरानी यादों को ताजा किया



सिल्ली। सिल्ली रामडेरा स्थित मृग पुनर्वास केंद्र के समीप ग्राम विकास उच्च विद्यालय के 1984 बैच के मैट्रिक पास करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा मिलन समारोह सह पिकनिक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पटना, रांची एवं सिल्ली आसपास से छात्र सुबह में ही कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। इन छात्रों में व्यवसायी, कृषक, शिक्षक, उषा मार्टिन, रेलवे आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्ववर्ती छात्र शामिल है। इस दौरान आपस में मिलते ही सभी ने एक दुसरे का स्वागत कर हालचाल पूछा तो कई लोग भावुक भी हुए। सभी ने अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए कुछ मस्ती व हंसी ठिठोली भी किए। वहीं सभी ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को याद किया। सामुहिक भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर संजीव कुमार भगत, समीर सिंह, मथुर प्रसाद महतो, अनंत सिंह, अरुण जालान, निरंजन महतो, रामानुज गुप्ता, प्रभु दयाल चौधरी, सुनील महतो, पुरंदर महतो, ठाकुरदास महतो, जम्मू महतो, विपिन बिहारी देवरत्न, दिनेश पांडे, घनेनाथ महतो, ब्रजभूषण महतो, मनोज कुमार महतो, विश्वेश्वर महतो, भागीरथ हजाम, मोहनलाल महतो, राजेंद्र उरांव, अनुज सिंह, रामानुज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनायी गयी



खलारी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में गुरु गोविंद सिंह जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गुरुगोविंद जी के तस्वीर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। जयंती क्व अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 6 जनवरी को देशभर में गुरु गोबिंद सिंह जयंती मनाई जा रही है। गुरु गोबिंद सिंह जयंती सिख समुदाय का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह को समर्पित है। यह दिन उनकी शिक्षा, बलिदान और समर्पण की याद दिलाता है। उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य भरत राय ने कहा कि जब कोई भी व्यक्ति गुरु गोबिंद सिंह जी एक संत-सिपाही ते। शौर्य और साहस के प्रतीक गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को बिहार के पटना में हुआ। जब उनके पिता, गुरु तेग बहादुर सिंह ने इस्लाम में परिवर्तित होने से इनकार कर दिया, तो उनका सिर काट दिया गया। तब 9 वर्ष के गुरु गोबिंद सिंह को औपचारिक रूप से सिखों के गुरु के रूप में स्थापित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य दीदी जी भी उपस्थित थे।

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता सरना यूनाइटेड सेफा मे पहुंचा



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते बीडीओ कामेश्वर बेदिया।

**ओरमांझी।** शिव शिष्य परिवार द्वारा जयडीहा पंचायत खेल मैदान में आयोजित दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा को हराकार सरना यूनाइटेड लपगा भुरकुंडा की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भुरकुंडा की टीम शुरू से आक्रम खेल का प्रदर्षन किया, और दो मैदानी गोल कर बीसा की टीम को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी विमल को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला। इससे पूर्व पहला मैच सरना यूनाइटेड एफसी भुरकुंडा व सिकिदिरी एफसी के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर कोई भी टीम गोल नही कर सकी, जिसके बाद मैच का निर्णय ट्राई ब्रेकर से हुआ। जिसमें में भुरकुंडा की टीम 3-2 से विजयी रही। विजेता टीम के खिलाड़ी राज करमाली को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। दूसरा मैच जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा बनाम ब्लैक डायमंड रांची के बीच खेला गया। रांची टीम के खिलाड़ी मोनू सांगा ने 14वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दिया था। दो मीनट बाद ही बीसा के खिलाड़ी सोनाराम एक गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया। बाद में जयराम स्पोर्टिंग बीसा के मैन ऑफ दी मैच खिलाड़ी जुकेश्वर ने 39 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 2-1 जीता दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल की कीक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, और कहा खेल संगठित होकर जीतने की सिख देती है। मौके पर शिवनारायण महतो, चतुर साहू, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंसस प्रवेश भोगता, पूर्व मुखिया व आयोजन समिति के अध्यक्ष बिनोद बेदिया, सचिव बिनोद महतो, नीलाम्बर खरवार, शंकर करमाली, रामराज महतो, रामप्रसाद, दीपक कुमार, जीवन कुमार, मोहित करमाली, नीतीश कुमार, प्रकाश कुमार, नवीन कुमार, प्रीतम कुमार,

### एसीसी उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए

**खलारी।** शैक्षणिक परिभ्रमण पर हजारीबाग के लिए एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के सीनियर छात्र-छात्राओं ने सोमवार की सुबह में रवाना हुए। बच्चों को कैनरी हिल, पार्क, झील आदि जगहों पर घुमाया गया। अथवा संबंधित विभिन्न तथ्यों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक परिभ्रमण रवाना से पूर्व विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह ने सुखद यात्रा की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होती रहेगी। शैक्षणिक भ्रमण पर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, शिक्षक समर सेन, प्रकाश चौधरी, श्रीकांत शर्मा, शिक्षिका नेली तिर्की एवं दीपा गिरी शामिल थे।

## राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधिमंडल ने श्रम नियोजन मंत्री से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधिमंडल खलारी प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्माईल अंसारी के नेतृत्व में श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव से मुलाकात की। इस दौरान कोयलांचल नॉर्थ करणपुरा के तमाम ज्वलंत सवालों से मंत्री को अवगत कराया। मकर संक्रांति के बाद मंत्री का कार्यक्रम खलारी कोयलांचल मे होना तय हुआ। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल सदस्यों को आश्वस्त किया है कोयलांचल का जरूर दौरा करेंगे। साथ कोयला खदान और निजी कंपनियों में काम करने वाले असंगठित मजदूरों से मिलकर उनके समस्याओं को सुनेंगे। प्रतिनिधि मंडल में भारत थापा, मिथलेश पासवान, सिद्धेश्वर ठाकुर, रमेश बैठा, सुरेश बैठा, मुना मिश्र, सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचपरगनिया भाषा प्रेमी की ओर से बनभोज सह पुष मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुंडू।** पंचपरगनिया भाषा कला संस्कृति मंच के तत्वावधान पर सूर्य मंदिर परिसर में 13वाँ बनभोज सह पुष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद डॉ दीनबंधु महतो ने किया उन्होंने संस्कार से ही संस्कृति की उपज होने की बात कही एवं हमारे विभिन्न संस्कारों को बतलाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचपरगनिया भाषा विकास केन्द्रीय समिति के सचिव डॉ करमचंद्र अहीर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांच परगना की सुंदर संस्कृति की संरक्षण हेतु वर्तमान पीढ़ी को आगे आने का आवाहन किया। सहायक प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार दास ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में पंचपरगनिया भाषा से संबंधित सिलेबस में एकरूपता होने व विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्न लेवल न होने से पंचपरगनिया भाषा पढ़ने वाले बच्चों को हो रही परेशानियों को संज्ञान में लेने की बात कही तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि हम सब आयोग एवं कार्मिक विभाग से मिलेंगे एवं प्रतियोगिता को लेकर जो खामियां हैं दूर करेंगे। बुंडू थाना के छोटा बाबू इन्द्रदेव उरांव ने इस कार्यक्रम को सराहना करते हुए कहा कि हमारी कला-संस्कृति को सभी बुद्धिजीवियों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए ताकि लोकगीत तथा लोकनृत्य बचे रहे। इस कार्यक्रम में पंचपरगनिया भाषा कला संस्कृति मंच की तरफ से एक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य पांच परगना के समस्त छात्रों का प्रतियोगिता परीक्षा के प्रति रुझान लाना है इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बुद्धेश्वर प्रमाणिक (स्नातकोत्तर पंचपरगनिया विभाग रांची) द्वितीय स्थान प्रतिमा कुमारी (पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू) एवं तृतीय स्थान ज्योतिलाल पाहान (पंचपरगनिया विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची) विजेता रहा। इन विजेताओं को पुरस्कार के रूप में मोमेंटो, पुस्तक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उपस्थित भाषा एवं कला के विद्वजनों को छात्र-छात्राओं के द्वारा सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत राजकिशोर स्वांसी एवं पुरेन्द्र नाथ अहीर के द्वारा वंदना गीत से किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, पीपीके कॉलेज बुंडू, डोरंडा कॉलेज रांची, सिल्ली कॉलेज सिल्ली, स्नातकोत्तर पंचपरगनिया विभाग रांची के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं सभी ने कॉलेज सांस्कृतिक प्रोग्राम दिखाकर भाषा के साथ-साथ कला-संस्कृति को भी बचाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर पंचपरगनिया साहित्यकार गोरेन्द्र नाथ गोंझू , डॉ वासुदेव महतो, डॉ गोविन्द महतो, पुष्पा देवी, कृष्ण सिंह मुंडा, सुरेश चंद्र महतो, बीरेंद्र प्रसाद, सैनाथ मुंडा, हलधर अहीर, सहदेव, शारण, डॉ रंजीत प्रामाणिक, मोहित सेठ, प्रीतम, ललित, सुदर्शन, हेमंत, सुनीता, काजल कृष्णा, अंबिका, स्वाति, प्रधान, जयराम, विजय, विष्णु, अशोक महतो अन्य मौजूद थे।

## कम होती बचत

देश में आर्थिक विकास की बात बहुत जोरशोर से हो रहा है लेकिन घरेलू बचत के घटने पर चिंता भी है। घरेलू बचत, जो किसी व्यक्ति की आय का शेष हिस्सा होती है, जो 2006-07 में जीडीपी का 18 प्रतिशत थी, लेकिन 2022-23 में यह घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई है। इसका मुख्य कारण छोटी बचत योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना पर कम ब्याज दर है, जिससे छोटे निवेशक शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और सोने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। साथ ही, बढ़ते कर्ज, जैसे आवास और शिक्षा के लिए ऋण, भी घरेलू बचत में कमी का कारण बन रहे हैं। इस स्थिति पर अगर चर्चा नहीं हुई तो यह समस्या इतनी बड़ी जो जायेगी जिसके कारण देश के विकास गति पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर चल रहे देश को एक समान और न्यूनतम सुविधा वाले बड़ी जनसंख्या की आवश्यकता है। आज देश में सात करोड़ जिनकी संख्या लगभग 35 करोड़ होगी। वे देश की अधिकतम सुविधाओं का उपभोग कर रहें हैं। जबकि लगभग 25 करोड़ परिवार जिनकी आबादी लगभग 100 करोड़ है उनके पास रोजगार-शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधा भी नहीं है। देश की आर्थिक दशा कुछ सीमित लोगों की बढ़ते धन से बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिये खतरे की घंटी है। किसी भी देश के लिये उसकी अधिकतम आबादी की आय और जीवन स्तर का बेहतर होना देश के विकसित होने का संकेत है लेकिन देश से मिल रहे संकेत बेहतर नहीं है। देश के धन का वितरण लाभ की हिस्सेदारी इस प्रकार से हो जिससे यह निचले तबकों तक पहुंचे अन्यथा स्थिति 1990-91की आर्थिक बदहाली से भी अधिक खराब होगी। सामाजिक संतुलन और शांति के साथ विधि व्यवस्था भी इससे सीधे प्रभावित होती है।

### कार्टून वर्ल्ड







**मेष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यो में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5**

**मिथुन : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5**

**कर्क : शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7**

**सिंह : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**कन्या: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7**

**तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6**

**धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8**

**मकर : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9**

**कुंभ : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7**

**मीन : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6**

## तहिं प्रकाश हमरा भयो पटना शहर विखे भव लयौ

**(श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के 35प्रकाश उत्सव पर विशेष आलेख)**

**पीड़ित** मानवता के त्राता और महान राष्ट्रीय योद्धा श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का जन्म आज से लगङ्गाग 358 वर्ष पूर्व पटना शहर में हुआ था । वहां पर उनकी स्मृति में आज विशाल गुरूद्वारा कायम है। देश के पांच प्रमुख तख्तों में इस गुरूद्वारा का शीर्ष स्थान है जिसे दुनिया के लोग तख्त श्री हरिमंदिर जी या पटना साहेब के नाम से जानते हैं । करोड़ों रुपए की लागत से बना लगभग एक सौ आठ फीट ऊँचा यह सतमंजिला मंदिर आज सारी दुनियां के आकर्षण और आशाओं-आकांक्षाओं का केन्द्र है । फलतः संसार के विभिन्न भागों से प्रति वर्ष लाखों व्यक्ति तख्त श्री हरिमंदिर जी के दर्शनार्थ पटना साहिब पधारते हैं और यहां श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के हस्ताक्षर वाली श्री गुरू ग्रन्थ साहेब की मूल प्रति तथा गुरूजी के जीवन से सम्बद्ध अन्य ऐतिहासिक सामग्रियों के दर्शन कर अपना जीवन धन्य मानते हैं ।

गंगा के निकट, नगर के प्राचीन ऐतिहासिक स्थल पर यह गुरूद्वारा विभिन्न सम्प्रदायों के प्राचीन तीर्थों के बीच खड़ा विभिन्न धर्मों के बीच जैसे एकता की लड़ी पिरो रहा है। तख्त श्री हरिमंदिर जी जिस स्थान पर स्थित है उसे यदि हम ह्यआध्यात्मिक प्रांगणह्व (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) की संज्ञा दें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । श्री हरिमंदिर जी के आसपास सैंकड़ो-हजारों वर्ष प्राचीन ऐसे आधे दर्जन हिन्दू, मुस्लिम और जैन तीर्थ है जिनका अखिल भारतीय महत्व है। वे है नगर रक्षिका पटनदेवी, कालीजी, पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर, दिगम्बर जैन मंदिर, काली बीबी का कटरा, साइस्ता खां की मस्जिद, मीर अशरफ की मस्जिद और अम्बर की मस्जिद । अम्बर की मस्जिद और जैन श्वेताम्बर मंदिर की दीवारें तो हरिमंदिर जी से बिलकुल सटी है।

पटनदेवी को देश की बावन शक्ति पीठों में एक पीठ माना जाता है जहॉ पार्वती जी का पटल गिरा था, जिसकी वजह से इस शहर का नाम पटला पड़ा जो बाद में पटना हो गया । साइस्ता खां की मस्जिद इस्लामी अदब और अदीब का महत्वपूर्ण केन्द्र था जहॉ अरबी और फारसी की शिक्षा प्राप्त करने के लिए राजा राम मोहन राय भी आकर महीनों तक रहे थे । हरिमंदिर जी से सटा जैन श्वेताम्बर मंदिर करीब पच्चीस सौ वर्ष प्राचीन है जहां पालकालीन दुर्लभ प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं । काली जी का मंदिर भी बड़ा



प्राचीन है जहां शाह आलम ने भी आकर सिजदा किया था । कहते हैं श्मशान मुद्रा में चंडी की ऐसी मूर्ति अन्यत्र देखने को नहीं मिलती ।

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरू

**। भांति-भांति के तीरथ नाना ।**
**अभी जात त्रिवेणी भये**
**तहिं प्रकाश हमारा भयो**
**पटना शहर विखै भव लयो ।**

साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज



**- ज्ञानवर्द्धन मिश्र**

> बहुतों को यह जानकारी नहीं होगी कि बिहार में एक ऐसी भी जगह है जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई के बीच आपसी सद्भाव की गंगा जमुनी की वर्षों से अविरल धारा प्रवाहित हो रही है । राजधानी पटना में अंतर्राष्ट्रीय महत्व का तख्त श्रीहरिमंदिर के इर्द-गिर्द एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का यह आध्यात्मिक केन्द्र (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) इसका अप्रतिम उदाहरण है ।

गोबिन्द सिंह जी महाराज का जन्म सन् 1666 में हिन्दी तिथि के अनुसार पौष मुदी सप्तमी को उसी स्थान पर हुआ था जहां आज तख्त श्री हरिमंदिर जी कायम है। श्री गुरू नानक देव जी भी अपनी यात्रा के क्रम में यहां आये थे और इस स्थान पर ठहरे थे जो बाद में गुरूद्वारा बन गया था । बाद में श्री गुरू तेग बहादुर जी अपनी आसाम यात्रा के क्रम में पटना शहर में आने पर उसी स्थान पर ठहरे । सालिस राय जौहरी तथा गुरूजी के पटनावासी अन्य श्रद्धालुओं ने गुरूदेव के निवास के लिए इस स्थान पर सुन्दर महल बनवाया था जो पटने की प्राचीन स्थापत्य कला के अनुसार मुख्यतः लकड़ियों का बना हुआ था। श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज ने अपनी आत्म कथा ह्यविचित्र नाटकह्व में स्वयं लिखा है -मुरपित पूरब कियसि पयाना

का बचपन का नाम गोबिन्द राय था। माता गुजरी बाई तथा गोबिन्द राय जी के मामा श्री कृपाल चन्द्र जी को श्री गुरू तेग बहादुर जी पटने की संगत के अनुरोध पर यहीं छोड़ दिया और स्वयं अपने अन्य अनुयायियों के साथ आसाम यात्रा के लिए चल पड़े थे । कुछ ही मास बाद यहां गोबिन्द राय का जन्म हुआ । गोबिन्द राय लगभग नौ-दस वर्ष की अवस्था तक पटना में रहे । उनके जीवन से सम्बद्ध यहां जो भी स्थान थे व सब तीर्थ बन गये । जहां आज दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है।

पटना में सिखों के कई महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल हैं जिनमें मुख्य है तख्त श्री हरिमंदिर जी, मैनी संगत बाललीला, बड़ा गुरूद्वारा गायघाट, गुरू का बाग, गोबिन्द घाट या कंगन घाट और गुरूद्वारा हांडी साहेब (दानापुर) ।

बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने पटना आने पर लकड़ी के स्थान पर पत्थर का मजबूत और नयानाभिराम गुरूद्वारा बनवायाा। देश विभाजन के बाद पंजाब से काफी संख्या में सिखों के यहां आने पर श्री हरिमंदिर जी का पुनः जीर्णोद्धार किया गया । पत्थर की जगह संगमरमर बिछाया गया और प्रकाश स्थान पर सोने की पत्तियां मढ़ी गयीं । गुरूद्वारा भवन तथा उसके द्वारा संचालित सेवा संस्थाओं के भवन निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए गये । गुरू नानक देव जी के मिशन का बिहार पर बड़ा असर रहा है और पटना इसका मुख्य केन्द्र रहा है। बिहार में गुरू नानक देव जी के लाखों अनुयायी थे । राज्य में लगभग पांच सौ गुरूद्वारे थे जिनके साथ काफी जमीन जायदाद जुड़ी हुई थी । स्वयं पटने में पचासों गुरूद्वारे थे जिनमें अधिकांश लुप्त प्रायः हो गये । उस समय सिख गैर सिख का कोई भेद नहीं था । हिन्दु और सिख अपने को एक दूसरे का अविच्छेद अंग समझते थे, हर हिन्दु परिवार में चार भाईयों में एक भाई सिख होना अपना पुनीत कर्तव्य समझता था ।

**बहती है साम्प्रदायिक सद्भाव की गंगा जमुनी**

बहुतों को यह जानकारी नहीं होगी कि बिहार में एक ऐसी भी जगह है जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई के बीच आपसी सद्भाव की गंगा जमुनी की वर्षों से अविरल धारा प्रवाहित हो रही है । राजधानी पटना में अंतर्राष्ट्रीय महत्व का तख्त श्रीहरिमंदिर के इर्द-गिर्द एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का यह आध्यात्मिक केन्द्र (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) इसका अप्रतिम उदाहरण है । एक ओर जहां गुरूद्वारा के दैनन्दिन की शुरूआत तड़के ह्यबोले सो निहाल सतश्री अकालह्व से शुरू होती है तो इसकी उतरी दीवार से सटे प्राचीन अम्बर की मस्जिद में अल्ला हो अकबर के फजिरे नमाज से । पूर्व दीवार से सटा श्री पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर की कार्यवाही सुबह-सुबह णमोकार महामंत्र की ध्वनि से शुरू होती है तो निकटस्थ हजारो वर्ष प्राचीन छोटी पटनदेवी मंदिर से दुर्गासप्तशांति के पाठ गूंजने लगते हैं । क्षेत्र एक ऐसे आध्यात्मिक प्रांगण के रूप में जाना जाता है। जहां हरिमंदिरजी के अलावा आधे दर्जन हिन्दू, मुस्लिम और जैन तीर्थ हैं जिनका अखिल भारतीय महत्व है । नगर रक्षिका पटनदेवी, हजारों वर्ष प्राचीन काली मंदिर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर, काली बीबी का कटरा, साइस्ता खां की मस्जिद, मीर अशरफ की मस्जिद और अम्बर की मस्जिद इसकी परिधि में है ।

**जारी...**

### लेटर टू एडिटर

#### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

#### प्रदूषण की समस्या

**अफसोस** है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

### X ट्वीट

**जम्मू**-कश्मीर के बांदीपोरा में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से हमारे कई जवानों के शहादत की खबर बेहद दुखद है।शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

शोकाकुल परिजनों के ?प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

यह सत्य है कि सुख-दुःख जीवन में क्षणिक होते हैं और समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन सद्गुण और अच्छे कर्मों का प्रभाव स्थायी होता है। निःस्वार्थ सेवा, दान, सत्याचरण और यज्ञ जैसे शुभ कर्मों से न केवल हमारा आत्मिक विकास होता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।

**– स्वामी अवधेशानंदगिरी**

## डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

### स्वास्थ्य

**डायबिटीज** वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें।

डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है।

जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य डायबिटीज है-डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे डायबिटीज नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है।

कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। कार्बोहाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं।

डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते।

## संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं

**हृदयनारायण दीक्षित**

### सामयिक

**संविधान** के खात्मे को लेकर खासी बहस चली है। भारत का संविधान अनूठा है, अद्वितीय है। यह देश का राजधर्म है। इस संविधान में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। सबकी अपनी सीमा है। यह सीमा भी संविधान निर्देशित है। सभी संवैधानिक संस्थाओं का स्रोत संविधान है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां भी संविधान प्रदत्त हैं। संविधान निमार्ता भविष्य के भारत के प्रति सजग थे। उन्होंने गहन विमर्श के बाद संविधान बनाया। परस्पर विचार विमर्श अच्छी बात है, लेकिन संविधान को समाप्त करने का दुष्प्रचार करने का विपक्षी दलों का निर्णय अनुचित है। लोकसभा चुनाव के समय संविधान को खत्म करने और बदलने का शोर मचाया गया। विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे कि केन्द्रीय सत्ता संविधान के खात्मे पर उतारू है। संविधान समाप्ति जैसी कोई योजना कभी प्रकाश में नहीं आई। न विचार में, न कर्म में और न ही लेखन सहित अन्य अभिव्यक्तियों में भी। संविधान को खत्म करने की अफवाह देश के कोने कोने तक पहुंची। शिक्षित लोग सन्न थे कि संविधान के खात्मे की बात कहां से आई? संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचवा रहे थे।

मजेदार बात है कि संविधान खत्म किए जाने की सूचना संभवतः सबसे पहले उनको ही प्राप्त हुई। यह झूठ देश के मानस में बार-बार आ रहा है। संविधान के खात्मे का दुष्प्रचार करने वाले व्यक्ति/दल/समूह नितांत झूठ का सहारा ले रहे हैं। संविधान बदलने का सबसे बड़ा दुस्साहस 1976 में अधिनियमित 42वें संविधान संशोधन में कांग्रेस ने किया था। दुर्भाग्य से इस संविधान के खात्मे का विषय ठीक से जानने वाले लोगों की संख्या कम है।

संसद और विधान मण्डल और न्यायालयों की बहसों में संविधान की सर्वोपरिता है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्रजीवन के लक्ष्य हैं। उद्देशिका में उल्लिखित भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समता प्राप्त कराना मुख्य उद्देश्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में उद्देशिका के महत्व और उपयोगिता की चर्चा की है। बेशक संविधान के अन्य प्रावधानों की तरह उद्देशिका को न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता। लेकिन न्यायालयों के कई निर्णयों में यह शासन का मुख्य घटक है।

कुछ राजनीतिक दल जाति और मजहब के आधार पर राजनीतिक समूह या संगठन चलाते हैं। इस प्रकार के दलों द्वारा समाज तोड़ने वाले शब्द चलाए जाते हैं। इनकी बात माने तो संविधान की उद्देशिका में लिखा जाता कि भारत जाति पाति आदि कई संकीर्णताओं में लिप्त है। इसे ह्यभारत के लोगह्व कहना बेकार है। वे कहते हैं कि यहां की जनता केवल कुछ समूहों का गठजोड़ है। जबकि संविधान रचना का उद्देश्य और कारण सुस्पष्ट हैं। प्रत्येक भारतवासी उद्देशिका के अनुरूप ह्यहम भारत के लोगह्व का हिस्सा है। भारत हजारों वर्ष पहले भी एक राष्ट्र था। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक भारत की एक संस्कृति है। इस संस्कृति के कारण ही हम भारत के लोग एक सशक्त राष्ट्र हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि, ह्लयह बात ठीक है कि भारतवासी परस्पर लड़ते झगड़ते रहते हैं। किन्तु संस्कृति के कारण भारत एक राष्ट्र है। संकल्प के अनुसार भारत की जनता को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की तथा विधि के समक्ष समता, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और संगठन बनाने आदि कार्यों की विधि के अधीन स्वतंत्रता होगी। आगे कहा है कि, ह्लराज्य क्षेत्र की अखण्डता, भूमि, समुद्र और आकाश पर उसके प्रभुत्वसंपन्न अधिकार, न्याय और अन्य राष्ट्रों की विधि के अनुसार बनाए रखे जाएंगेह्ल संकल्प के अंतिम आठवें प्रावधान में लिखा है, ह्लयह प्राचीन भूमि विश्व में अपना समुचित और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी, और विश्व शांति तथा मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगीह्ल संकल्प में उल्लिखित प्राचीन भूमि का अर्थ क्या हो सकता है?

स्वाधीनता मिलने तक भारत राष्ट्रकुल का सदस्य था। इंग्लैंड के सम्राट के अधीन राष्ट्रमण्डल में भारत के बने रहने पर आलोचना हुई। प्रत्यक्ष रूप में यह निर्णय उचित नहीं था। सभा में प्रधानमंत्री नेहरू को स्पष्टीकरण देना पड़ा। आखिरकार एक संप्रभु राष्ट्र इंग्लैंड के राजा रानी के प्रति निष्ठा कैसे रख सकता है? आयरलैंड ने रिपब्लिक आफ आयरलैंड एक्ट बनाकर अपने आप को इंग्लैंड से पृथक कर लिया। आलोचनाओं के बाद कहा गया कि भारत में सम्राट के प्रति निष्ठा स्वीकार्य नहीं है। यह निर्णय प्रधानमंत्रियों के सम्मेलन में लिया गया। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि, प्रभुत्व संपन्न गणराज्य बन जाने के पश्चात भी भारत राष्ट्रकुल का पूर्ण सदस्य बना रहेगा।

लोकमंगल भारत के राष्ट्रजीवन का लक्ष्य रहा है। अनेक महत्वपूर्ण विषय ऐसे भी थे जो संविधान सभा में अंतिम निर्णय तक पारित नहीं किए जा सके। संविधान सभा ने उन महत्वपूर्ण विषयों को भी संविधान में जगह दी। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 51) में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए।

गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है। शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निमार्ताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं।

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ पुलिस केंद्र में परेड आयोजित



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने सोमवार को पुलिस केन्द्र रामगढ़ में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण। उन्होंने परेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक पुलिस पदाधिकारी को सुसेवांक से पुरस्कृत किया। परेड का निरीक्षण पुलिस उपाधीक्षक, (परिक्ष्यमान) फौजान अहमद रामगढ़ द्वारा किया गया तथा पुलिस कर्मियों को अगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के मद्देनजर उत्कृष्ठ परेड के प्रदर्शन को लेकर परेड पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

## राधा गोविंद विवि में व्याख्यान



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में सोमवार को व्याख्यान हुआ। व्याख्यान में मुख्य वक्ता रेडबॉड यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ किंग्सुक मुखुती ने व्याख्यान दिया और उन्होंने छात्रों को विभिन्न शोध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और क्वांटम मैकेनिक्स और क्लासिकल मैकेनिक्स के बारे कई दिलचस्प तथ्य भी साझा किया और व्याख्यान से सभी छात्र प्रेरित हुए।कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल चंद्र मंडल का भी सहयोग रहा।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के पटेलनगर में सोमवार को भाजपाईयों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान के भुरकुंडा मंडल प्रभारी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली मुख्य रूप से उपस्थित थे। शंकर करमाली ने कहा कि सदस्यता अभियान के प्रति विशेष गति देना ही हमसबों का उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में रामगढ़ जिला मंत्री सह सदस्यता अभियान के सहसंयोजक संजीव कुमार बावला, जिला कोषाध्यक्ष सह भुरकुंडा मंडल के संयोजक अशोक सोनी आदि मौजूद थे।

## लापता सीसीएल कर्मी बरामद



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी परियोजना के सौदा साइडिंग में कार्यरत सीसीएल कर्मी लापता बुधाई साव के सकुशल घर वापस लौटने पर कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि मंगलवार को यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधाई साव के घर जाकर उनसे और परिजनों मुलाकात करेगी।

## सीपीएम जिला कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा शाखा कार्यालय में सोमवार को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. देवनाथ महली ने की। सर्वप्रथम दिवंगत साथियों के प्रति एक मिनट का मौन धारण शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी के हजारीबाग जिला के पूर्व सदस्य विपिन कुमार सिन्हा, कर्नाटक राज्य माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य जीसी रेड्डी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर, झारखंड प्रदेश एवं रामगढ़ जिला में ठंड से मरने वालों, रेल दुर्घटना, सड़क दुर्घटना, खान दुर्घटना में मारे जाने वाले व्यक्तियों के प्रति एक मिनट का मौन रख शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## हक के लिए लड़ने को तैयार हूंः महेश सिंह



**कुजू।** शुरू से ही आरसीएमयू नेताओं एवं मजदूरों के बहुत सा कर्ज मेरे ऊपर है, ना चाहते हुए भी यूनियन के उच्च पदाधिकारी के दबाव में मुझे या जिम्मेवारी आप लोगों के हित के लिए लेना पड़ा। उक्त बातें आरसीएमयू के नव मनोनीत रिजनल सेक्रेटरी (सीसीएल) कुमार महेश ने सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, तोपा शाखा समिति द्वारा सामुदायिक भवन तोपा में आयोजित स्वागत सह अभिवादन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूद सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी सदस्य हमारे परिवार हैं। इस परिवार को सहेज कर रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। निश्चित ही मैं आपके हक और अधिकार के लिए किसी से भी लड़ने को तैयार हैं। समारोह को सीपी संतन, देवनारायण यादव, राजेश्वर गंझू, आशिष चक्रवर्ती, बूटी तिवारी, सुधीर सिंह, राजकुमार ठाकुर, मो यासीन, हाजी मो अफजल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित कर एक दूसरे को सहयोग करने का आशवासन दिया। इससे पूर्व आरसीएमयू के सदस्यों ने कुमार महेश सिंह का भव्य स्वागत फूल माला पहनाकर एवं बुके भेंटकर कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार व संचालन संतोष कुमार ने की। मौके पर तोपा शाखा अध्यक्ष कोलेश्वर राम, सचिव राजकुमार, सुख सागर महतो, कुँवर महतो, जुगल किशोर महतो, कामेश्वर गंझु, ईश्वर गंझु, जतरू बैठा, शनिचरवा मांझी, ललन यादव, रोहन महतो, ललित राम, मंसूर अली, शंकर राम, लक्ष्मी पांडेय, लोरी कुमारी, विजय कुमार रवि, भगवान चौहान, अली मोहम्मद, मनोहर आजाद, प्रभु बेदिया, राजेन्द्र महतो, राजेश यादव, सत्येंद्र कुमार, जलेश्वर करमाली, संतोष कुमार संजय सिंह, हेमन्त सिंह, अनिल सिंह व अन्य मौजूद थे।

# कोयला कारोबारियों को मिलेगी सुरक्षा

▸▸ ट्रांसपोर्ट नगर कुजू में गोलीबारी के बाद रामगढ़ एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कुजू। कुजू ओपी के ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल केशरी को गोली मारने के बाद सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार पहुंचे। घटना स्थल का जायजा लेते हुए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने गोलीकांड घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही धमकी से जुड़े हुए बिंदुओं पर संतोष केसरी से पूछताछ की। वही ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कोयला कारोबारियों पर हुए हमले को लेकर सुरक्षा की मांग की। जिसपर एसपी ने कोयला कारोबारियों को हर संभव सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अपराधियों द्वारा किसी भी प्रकार की धमकी भरे कॉल या सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस देने की बात कही। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में लाइट व कैमरा लगाने की भी बात कही। घटना को अंजाम देने वाले अपराधी राहुल दुबे के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आवास को किराएदार से खाली कराकर कुर्की जब्ती कराने, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पिता के ठिकाना ध्वस्त करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना को अंजाम देकर अपराधी राहुल दुबे ने अपने ऊपर सामत बुला लिया है। हमारे द्वारा कार्रवाई सभी अपराधियों के लिए एक सबक होगा। इधर मामले को लेकर कुजू ओपी में अपराधी पर मामला दर्ज किया गया।

इधर गोली लगने के बाद घायल अनिल केशरी का इलाज रांची मेडिका में चल रहा है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद, पुअनि दिगंबर पांडेय, घाटो थाना प्रभारी दीपक कुमार सहित सदलबल के जवान शामिल थे।

### राहुल दुबे के पिता का ढाबा को पुलिस ने कराया बंद

रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश के बाद ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित गैंगस्टर राहुल दुबे के पिता परमहंस दुबे के ठिकाने पर संचालित तूफानी भोजपुर ढाबा को कुजू पुलिस ने बंद करा दिया। ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि जांच पड़ताल के लिए संचालक को ढाबा बंद करने का निर्देश दिया गया है। वही जल्द ही उसके मकान को कुर्की किया जायेगा।

# पीवीयूएनएल के लिए स्वर्णिम होगा 2025

## इसी महीने में होगा कमर्शियल डिक्लेरेशनः आरके सिंह

**इस साल अंत तक पहला फेज पूरा होगा और 2400 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड के लिए वर्ष 2025 स्वर्णिम होने वाला है। इस वर्ष पीवीयूएनएल अपने पहले फेज के 2400 मेगावाट यूनिट की परियोजना का पहला यूनिट शुरू कर लेगी। 800 मेगावाट के इस पहली यूनिट से उत्पन्न होने वाली बिजली से पूरा झारखंड रोशन होने वाला है। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि दो फेज में पीवीयूएनएल 4000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य रख चुकी थी। पहले फेज का कार्य लगभग पूरा होने जा रहा है। पहले फेज में 800 मेगावाट के तीन यूनिट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। पहली यूनिट के लिए कमर्शियल डिक्लेरेशन जनवरी महीने में ही करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सारी अड़चनें भी दूर कर ली गई है। आर के सिंह ने बताया कि कुल उत्पादन का 85 फीसदी बिजली झारखंड सरकार को देने का एग्रीमेंट बना हुआ है। शेष 15 प्रतिशत बिजली कहां जाएगी इसके लिए केंद्र सरकार निर्णय लेगी। पीवीयूएनएल को संचालित करने के लिए लातेहार जिले में आवंटित बनाडीह कोल माइंस से कोयला आएगा। यह कोल माइंस 250 मेट्रिक टन क्षमता वाला कोल माइंस है। हालांकि इस कॉल माइंस को शुरू होने में अभी डेढ़ वर्ष लगेंगे। उससे पहले सीसीएल और बीसीसीएल से एनटीपीसी को कोयला उपलब्ध होगा। जिसके लिए भी एग्रीमेंट पहले से ही बनाया जा चुका है। वर्ष 2025 के अंत तक पहला फेज पूरा हो जाएगा और 2400 मेगावाट की बिजली का उत्पादन पतरातू से होने लगेगा। जीएम प्रोजेक्ट अनुपम मुखर्जी, जीएम ओ एंड एम देवदीप बोस, जीम मेंटेनेंस मनीष खेड़ापाल, एजीएम टीएस आलोक कुमार, सीएमओ संजय कुमार, सीएफओ नागेंद्र मिश्रा, डीजीएम माइनिंग जीवनेंदु महापात्र, जियाउर रहमान एचओएचआर ने भी बैठक में भाग लिया।

### मुर्गीपालन सिखने के लिए 25 किसान रवाना हुये बरेली

बरही। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड गौरियाकरमा के तत्वधान में मुर्गीपालन पालन सीखने के लिए सोमवार को 25 किसानों का पहला दल केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान, बरेली के लिए रवाना किया गया। संस्थान द्वारा संचलित आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम अयोजित किया जा रहा है जो 5 दिनों तक 06-12 जनवरी तक चलेगा।

इस दल में हजारीबाग के दो प्रखंडो चुरचू, बरही और रांची के किसानों को चयनित किया गया है। इस दल में 4 महिला और 21 पुरुष किसानों को शामिल किया गया है। संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी का कहना है कि ऐसे 4-5 दल भविष्य में प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त किसानो को उन्नत नस्ल के चूजो को भी मार्च में जब तापमान बढ़ जायेगा, देने का प्रावधान परियोजना में किया गया है। डॉ विशाल नाथ ने बताया कि आदिवासी किसानो से उनके इच्छा के अनुरूप उपक्रय जैसे खेती, बागवानी, मुर्गीपालन, सुवर पालन, मशरूम आदि का विकल्प मांगा गया था, जिसमें हर क्षेत्र के लिए किसानो का चयन किया गया है और धीरे- धीरे सभी किसानो को उनके मन मुताबिक विकास में मदद की जायेगी।

## बरही में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

▸▸ संगठन को जमीनी स्तर पर करें मजबूत : योगेंद्र प्रताप

▸▸ पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचायें कार्यकर्ता : विजय यादव



**बरही।** भाजपा पूर्वी मंडल के अंतर्गत सत्संग भवन में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। बैठक में योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ सकें और संगठन को सशक्त किया जा सके। मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। बैठक में मंडल और प्रखंड स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, इंद्रदेव यादव, कांति देवी, रवि यादव, केदार राणा, पंकज कुमार राणा, विनोद यादव, केदार यादव, संजय यादव, मनोज कुमार केसरी, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, जितेंद्र पंडित, दिनेश कुमार, विजय राणा, संतोष यादव, अभिषेक केसरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।सभी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## टिकरीटांड़ में विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया ट्रांसफार्मर उदघाटन



**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा तलसवार पंचायत अंतर्गत टिकरीटांड़ गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा विधायक तक पहुंचाई गई, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाई गई।इसके पुर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार के संचालन में तलसवार पंचायत भवन में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक किया गया।मौके पर विधायक ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का आग्रह किया ताकि संगठन मजबूत हो सके।वही विधायक द्वारा ऑफलाइन सदस्य बनाने का भी शुभारंभ किया गया। मौके पर सुरेश महतो,ज्ञानचंद कुमार,मनोज प्रभाकर, केदार महतो,मंगल तुरी, संजय मिर्धा,नागेश्वर तुरी,रामदास तुरी,राथो गंझू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए पति रिमांड पर छूटा

**रामगढ़।** बीएनएस एक्ट 2023 में प्राथमिक अभियुक्त प्रवीण कुमार पांडे, रानी बगीचा, जारा टोली रामगढ़ को न्यायालय द्वारा उपस्थापन करवाया गया । न्यायाधीश द्वारा मुखाग्नि देने हेतु स्वतः पुलिस रिमांड में छोड़ा गया है तथा 08 बजे रात्रि तक फिर से पुनः उपस्थापन करवाने का आदेश दिया गया है ।

उनकी पत्नी 5 जनवरी को अपने ही रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

परंतु मृतका के मायके वालों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है । जिसके बाद हत्या का कांड दर्ज किया गया है।

# रामगढ़ में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने किया पाठ



**रामगढ़ ।** सिक्खों के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर सर्व प्रथम गुरुद्वारा साहिब में हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने पाठ किया। दो दिन पूर्व गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ का आरम्भ किया गया था। सुबह अखंड पाठ की समाप्ति हुई। दिल्ली से आए प्रसिद्ध रागी इंद्रजीत सिंह ने शबद कीर्तन किया।

वहीं, प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से झंडा चौक, वैष्णो देवी गली होते हुए गुरुद्वारा साहिब आई प्रभात फेरी खालसा क्रिकेट क्लब द्वारा की गई। गुरुद्वारा साहिब में निशान साहब का चोला बदला गया जिसकी सेवा स्वर्गीय करनैल सिंह सैनी के परिवार द्वारा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरुगोविंद सिंह ने किस तरह से अपने कॉम के लिए संघर्ष किए। गुरुगोविंद सिंह का जन्म स्थान पटना साहिब में है, जहां हर साल देश विदेश से श्रद्धालु शामिल होते है। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम के पश्चात गुरु का लंगर बांटा गया। कार्यकतम में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी,हैप्पी छाबड़ा,डॉ नरेंद्र सिंह सोनी जोगेंद्र सिंह जग्गी नरेंद्र सिंह चमन, रघुवीर सिंह छाबड़ा रमिंदर सिंह गांधी मनदीप सिंह गुरदीप सिंह सैनी,कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा इकबाल सिंह, बबल छाबड़ा दलजीत सिंह किंगरा यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जैसल,रणजीत सिंह,हरजीत सिंह,जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा,गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर, सुमी जौली,सतविंदर कौर, रविंदर कौर पवार, कुदरत छाबड़ा, निक्की लांबा, मनप्रीत कौर सैनी लवली लांबा,बलविंदर कौर छाबड़ा,बबली सोनी, सोमा जस्सल शामिल हुए।

एक नजर में

## सब स्टेशन में सुरक्षा प्रहरी की ठंड से मौत



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत स्थित कारी झरना परिसर समीप बिजली वितरण निगम लिमिटेड 33/11 के.वी. विद्युत शक्ति उपकेंद्र में ठंड से धनेश्वर सिंह की हुई मौत। मृतक के पुत्र भोला सिंह ने दी जानकारी। धनेश्वर सिंह मृदुल भाषी प्रवृति के थे। बुजुर्ग की मौत की खबर ने क्षेत्र में मचा हड़कंप। मृतक लगभग 4 वर्ष से झरपो सब स्टेशन में कार्यरत थे। ग्रामीणों और उनके परिजनों के मुताबीत सुरक्षा प्रहरी को 10 महीने से वेतन नहीं मिला था। मृतक घर के इकलौता कमाऊ सदस्य थे। वे अपने पीछे पत्नी, चार बेटे व भरा पूरा परिवार को छोड़ गए है। इनकी मौत की सुचना पाकर झरपो मुखिया सह कांग्रेस 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष टाटीझरिया शिबू प्रसाद सोनी,समाज सेवी कोलेश्वर मिश्र,स्थानीय निवासी सह समाज सेवी संदीप पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग से 5 लाख रुपए नकद और सब स्टेशन झरपो में एक सदस्य की नौकरी की मांग की है।

## टाटीझरिया में प्रजापति समाज का सम्मेलन

टाटीझरिया। बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में रविवार को झारखंड प्रजापति ( कुम्हार ) महासंघ टाटीझरिया प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता सेवा प्रजापति एवं संचालन प्रखंड सचिव बबलु प्रजापति व छोटन प्रजापति ने किया।समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड प्रजापति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, मांडु विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, एवं जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार प्रजापति उपस्थित हुए। इस दौरान प्रजापति समाज के उत्थान के बारे में चर्चा कर समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा कि विकास का मूल मंत्र शिक्षित समाज का निर्माण है। उन्होंने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने और शैक्षणिक व सामाजिक रूप से जागरूक बनने की अपील की। समारोह में डुमर, धरमपुर, बांडीह, भराजो, डहरभंगा, अमनारी सहित अन्य जगहों से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समाज के द्वारा बांडीह की वार्ड सदस्य हेवंती देवी एवं उर्मिला देवी को मंच पर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमेश्वर प्रजापति, उपाध्यक्ष मीना देवी, चोलो प्रजापति, सचिव बबलु प्रजापति, उपसचिव दिनेश प्रजापति, रीतलाल प्रजापति, पप्पु प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, छोटी प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शिवदयाल प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, विशुन प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, मंगर प्रजापति, नागेश्वर, मिथुन, महेश प्रजापति, रेणु, सुशीला, गीता देवी, दौलत प्रजापति, रंजित, भत्तु प्रजापति सहित कई मौजुद रहे।

## अडाणी फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे स्टडी किट



**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के बीच स्टडी किट का वितरण किया। ये बच्चे प्रखंड के हरली स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पढ़ाई कर रहे हैं। नए सत्र में गाली, बलोदर, गोंदुलपारा और बाबूपारा समेत आसपास के अन्य गांवों के 75 बच्चों ने यहां नामांकन किया है, जिनके बीच यह स्टडी किट का वितरण किया गया। इस स्टडी किट में स्कूल बैग, कॉपी, कलम और अन्य सामग्री शामिल हैं। अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित इस स्किल सेंटर में डिजिटल साक्षरता मिशन के तहत तीन महीने का नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण और डेटा इंट्री ऑपरेटर का कोर्स संचालित किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में बड़कागांव प्रखंड के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले मनोज यादव



**बरही।** विधायक मनोज यादव ने नववर्ष के अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात की। यह मुलाकात कांके रोड स्थित विधानसभा अध्यक्ष के सरकारी आवास पर हुई।विधायक मनोज यादव ने इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात को लेकर विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने कहा कि नववर्ष की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ करनी चाहिए और यह मुलाकात उसी दिशा में एक प्रयास थी। अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भी मनोज यादव को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं ।

## एनटीपीसी सीएमपी का पतरातू में पिकनिक



बड़कागांव।केऔसुब इकाई एनटीपीसी–सीएमपी हजारीबाग के इकाई संरक्षिका द्वारा सीआईएसएफ बल कमीर्यों के परिवार एवं उनके बच्चों के लिए पतरातु में पिकनिक का आयोजन संरक्षिका की अध्यक्षा एवं इकाई प्रमुख सुरेश उप कमांडेंट के उपस्थिति में किया गया इकाई से लगभग 100 की संख्या में बस द्वारा बल सदस्यों के परिजनों एवं बच्चो को पतरातू पिकनिक के लिए ले जाया गया था जहॉ बच्चो को मौज मस्ती एवं सामुदायिक बंधन के लिए एक साथ लाया गया था। पिकनिक में कई तरह की गतिविधियॉ शामिल थी जिनमें (नौकाविहार, बच्चों के खेल, लाईव संगीत) का जलपान एंव भोजन का आयोजन का सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया।

## बिजली विभाग की जांच की अफवाह, चूल्हे छुपाये

दारू। विजली विभाग द्वारा लोगों के घरों मे घुसकर बिजली चोरी की अफवाह दारु प्रखंड मे भी बहुत तेजी से फैल रही है। प्रखंड के दारु, इरगा, झुमरा, कबलासी और पुनाई आदि क्षेत्रों मे इस अफवाह को लेकर सोमवार को अफरा तफरी का माहौल रहा। दारु और इरगा मे बिजली विभाग के द्वारा जांच कर पचास हजार से एक लाख रुपैये तक जुमार्ना लगाने की कोरी अफवाह फैली। इस कारण लोगों ने अपने इंडक्शन चूल्हा और विद्युत चालित अन्य उपकरणों को छुपा दिये। अफवाह को सुनकर कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान का शटर बंद कर घर चले गये। इस बारे मे कुछ महिलाओ से बात करने पर उन्होंनें कहा कि उनके पास कुछ महिलाओ का फोन आया था कि बिजली विभाग द्वारा जांच कर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है, इस कारण उन्होंने रूम हीटर, इंडक्शन चूल्हा आदि छुपा दिये। एक महिला ने बताया कि उन्हे जानकारी मिली है कि जांच करने वालो के पास एक ऐसी मशीन है जिसे घर कि दीवार मे सटाने पर विद्युत उपकरण कहाँ लगाए गये है इसकी जानकारी मिल जाती है।

## झुमरा बसरिया पथ के पुनर्निर्माण की मांग

दारु। झुमरा बाजार से बसरिया भाया देवरिया, कबलासी पुनाई पथ का का 14.550 किलोमीटर सड़क पुरी तरह से जर्जर है।सड़क से होकर गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता। प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय ग्रामीण विकाश विभाग से भेंट कर उन्हे एक आग्रह पत्र सौपा। मंत्री से मिलकर झुमरा पुनाई के जर्जर सडक की जल्द पुनर्निर्माण करने की मांग किया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशे महतो कमलेश और धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने भी मंत्री से बात कर इस जर्जर सडक की जल्द निर्माण कराने का आग्रह किया।

# इंजीनियरिंग: 12वीं के बाद एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण कैरियर विकल्प



**प्रशांत झा**

**12वीं** कक्षा, एक छात्र जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस चरण के बाद, छात्रों के सामने कई कैरियर विकल्प खुलते हैं, जिनमें से एक लोकप्रिय और सम्मानजनक विकल्प है इंजीनियरिंग। इंजीनियरिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो तकनीकी ज्ञान और नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके समस्याओं का समाधान करने पर केंद्रित है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक कौशल और समस्या-समाधान क्षमता का व्यापक उपयोग होता है।

## इंजीनियरिंग में करियर विकल्प:

एक विस्तृत अवलोकन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनेक विशेषज्ञताएं हैं, प्रत्येक अपने विशिष्ट क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। कुछ प्रमुख इंजीनियरिंग शाखाएं निम्नलिखित हैं:

* **सिविल इंजीनियरिंग:** यह शाखा बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव से संबंधित है। सड़कों, पुलों, बांधों, भवनों, परिवहन प्रणालियों, जल आपूर्ति और अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में सिविल इंजीनियर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

* **कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग:** यह तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है जो सॉफ्टवेयर विकास, डेटाबेस, नेटवर्किंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक), मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल करता है।

* **मैकेनिकल इंजीनियरिंग:** यह इंजीनियरिंग की एक प्रमुख शाखा है जो यांत्रिक प्रणालियों, उपकरणों और मशीनों के डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और रखरखाव से संबंधित है। इसमें ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, ऊर्जा, रोबोटिक्स, और विनिर्माण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

* **इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग:** बिजली उत्पादन, संचरण, वितरण और उपयोग से संबंधित सभी पहलुओं को यह शाखा संबोधित करती है। इसमें पावर प्लांट्स, विद्युत ग्रिड, बिजली वितरण नेटवर्क, नियंत्रण प्रणाली और विद्युत उपकरणों का डिजाइन और विकास शामिल है।

* **इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग:** यह शाखा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, जैसे ट्रांजिस्टर, एकीकृत सर्किट, और संचार प्रणालियों, जैसे मोबाइल फोन, रेडियो, टेलीविजन, और उपग्रह संचार के डिजाइन और विकास से संबंधित है।

* **केमिकल इंजीनियरिंग:** यह रासायनिक प्रक्रियाओं, उत्पादों और संयंत्रों के डिजाइन और संचालन से संबंधित है। इसमें पेट्रोलियम, पेट्रोकेमिकल्स, दवाइयां, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यावरण इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

* **बायोमेडिकल इंजीनियरिंग:** यह जीव विज्ञान और चिकित्सा के सिद्धांतों को इंजीनियरिंग के साथ जोड़ती है। इसमें चिकित्सा उपकरणों, जैसे कृत्रिम अंग, इमेजिंग सिस्टम, और जैवसेंसरों का विकास शामिल है।

* **सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग:** यह विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के अध्ययन, विकास और अनुप्रयोग से संबंधित है। इसमें धातु, पॉलिमर, सिरेमिक, और कंपोजिट सामग्री शामिल हैं।

* **ऊर्जा इंजीनियरिंग:** यह नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विकास और उपयोग से संबंधित है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल विद्युत, परमाणु ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

* **एयरोस्पेस इंजीनियरिंग:** यह विमानों, अंतरिक्ष यान और अन्य वायुयानों के डिजाइन, निर्माण और रखाव से संबंधित है।

## इंजीनियरिंग में प्रवेश के अवसर:-

भारत में, इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए कई प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिनमें सबसे प्रतिष्ठित है आईआईटी जेईई। यह परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है, जो देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों में से हैं।

## आईआईटी जेईई एक कठिन यात्रा:-

आईआईटी जेईई एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा है, जिसके लिए गहन तैयारी और समर्पण की आवश्यकता होती है। लाखों छात्र हर साल इस परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन केवल एक छोटा सा प्रतिशत ही सफलता प्राप्त करता है।

* **आईआईटी जेईई की संरचना:** आईआईटी जेईई दो चरणों में आयोजित किया जाता है:



* **जेईई मेन:** यह पहला चरण है, जो एक कंप्यूटर-आधारित परीक्षा है। इसमें गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान के बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होते हैं।

जेईई मेन्स परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है और यह परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी), और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

**जेईई मेन्स परीक्षा के दो सत्र होते हैं:**

**सत्र 1: जनवरी में**

**सत्र 2: अप्रैल में**

उम्मीदवार दोनों सत्रों में से किसी एक में या दोनों में भाग ले सकते हैं। यदि उम्मीदवार दोनों सत्रों में भाग लेते हैं, तो उनके उच्चतम स्कोर को माना जाएगा।

* **जेईई एडवांस्ड:** यह दूसरा और अंतिम चरण है, जो केवल जेईई मेन में सफल छात्रों के लिए ही आयोजित किया जाता है। इसमें गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान के अधिक चुनौतीपूर्ण प्रश्न शामिल होते हैं।

* **आईआईटी जेईई की तैयारी:** आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए गहन अध्ययन, नियमित अभ्यास और एक व्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा से ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

* **आईआईटी जेईई कोचिंग:** कई कोचिंग संस्थान आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। ये संस्थान छात्रों को कक्षाएं, अध्ययन सामग्री, टेस्ट सीरीज और अन्य सहायता प्रदान करते हैं।

## इंजीनियरिंग कॉलेज और सीटें: एक विस्तृत अवलोकन

भारत में सैकड़ों इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जिनमें सरकारी और निजी दोनों शामिल हैं। इन कॉलेजों में सीटों की संख्या अलग-अलग होती है।

**इस वर्ष (2024), आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी और जीएफटीआई , में कुल 59,917 (लगभग) सीटें पेश की गई, जो पिछले वर्ष से 2,765 सीटों की वृद्धि को दशार्ती हैं।** विशेष रूप से, आईआईटी ने अपनी सीट क्षमता में 355 की वृद्धि की है, जो बदलती शैक्षिक अवसरों को दशार्ती है जो बढ़ती मांग के बीच विकसित हो रही हैं।

**आईआईटी :**

* आईआईटी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों में से हैं। इनमें सीमित सीटें होती हैं और प्रवेश अत्यंत प्रतिस्पर्धी होता है।

यहाँ कुछ महत्वपूर्ण बिंदु दिए गए हैं:- **आईआईटी में वर्ष 2024 के लिए उपलब्ध कुल सीटों की संख्या 17,740 थी। (लगभग)**

**- यह पिछले वर्ष से 355 सीटों की वृद्धि थी।**

**- जोसा ने वर्ष 2024 के लिए सीट मैट्रिक्स जारी किया।**

**- आईआईटी में उपलब्ध सीटों की संख्या हर साल बढ़ती है।**

जेईई एडवांस्ड 2024 के माध्यम से 23 आईआईटी में लगभग 17,740 सीटों पर प्रवेश के लिए , प्रत्येक आईआईटी सीट के लिए अनुमानित 11 छात्र दावेदार थे। कुल सीटों में से 20% महिला-अतिरिक्त कोटे के तहत आरक्षित हैं।

आमतौर पर, जेईई एडवांस परीक्षा में लिंग अनुपात 65% लड़कों पर 35% लड़कियों का होता है, जो संभावित रूप से महिला आवेदकों के लिए आईआईटी सीटें हासिल करने की संभावनाओं को अनुकूल बनाता है।

- आईआईटी में प्रवेश के लिए जोसा द्वारा आयोजित किए जाने वाले संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## एनआईटी :

एनआईटी : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भी उच्च गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग शिक्षा प्रदान करते हैं। इनमें भी सीटों की संख्या सीमित होती है।

**एनआईटी का अर्थ है** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, और यह भारत में सार्वजनिक अभियांत्रिकी संस्थानों के एक समूह को संदर्भित करता है जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और वित्त पोषित हैं। एनआईटी भारत में सबसे प्रमुख अभियांत्रिकी कॉलेजों में से एक है, और स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करते हैं।

**संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण** (जोसा) ने 2024 की सीट मैट्रिक्स जारी की, जिसमें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) में स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल सीटों की संख्या 24,229 थी। (लगभग)

**आईआईआईटी :**

* आईआईआईटी : भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।

ये भारत में 26 तकनीकी संस्थानों का एक समूह है जो सूचना प्रौद्योगिकी और संचार अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ये भारत में शीर्ष कॉलेजों में से एक माने जाते हैं, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) के बाद आते हैं। आईआईआईटी में से पांच राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं, जबकि शेष 21 सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित किए गए हैं।

**संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण** (जोसा) ने 2024 की सीट मैट्रिक्स जारी की, जिसमें भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईआईटी) में स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल सीटों की संख्या 8,546 थी। (लगभग)

**जीएफटीआई** *

जीएफटीआई : सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान भी इंजीनियरिंग शिक्षा प्रदान करते हैं।

जीएफटीआई, या सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थान, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का एक समूह है जो भारत सरकार या राज्य सरकारों द्वारा वित्त पोषित हैं। जीएफटीआई में विश्वविद्यालय, अभियांत्रिकी कॉलेज और वास्तुकला कॉलेज शामिल हैं। यहाँ भारत के शीर्ष जीएफटीआई (सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान) कॉलेजों की सूची दी गई है:

**- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा:** यह कॉलेज रांची में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- विश्वविद्यालय हैदराबाद:** यह कॉलेज हैदराबाद में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

- पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज: यह कॉलेज चंडीगढ़ में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय:** यह कॉलेज नई दिल्ली में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

- असम विश्वविद्यालय: यह कॉलेज सिलचर में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

- गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय: यह कॉलेज हरिद्वार में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- सेंट लॉन्गोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी:** यह कॉलेज लोंगोवाल में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर:** यह कॉलेज नई दिल्ली में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पेट टेक्नोलॉजी: यह कॉलेज भदोही में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्री एंड फॉर्ज टेक्नोलॉजी:** यह कॉलेज रांची में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ जीएफटीआई कॉलेजों में से एक माना जाता है।

संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) ने 2024 की सीट मैट्रिक्स जारी की, जिसमें सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (जीएफटीआई) में स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल सीटों की संख्या 9,402 थी। (लगभग)

* **राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेज:** प्रत्येक राज्य में कई राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग शिक्षा प्रदान करते हैं।

* **निजी इंजीनियरिंग कॉलेज:**

भारत में बड़ी संख्या में निजी इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। इन कॉलेजों की फीस और गुणवत्ता में भिन्नता होती है।

भारत में टॉप प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची निम्नलिखित है:

**- बिट्स पिलानी: यह कॉलेज पिलानी,** गोवा, हैदराबाद और दुबई में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ** टेक्नोलॉजी (वीआईटी), वेलोर: यह कॉलेज तमिलनाडु में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- एमआईटी पुणे: यह कॉलेज** पुणे में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- एसआरएम यूनिवर्सिटी:** यह कॉलेज तमिलनाडु में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- थापर यूनिवर्सिटी:** यह कॉलेज पंजाब में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- डी जे सांघवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग:** यह कॉलेज मुंबई में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- आरवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग:** यह कॉलेज बैंगलोर में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**- एमएस रामैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी:** यह कॉलेज बैंगलोर में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**सिद्धगंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी:** यह कॉलेज कर्नाटक में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

**बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग:** यह कॉलेज बैंगलोर में स्थित है और इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक माना जाता है।

# हमारे युवा खेल में कमाल कर रहें हैं



**प्रमोद जोशी**

**खेल** भी कई मायनों में सामाजिक-दर्पण होते हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों की सफलता सामाजिक बदलाव को रेखांकित कर रही है। भारत को मिले 107 मेडलों में से 50 पुरुष वर्ग में, 47 महिला वर्ग में और 10 मिश्रित वर्ग को मिले हैं। यह हमारा सामाजिक सच भी है। बहरहाल जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी ने गोल्ड मेडल जीतकर एशियाड के इतिहास में पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल किया है। वे खेतों में गन्ने फेंककर एथलीट बनी हैं। नीरज चोपड़ा ने गोल्ड जीता पर उनके साथ किशोर कुमार जेना ने न केवल सिल्वर जीता, बल्कि अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसका मतलब है कि भारत से जेवलिन में कुछ और नए चैंपियन सामने आने वाले हैं।

तेजस्विन शंकर का डिकैथलन में सिल्वर मेडल उल्लेखनीय प्रदर्शन है। पर सबसे ज्यादा उल्लेखनीय हैं पारुल चौधरी के लगातार दो दिन में दो मेडल। इन सभी खिलाड़ियों की पृष्ठभूमि को देखें, तो ज्यादातर गाँवों से हैं और अपेक्षाकृत साधनहीन परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। इनमें सुदूर पूर्वोत्तर, दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों से आते हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि है लड़कियों की सफलता, जो भविष्य का संकेत है।

इसबार के एशियाड में कुल 45 देशों ने भाग लिया, जिनमें से 41 ने कोई न कोई मेडल जीता। कुल मिलाकर 1593 मेडल जीते गए, जिनमें से 107 जीतकर भारत चौथे नंबर पर रहा। 2018 में हम 70 मेडल जीतकर आठवें स्थान पर रहे थे। पर इस सफलता को तुलनात्मक रूप से देखें, तो चीन ने 383 मेडल जीतकर हमें काफी पीछे छोड़ दिया। क्या हम उसकी बराबरी कर सकते हैं? जरूर कर सकते हैं।

चीन दो दशक पहले वैश्विक-स्तर पर पहुँच चुका है। हमसे काफी आगे, पर एक्वैटिक्स और जिम्नास्टिक्स के कारण यह अंतर बहुत बड़ा है। इसबार के एशियाड में एक्वैटिक्स में 167 मेडल दिए गए, जिनमें से 82 चीन ने जीते। हमने एक भी नहीं। वहीं जिम्नास्टिक्स में 51 मेडल थे, जिनमें से चीन ने 19 जीते। यानी 101 मेडल उसे इन दोनों वर्गों में मिले, जहाँ हमारी उपलब्धि शून्य थी। हमें इन दो वर्गों पर भी ध्यान देना होगा। इन दोनों के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए, वह महंगा है और उसके प्रशिक्षक भी बड़ी संख्या में हमारे पास नहीं हैं।

इसबार भारत को सबसे बड़ी सफलता शूटिंग, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में मिली है। शूटिंग के कुल 102 मेडलों में से 22 भारतीय टीम ने जीते।

केवल मेडल ही नहीं जीते कई स्पधाओं में विश्व रिकॉर्ड भी बनाए। 2018 में शूटिंग में भारतीय टीम को 9 मेडल मिले थे। एथलेटिक्स में इसबार 144 में से 29 और तीरंदाजी के 30 में से 9 मेडल भारत को मिले, जबकि 2018 में एथलेटिक्स में 20, शूटिंग में केवल दो मेडल ही मिले थे। तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्ड कायम के। कंपाउंड प्रतियोगिता संभवतः ओलिंपिक खेलों में भी शामिल होने जा रही है, जिसका लाभ हमें भविष्य में मिलेगा।

(साभार परमार्थी ब्लॉग.कॉम)



**अर्चना टोप्पो**

# मुंडाओं का सिंधु घाटी सभ्यता से लुप्त होता संबंध

**सिंधु** घाटी सभ्यता के बारे में पढ़ते पढ़ते अचानक उसके चित्र लिपियां एवं मोहरों ने मेरा ध्यान खींचा उत्सुकता हुई तो उसे डीकोड करने की मेरे नाना ने बचपन में मुझे मुंडाओं के इतिहास के बारे में बताया था। उन्होंने यह सब अपने पुरखों से सुना था। इस समय आप सबके साथ बांटना चाहती हूं। अंग्रेजों के समय से छोटा नागपुर के आदिवासी के विषय में कुछ लोगों ने पुस्तक लिखी थी। उसमें मुंडा समुदाय के सिंधु घाटी सभ्यता के साथ संबंध होने के प्रमाण मिलते हैं। उन पुस्तकों को बाद में कहां रखा गया है यह मुझे ज्ञात नहीं है। इसलिए जिज्ञ-ासा बस मैं इंटरनेट से इस विषय के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सर्च करने लगी। कई सारी रिसर्च आर्टिकल स्टूडेंट और डॉक्यूमेंट के अध्ययन के बाद जैसे उनसे कांटेक्ट प्रॉब्लम मुंडारियन बाय द ऑफ मैन हो विद द इंडस वैली सिविलाइजेशन बाय टोनी जोसेफ दिसंबर 23 2017 का हिंदू इत्यादि सहित कई बुद्धिजीवी वर्ग जो सिंधु घाटी सभ्यता पर लिख रहे थे। कुछ खास कुलू नहीं मिलने के वजह सेवे निर्धारित नहीं कर पा रहे थे कि वास्तव में सिंधु घाटी सभ्यता पर कौन रहता था। वैदिक आर्य द्रविडियन मुंडा जनजाति या कोई और। पर एक बात अवश्य है कि उनके शोध में मुंडा जनजाति के पूर्वज जरूर शामिल है। इतने सालों के गांव के अवशेषों के दिए निर्देश के पश्चात एक कड़ी मुंडा जनजाति की ओर साफ इशारा करती है।

हमारे पूर्वजों का मानना था कि मुंडा जनजाति ही सिंधु घाटी में बात करती थी मैं इस विषय पर क्रमशः प्रकाश डालना चाहती हूं। मुंडा सनदायक खूटकटी समुदाय है। अर्थात जब वह एक जगह से दूसरे जगह को जाते थे तभी जंगल के पेड़ों को काटते हुए। उसे रहने और खेती लायक बनाते जाते थे। उससे यह समझ में आता है कि जब यह भारत में एक जगह से दूसरी जगह फैल रहे थे तब से उसे जगह पर सबसे पहले बसने वाले होते थे। उनके बाद दूसरे समुदाय के पीछे आते थे दूसरी बात क्योंकि मुंडा जनजाति किसी जगह पर बसने वाले पहले होते थे। इसलिए उसे जगह का नामकरण भी हुए करते थे। प्रकृति पूजक और प्रकृति प्रेमी होने के वजह से हुए नामकरण भी प्राकृतिक चीजों के आधार पर ही करते थे। जैसे एक जगह का भौगोलिक स्थिति पशुओं पक्षियों पेड़ों और उसे जगह की खासियत के आधार पर ऐसा किया जाता था। उदाहरण के लिए रांची के डोरंडा क्षेत्र का नाम तुरंग दा गाता हुआ जिसका अर्थ था बहता हुआ पानी। क्योंकि वहां एक छोटी सी नदी बहती थी जो उसे समय के शांत बात में अपनी अपनी की आवाज में गाती हुई प्रतीत होती थी।

इसी तरह कई और जगहें हैं जो वक्त के साथ - साथ अपना



असली नाम का स्वरूप एवं मतलब खो रही हैं। हमारे पूर्वजों कहना है कि सिंधु घाटी सभ्याता वासी होने पर ही वहाँ का नामकरण मुंडा भाषा के आधार पर ही किया गया था। मोहनजोदड़ो का वास्तविक ३ नाम मोइंजो दारूः' है। मोइंजो' एक पेड़ का नाम है जो वहाँ पाया जाता था। 'दारू': का मतलब पेड़ है। इसी तरह हड़प्पा का असली नाम 'हड़का बा है। 'हम'' अनि बूढ़ा ओ' 'वा' मतलब बाबा। सिंधु घाटी से होते हुए मुंडा लोग कश्मीर विंध्याचल, और गंगा के समतल से होते हुए मध्य प्रदेश फाररखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल उड़ीसा में फैल गए। कश्मीर का 'कासोम बार' था ! 'फासोम' लंबे घास (जो में पाए जाते हैं) और 'बोर यानि 'लेबे घासों का जंगलनामका शुरूआती नाम शानि सॉफ औरअब कासोम बार से कश्मीर बन गया है। वैसे ही विंध्याचल 'बिंग दोशा' था। 'ब्रिंग) 'दोया' मतलब रास्ता। है कि जबकहा जातायानि 'साँप जैसा रास्त विंध्याचल की पहाड़ियसे मुंडा लोग गुजर रहे थे तो पहाड़ों के बांच की घाटीटेढ़ी मेढ़ी लगी और उन्हें साँप के तरह -साँप जैसा रास्ताऔर इसीलिए उसका नामकरण 'बिंग दोया' किया गया जो बाद में घिस घिस कर बिंध्याचल हो गया तरह कई और नाम है जो समय के अपना मूल स्वरूप खो चुके हैं।

सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर झारखंड तक कई नदी और स्थान है कई पठार और पर्वत हैं जो झारखंड के हमारे मुंडा जनजाति के इतिहास से गहरा संबंध रखता है। समय के साथ-साथ यह मिटता जा रहा है। मुंडाओं के अतीत सेजुड़ी गहरी सच्चाई...।

स्पीड न्यूज



## पूर्व सीएम रघुवर दोबारा बने सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में सूर्य मंदिर समिति के कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से फरवरी में होने वाली राम मंदिर स्थापना की पांचवी वर्षगांठ की तैयारी में अभी से जुटने का निर्णय लिया गया।

**धूमधाम से मनाया जायेगा कार्यक्रम :** बैठक में तय किया गया कि श्री राम दरबार स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनायी जायेगी। पांचवीं वर्षगांठ पर देश के जाने माने राम कथा वाचक को आमंत्रित किया जायेगा जो सात दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने श्रीराम मंदिर की स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी 2025 को होगा। 1 मार्च को महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा। इसके साथ ही 15 जनवरी को मंदिर परिसर में पतंग महोत्सव के तहत पतंगों की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें विभिन्न क्षेत्र के युवा एवं नारी शक्ति भाग लेंगे।

**लोगों से मांगे गये महत्वपूर्ण सुझाव :** बैठक के दौरान लोगों के महत्वपूर्ण सुझावों को भी अंकित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंदिर समिति के पुनः संरक्षक हुए मनोनीत किये गये हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा राज्य के राज्यपाल रहे रघुवर दास को सूर्य मंदिर समिति का पुनः मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**15 जनवरी को सूर्यधाम परिसर में भव्य पतंग महोत्सव:** मंदिर समिति की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को भव्य पतंग महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में सामूहिक रूप से पतंगबाजी के साथ श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में बच्चों और युवाओं के लिए विशेष तैयारी की योजना बनाई गई है।

**क्या बोले रघुवर :** बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खुशी व्यक्त की और कहा कि समिति से पुनः जुड़ना उनके लिए एक गौरवपूर्ण अनुभव है। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति ने पिछले सभी आयोजनों को जमशेदपुर की धर्मप्रेमी जनता के सक्रिय सहयोग और समर्थन से सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समिति की यह परंपरा न केवल धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में एकता और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित करती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तही प्रकाश हमारा भयो, पटना सहर बिखै भव लयो...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** खालसा पंथ के संस्थापक एवं सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश पर्व पर शहर में सिखों के द्वारा विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। इस दौरान जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और दर्जनों जगहों पर सेवा शिविर लगाये गए। नगर कीर्तन का स्वागत करने मानों पूरा जमशेदपुर उमड़ आया हो। नगर कीर्तन का आरंभ अरदास के पश्चात दिन के 11.30 बजे हुआ जबकि शाम छह बजे नगर कीर्तन साकची गुरुद्वारा पहुंची।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया, पांच प्यारों की रहनुमाई और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में टेल्को से निकला विशाल नगर कीर्तन का समापन साकची गुरुद्वारा साहिब में हुआ।

आगे आगे ऊंट एवं घोड़े पर सवार सिख किशोर चल रहे थे और उसके पीछे-पीछे सिख मार्शल आर्ट गतका के पांच जत्थे चल रहे थे। इसमें शामिल छोटे-छोटे बच्चों भी सामर्थ्य अनुसार युद्ध कौशल को दर्शा रहे थे। उसके पीछे गुरुद्वारा कमत्यों द्वारा संचालित धार्मिक, मिडिल एवं हाई स्कूल के बच्चे बैंड की धुन पर अनुशासन के साथ मार्च कर रहे थे। आयोजक संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह महासचिव गुरु चरण सिंह बिल्ला एवं उनकी टीम चल रही थी।

यहां पूर्व प्रधान गुरमुख सिंह मुखे भी अपनी टीम के साथ नजर आए। वहीं फूलों से सजे पालकी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी एवं पंच प्यारे शोभायमान थे। श्रद्धा के अनुसार पालकी साहब के आगे जल छिड़क झाड़ू देकर रास्ते को साफ किया जा रहा था और पुष्प वर्षा लगातार हो रही थी।

- टेल्को गुरुद्वारा से सजाया गया विशाल नगर कीर्तन साकची में संपन्न
- टेल्को गुरुद्वारा में सम्मानित हुए मंत्री रामदास, टाटा मोटर्स प्लांट हेड व विधायक
- विधायक पूर्णिमा साहू ने झाड़ू लगाकर भक्ति भावना दर्शायी

1. 
2. 
3. 

1. नगर कीर्तन का भव्य दृश्य। 2. नगर कीर्तन में आगे-आगे चल रहे पंच प्यारे। 3. नगर कीर्तन के दौरान टेल्को गुरुद्वारा में मंत्री रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, एसएसपी एवं अन्य विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया।

**विधायक पूर्णिमा रहीं आकर्षण का केंद्र :** यहां जमशेदपुर पूर्व की विधायक पूर्णिमा साहू ने भी अपनी भक्ति भावना झाड़ू बुहारकर दर्शाई और रास्ते में फूल की पंखुड़ियां बिखेरीं। पालकी साहब के पीछे आम श्रद्धालु महिलाएं तथा उसके पीछे गुरुद्वारा की स्त्री सत्संग सभाएं की बीबीयां पटना सहर बिखै भव लयो, मित्र प्यारे नू आदि कीर्तन गायन करते हुए चल रही थीं। इससे पहले टेल्को गुरुद्वारा साहिब में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, टाटा कमिंस लिमिटेड के प्लांट हेड अजितेश मोंगा ,डीआइजी मनोज रतन चौथे, एसएसपी किशोर कौशल को प्रधान भगवान सिंह को चेयरमैन राम किशन सिंह, चेयरमैन अजीत सिंह, प्रधान बलविंदर सिंह ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। नगर कीर्तन में पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। सम्मान समारोह का संचालन टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते ने किया। यहां प्रधान बलविंदर सिंह, भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू एवं अन्य उपस्थित थे। नगर कीर्तन का कंट्रोल और व्यवस्था सेंट्रल नौजवान सभा के प्रधान भाई अमरीक सिंह, भाई हरविंदर सिंह, सुरजीत सिंह एवं उनकी पूरी टीम कर रही थी। साकची में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवानी प्रधान निशान सिंह एवं उनकी टीम ने किया। रास्ते में रामगढ़िया सभा, खालसा क्लब, क्रूज एवं विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच बिस्कुट, चिप्स, पानी, चाय की सेवा की गयी।




झाड़ू लगातीं और पुष्पवर्षा करतीं विधायक।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी का देश और धर्म के लिए बलिदान राष्ट्र हमेशा याद रखेगा: काले




**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित नगर कीर्तन में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ गुरु साहिब के आशीर्वाद का लाभ लिया। कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन सत्य, धर्म और साहस का अद्वितीय प्रतीक है। उनके बलिदान और उपदेश न केवल सिख समुदाय बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलते हुए सत्य और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। नगर कीर्तन में भाग लेते हुए श्री काले ने गुरु साहिब के साहस, सत्यनिष्ठा और धर्म रक्षा के लिए किये गये अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धा व्यक्त की।

## शिव शंकर सिंह ने गोलमुरी में शिविर लगाकर किया नगर कीर्तन का स्वागत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रसिद्ध सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की के संरक्षक व समाजसेवी शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में संस्था द्वारा होटल क्वेस्ट रिजेंसी के सामने स्टॉल लगाकर गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले गए विशाल नगर कीर्तन का स्वागत व सेवा की। समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने नगर कीर्तन में गुरूग्रंथ साहब की सवारी में मत्था टेका और नगर कीर्तन में शामिल सेंट्रल गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

# अंधविश्वास छोड़िये, विज्ञान को अपनाइये, तभी समाज का कल्याण संभव होगा : भंते बुद्ध प्रकाश

- शास्त्रीनगर कदमा में धूमधम से संपन्न हुआ रवि मिलन-2025

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर का वार्षिक मिलन समारोह 2025 रविवार 5 जनवरी को शास्त्री नगर कदमा में आयोजित हुआ। बच्चों महिलाओं एवं लड़कियों के अलग ग्रुप की खेल प्रतियोगिता कराई गयी। समारोह के मुख्य अतिथि भन्ते बुद्ध प्रकाश बेगुसराय से आये थे।

आम सभा में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया था जिसका शीर्षक था, समाज की महिलाओं के साथ भेदभाव ,शोषण,दहेज हत्या और घरेलू हिंसा का कारण और उसके निदान में समाज की भूमिका। विज्ञान आधारित मैजिक शो दिखाकर जादू और मंत्र के नाम अंधविश्वास फैलाने वालों को पदार्फाश किया गया। पाखण्ड और अंधविश्वास अज्ञानता का कारण है। हमारे समाज के पिछड़ेपन का यही मुख्य कारण है। पढ़-लिखकर भी लोग झूठी परंपरा को ढो रहे हैं। कुत्ता बिल्ली बकरी के बच्चों की आंखें जन्म लेने के एक सप्ताह के भीतर खुल जाती है लेकिन मूलनिवासी समुदाय हजारों वर्षों से अंधविश्वास पाखंड को सिर पर ढो रहा है ,अभी तक आंख नहीं खुली। उन्होंने मृत्यु भोज को अभिशाप बताया। महिलाओं के पिछड़ेपन का असली कारण अंधविश्वास ही है।

उन्होंने महिलाओं को आगाह किया कि जिस मूर्ति पर जल दूध चढ़ाती है जीवन भर कुछ नहीं दिया न देगा। विवेक से काम लिजिए। हमारे पुर्वज पशु थे हम शारिरिक रूप से मानव बने लेकिन दिमाग पशु का ही है। हम जानवर से गये गुजरे हैं मस्तिष्क रहते हुए भी उसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। विज्ञान को अपनाने से आप सभी का कल्याण होगा। आम सभा में लोगों को भगीरथ दास, सीताराम, हरि बालक प्रसाद, प्रकाश चन्द्र,डा सत्यदेव राम आदि ने सम्बोधित किये। अध्यक्षता सरयु रविदास और मंच संचालन विश्राम राम ने की।

अध्यक्ष सरयु रविदास ने अपने संबोधन में कहा कि महिला- पुरुष एक- दूसरे का पूरक है। पुरुष वर्ग महिलाओं को दबा कर रखे हुए हैं। महिला आज भी खूबसूरत दिखने में जीवन खपा रही है जबतक वह विवेकशील नहीं बनेगी और अपने भले के लिए तैयार नहीं होगी।



कार्यक्रम के दौरान अतिथि का स्वागत करते हुए मेजबान।

## शांति समिति के सदस्य गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती समारोह में हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व सोमवार, 6 जनवरी को पूरे श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर आजादनगर के बुद्धजीवी, समाजसेवी संत कुटिया गुरुद्वारा जवाहरनगर गुरुद्वारा के कार्यक्रम के उपस्थित हुए इस अवसर पर आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह जवाहरनगर गुरुद्वारा में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान दुर्गा पूजा कमेटी के सक्रिय सदस्य अपूर्व पाल डॉक्टर ताहिर हुसैन ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य अफताब आलम समाजसेवी मोहम्मद इजाज अंसारी सभी लोगों ने भोग का आनंद लिया।

## गम्हरिया में भारतीय तैलिक वैश्य महासभा सरायकेला का पारिवारिक मिलन समारोह

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**गम्हरिया।** अखिल भारतीय तैलिक वैश्य महासभा, सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन गत 5 जनवरी को किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद साहू ने किया। गम्हरिया के जगन्नाथपुर, पूंजीडुंगरी स्थित देवस्थान परिसर में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चम्पाई सोरेन उपस्थित थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर व भामा शाह के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का उदघाटन किया।

इस मौके पर विधायक चंपाई सोरेन ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार का आयोजन किसी भी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि ऐसा आयोजन आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने तैलिक वैश्य समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने तथा समाज द्वारा धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग करने की बात कही। मौके पर चंपाई के साथ उनके पुत्र सिमल और बबलू सोरेन भी मौजूद रहे।

## 35 सालों की सेवा के बाद चालू माह में सेवानिवृत होंगे यूसील के जीएम

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**


**जादूगोड़ा ।** 35 सालों से यूसिल की सेवा में समर्पित यूसिल की आंध्र प्रदेश स्थित तुम्मला यूरेनियम प्रोजेक्ट के स्तंभ सह महाप्रबंधक एमएस राव इसी माह जनवरी में सेवानिवृत हो जायेंगे जिसको लेकर उनकी विदाई समारोह को लेकर भव्य तैयारी की योजना है। तुम्मलापल्ली यूनिट के साथ श्री राव का जुड़ाव इसकी स्थापना काल से ही है, जब यह परियोजना आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व में शुरू की गयी थी। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना द्वारा उत्पन्न कई तकनीकी चुनौतियों पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत के यूरेनियम के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक के रूप में इसकी वृद्धि सुनिश्चित हुई। उनके मार्गदर्शन में, यूसील तुम्मलापल्लली न केवल प्रभावशाली उत्पादन लक्ष्य हासिल किये, बल्कि बंदी के कगार कदम बढ़ा रही इस प्रोजेक्ट को उबारने में सफलता पाई। उन्होंने कर्मचारी कल्याण, चिकित्सा सुविधाओं और सामुदायिक विकास में भी सुधार में अहम योगदान दिया। नवप्रवर्तन के प्रति उत्साही श्री राव ने परिचालन दक्षता और श्रमिकों की भलाई को बढ़ाने के लिए कई पहलों का नेतृत्व किया।



जीएम श्री राव अपनी पत्नी संग।

## झारखंड क्षत्रिय संघ, गोविंदपुर इकाई ने की कन्हैया सिंह के बयान की कड़ी भर्त्सना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



श्याम किशोर सिंह।

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय संघ गोविंदपुर इकाई के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कल गोविंदपुर इकाई के पारिवारिक मिलन समारोह के अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी को आमंत्रित करने पर आजसू के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की कन्हैया सिंह का बयान राजनीति से प्रेरित है। क्षत्रिय समाज गोविंदपुर इकाई के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था जिसमें सांसद एवं विधायक भी थे। जनप्रतिनिधि किसी समाज और धर्म का नहीं होता है, क्षत्रिय समाज का सभी समाज को क्षत्र देने का इतिहास रहा है। क्षत्रिय समाज में सभी दल के नेता एवं कार्यकर्ता है इसे राजनीतिक रूप देना गलत है। झारखंड क्षत्रिय संघ, गोविंदपुर इकाई कन्हैया सिंह के बयान पर निंदा प्रस्ताव पारित करता है एवं केंद्रीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह से मांग करता है कि वैसे पदाधिकारी जो झारखंड क्षत्रिय संघ को कमजोर कर रहे हैं उसे अविलंब बाहर किया जाए।

# अत्यंत मनोरम है श्रीकृष्ण की बाल लीला : आचार्य बांके बिहारी

- अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित भागवत का पंचम दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रभुदयाल भालोटिया सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड साकची में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक आचार्य बाँके बिहारी जी ने कृष्ण लीला का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बाल रूप मे श्री कृष्ण ने पूतना राक्षसी, सत्तासूर, त्रणावत, अकासूर, बकासूर समेत कंस द्वारा भेजे गए राक्षसों का वध किया और उनकी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। आगे लीला के वर्णन मे महाराज श्री ने कालिया नाग के मर्दन की कथा सुनाई कि प्रभु ने गोकुल वासियो को कई राक्षसों के प्रकोप से मुक्ति भी दिलवाई और कालिया नाग जैसों भटके हुए जीव का उद्धार भी किया। गोपियों संग लीला, क्रीड़ा का बहुत ही सुन्दर वर्णन कर के प्रभु के चरित्र का दर्शन कराया। इंद्र देव द्वारा अपने कोप भाजन बनाये गए गोकुल वासियो को गिरिराज जी महाराज को अपनी बांयी कनिष्ठा पर धारण करके रक्षा की गयी और गिरिराज जी के महत्त्व के साथ साथ प्रभु जी ने प्रकृति, जीव जंतुओं के सम्मान और संरक्षण का महत्व बतलाया।



आज भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किये गये छप्पन भोग की सेवा गीरीराज सेवा ट्रस्ट, सुरेश आगीवाल, बालमुकुंद गोयल के द्वारा प्रदान की गयी।

**इन्होंने की सेवा :** अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मंटू अग्रवाल, अजय भालोटिया,पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष संदीप मुरारका, भाजयुमो के प्रदेश मंत्री अमित अग्रवाल, विनोद शर्मा, लिप्पू शर्मा, सन्नी संघी, सांवर लाल शर्मा, पीयूष गोयल, बबलू अग्रवाल मिनी, अग्रवाल युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नवनीत चौधरी, निर्मल पटवारी, सुरेश कांवटिया, अभिषेक भालोटिया, महेश भाऊका, अंकित अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, उमेश खीरवाल, रोहित गोयल, संजय अग्रवाल, ललित डांगा, अश्विनी अग्रवाल, बिमल अग्रवाल, ऋषभ चेतानी, हेमंत हर्ष अग्रवाल, रतन नरेड़ी, आनंद चौधरी, दीपक सावा, गणेश बोरा, बिमल अग्रवाल गम्हरिया।

**सेवा में महिलाएं भी रही सक्रिय :** अंजू चेतानी, कविता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, ऊषा चौधरी, वर्षा चौधरी, मंजू कांवटिया, बबिता रिंगसिया, मीना देबुका।

## एक नजर में

### सांसद विद्युतबरण की पहल पर कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से बिरसा रोड में भाजपा उलीडीह मंडल ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया, गंगाराम साहू, संध्या नंदी, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, जीतू गुप्ता, कैलाश बिरूआ, मुन्ना मोहंती, प्रसन्नजीत महापात्रा आदि भाजपा कार्यकर्तागण सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

### बर्मामाइंस बाजार में भाजपा का सदस्यता अभियान



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश ने पार्टी ने सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाकर आम लोगों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण के लिए भी अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। इसी के तहत बर्मामाइंस बाजार में भाजपा सदस्यता शिविर लगा। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, सदस्यता प्रभारी रितेश झा, नितीश राय, शशी सिंह, शशांक शर्मा, महिला मोर्चा से सुषमा जी, अनिकेत सिंह, विक्रम आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। बता दें कि 22 दिसंबर से चल रहा अभियान 14 जनवरी तक चलेगा।

### बहरागोड़ा : पंचायत सहजकर्ता प्रशिक्षण शुरू



**जमशेदपुर।** जिला पूर्वी सिंहभूम प्रखंड बहरागोड़ा अंतर्गत कुल 4 बैच का ट्रैनिंग होगा। 13 पंचायतों को दो बैच में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल प्रतिभागियों को बहरागोड़ा प्रखण्ड सभागार में दो बैच तीन दिवसीय प्रशिक्षण 6,7,8 जनवरी एवं दो बैच 9,10,11 जनवरी को होगा, जिसमें प्रतिभागियों को अगले वित्तीय वर्ष 2025 –26 के ग्राम पंचायत विकास योजना का कार्य योजना बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अजय मिश्रा, मुखिया सह मास्टर ट्रेनर कान्हु मुर्मू, सुनील किस्कू, प्रखंड समन्वयक विजय कुमार एवं सहजकर्ता दल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### पेंशन के मुद्दे में यूसिल की अनदेखी के खिलाफ जादूगोड़ा लेबर यूनियन नाराज



**जादूगोड़ा।** पेंशन के मुद्दे में वर्षों से लंबित मामले में यूसिल की अनदेखी के खिलाफ जादूगोड़ा लेबर यूनियन खासा नाराज है। जादूगोड़ा लेबर यूनियन ने पांडुडीह में कमेटी मीटिंग की। जिसमें पेंशन के मुद्दे पर हाई कोर्ट जाने का फैसला लिया गया। महामंत्री सुरजीत सिंह ने कहा कि थर्ड बेनिफिट के तौर पर यूसिल कर्मियों को मिलने वाला हक के मुद्दे पर कंपनी की ओर से सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है। ऐसे में उम्मीद छोड़ यूनियन इसी महीने रांची हाई कोर्ट की ओर रुख करेगा। यूनियन के पूर्व महामंत्री बी एन चौधरी ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में अपनी सेवा देने वाले यूसिल कर्मियों को अभी तक टीए–डीएन का भुगतान कंपनी प्रबंधन नहीं किया गया है। जबकि ऑफिस ऑर्डर पर कंपनी कर्मियों को चुनाव में भेजा।

### कांड्रा मोड़ टॉल प्लाजा के पास खुला यात्री पड़ाव



**गम्हरिया।** कांड्रा के समाजसेवी डॉ जोगिंदर महतो ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कांड्रा मोड़ स्थित टॉल प्लाजा के समीप पड़ाव (शेड) का निर्माण कराया। उद्घाटन यातायात विभाग के एएसआई अशोक शर्मा ने नारियल फोड़कर किया। कहा कि स्थानीय लोगों की यह पहल काफी सराहनीय है। इससे गरीब एवं फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को मदद मिल पायेगी और इस कड़ाके की ठंड में अब वे राहत महसूस करेंगे। उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता के लिए घर में पड़ा कंबल, स्वेटर और अन्य सामान जिनका उपयोग वर्तमान में वे नहीं कर पा रहे हैं, उसे दान करने की अपील की। कहा कि मानवता यही है कि हम आगे बढ़कर समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद करें। वहां कई लोग मौजूद थे।

### नवधा भक्ति हो तो भगवान का धरती पर आना तय




**जमशेदपुर।** श्रीमद् भागवत कथा वृंदावन से पधारे पंडित पवन कृष्णा गौतम जी महाराज ने कहा जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती है तो भगवान को आना ही पड़ता है जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती है तो भगवान को आना ही पड़ता है। श्रीमद् भागवत महापुराण की तृतीय दिवस की कथा में वृंदावन से पधारे पवन कृष्ण महाराज ने वट सावित्री व्रत जिसमें पतिव्रता स्त्री की महिमा बतायी। इस दौरान उन्होंने सृष्टि का विस्तार की कथा सुनायी।

# इंग्लैंड सीरीज के ज्यादातर मैचों से बाहर रह सकते हैं बुमराह

# चयनकर्ताओं की नजर चैंपियंस ट्रॉफी पर

एजेंसी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के चोट से भारत को काफी नुकसान पहुंचा और टीम को हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं की और आस्ट्रेलिया ने 162 रन का लक्ष्य चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। अब भारत को अगले महीने होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए बुमराह को आराम दिया जा सकता है। अगर पूरी सीरीज नहीं, तो बुमराह सिर्फ कुछ मैच खेलते हुए दिख सकते हैं। चयनकर्ताओं की नजर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक मजबूत भारतीय टीम चुनने पर है और बुमराह इस टीम की अहम कड़ी हैं। इंग्लैंड की टीम पांच टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत आ रही है।



**बुमराह ने 150 से ज्यादा ओवर फेंके**

बुमराह फिलहाल पीठ की ऐंठन की समस्या से जूझ रहे हैं। वह रविवार को खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया के हाथों 1-3 से करारी हार में 32 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। 30 साल का यह गेंदबाज पीठ की ऐंठन के कारण ही आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सका था। उन्होंने पांच मैचों की इस सीरीज में 150 से ज्यादा ओवर फेंके। बुमराह अत्यधिक कार्यभार के कारण चोटिल हुए हैं और बीसीसीआइ की मेडिकल टीम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूनामेंट के लिए तैयार रहें।

**भारत बनाम इंग्लैंड टी20 सीरीज का कार्यक्रम**

| मैच | तारीख | जगह |
|---|---|---|
| पहला टी20 | 22 जनवरी (बुधवार) | कोलकाता |
| दूसरा टी20 | 25 जनवरी (शनिवार) | चेन्नई |
| तीसरा टी20 | 28 जनवरी (मंगलवार) | राजकोट |
| चौथा टी20 | 31 जनवरी (शुक्रवार) | पुणे |
| पांचवां टी20 | 2 फरवरी (रविवार) | मुंबई |

**भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज का कार्यक्रम**

| मैच | तारीख | जगह |
|---|---|---|
| पहला वनडे | 6 फरवरी (गुरुवार) | नागपुर |
| दूसरा वनडे | 9 फरवरी (रविवार) | कटक |
| तीसरा वनडे | 12 फरवरी (बुधवार) | अहमदाबाद |

**इंग्लैड टीम इस प्रकार हैं**

**वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम:** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।
**इंग्लैंड की टी20 टीम:** जोस बटलर, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**चोट की गंभीरता पर तय होगी बुमराह की वापसी**

इस प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन काफी हद तक बुमराह की मौजूदगी पर निर्भर करेगा। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बुमराह की पीठ की ऐंठन का ग्रेड (चोट का स्तर) अभी तक पता नहीं चला है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। बुमराह की चोट अगर ग्रेड एक श्रेणी में है तो उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी यानी रिटर्न टू प्ले) से पहले कम से कम तीन सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन में बिताने होंगे। ग्रेड दो की चोट से उबरने में छह सप्ताह लग सकते हैं, जबकि गंभीर माने जाने वाले ग्रेड तीन के लिए कम से कम तीन महीने की आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत होती है।

**चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का प्रदर्शन बुमराह पर निर्भर**

यह लगभग पहले से तय था कि बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज नहीं खेलेंगे क्योंकि इस साल इस प्रारूप का विश्व कप या कोई बड़ा टूनामेंट नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में उनके तीन में से कम से कम दो मैच खेलने का अनुमान था। अब हालांकि उनकी चोट की गंभीरता से पता चलेगा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ 50 ओवर के प्रारूप में खेल पाएंगे या नहीं। भारत 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जबकि वनडे सीरीज की शुरूआत छह फरवरी से होगी। इस सीरीज का आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में होगा।

## जायसवाल ने आस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे पर साझा किए विचार

**नयी दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर विचार किया और कहा कि उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। भारत ने पर्थ में जीत के साथ श्रृंखला की शुरूआत की, लेकिन लय बरकरार रखने में विफल रहा। यह एक दशक में आस्ट्रेलिया की पहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत थी, उनकी आखिरी जीत 2014-15 में आई थी। भारत के वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक कोहली सबसे बड़ी निराशाओं में से एक रहे जिन्होंने आठ पारियों में 23.75 की औसत से केवल 190 रन बनाए जिसमें स्कॉट बोलैंड ने उन्हें चार बार आउट किया। यशस्वी ने श्रृंखला के सभी पांच मैच खेले और 53.42 की स्ट्राइक रेट और 43.44 की औसत से 391 रन बनाए। उन्होंने श्रृंखला में 44 चौके और 4 छक्के लगाए। इंस्टाग्राम पर यशस्वी ने कहा कि 'दुर्भाग्य से' नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा टीम इंडिया को उम्मीद थी, लेकिन वे और मजबूत होकर वापसी करेंगे। यशस्वी जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आस्ट्रेलिया में बहुत कुछ सीखा... दुर्भाग्य से नतीजा वैसा नहीं रहा जिसकी हमें उम्मीद थी।

## बांग्लादेश ने महिला टीम की घोषणा की

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइंडीज के दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। आइसीसी की रिपोर्ट के अनुसार यह बंगलादेश की महिला टीम का पहला वेस्टइंडीज दौरा है। टाइग्रेस तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेले जायेंगे। एकदिवसीय श्रृंखला के मैच 19, 21 और 24 जनवरी को होंगे। इसके बाद 27, 29 और 31 जनवरी को तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे।

## ओडिशा सरकार राष्ट्रीय खो खो टीम को देगी 15 करोड़ की सहायता राशि

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वूपर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को राष्ट्रीय खो खो टीम को तीन साल में 15 करोड़ रुपये देने की एलान किया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को खो-खो की राष्ट्रीय टीम को आवश्यक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि ओडिशा खनन निगम के जरिये इस खेल के विकास, प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी की सुविधा मुहैया कराने के लिए जनवरी 2025 से दिसंबर 2027 तक सालाना पांच करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

## एलेक्जेंडर ने जीता हांगकांग ओपन का खिताब

**कॉजवे बे।** फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने केई निशिकोरी को फाइनल में हराकर हांगकांग ओपन का खिताब जीता। हांगकांग के विक्टोरिया पार्क में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने रविवार को एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के केई निशिकोरी को 2-6, 6-1, 6-3 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब अपने नाम किया।

## वेस्टइंडीज की टीम 18 साल बाद पहुंची पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज के लिए 18 साल बाद निजी एयरलाइन से दुबई से इस्लामाबाद पहुंच गई है। जहां से टीम को कड़ी सुरक्षा के बीच एक स्थानीय होटल ले जाया गया। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में आखिरी टेस्ट सीरीज 2006 में खेली थी, हालांकि तब से वे दो सफेद गेंद सीरीज के लिए दौरा कर चुके हैं बता दें कि वेस्टइंडीज की टीम पाकिस्तान में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी, पहला टेस्ट 17 जनवरी से और दूसरा टेस्ट 25 जनवरी से शुरू होगा। दोनों टेस्ट मैच मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पाकिस्तान शाहीन्स और वेस्टइंडीज के बीच 3 दिवसीय अभ्यास मैच 10 जनवरी से इस्लामाबाद क्लब में खेला जाएगा।
**वेस्टइंडीज टीम:** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज, कीसी कार्टी, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, आमिर जंगू, मिकाइल लुइस, गुडाकेश मोटी, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर और जोमेल वारिकन।

## अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया

**बुलावायो।** राशिद खान (7 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को दूसरे टेस्ट मैच के 5वें दिन जिम्बाब्वे को 72 रनों से हरा दिया। इसी के साथ अफगानिस्तान ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-0 से जीत ली। जिम्बाब्वे ने कल 8 विकेट पर 205 रन से आगे खेलना शुरू किया। आज सुबह के सत्र में 68वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा (3) रनआउट हुए। इसके बाद अगले ही ओवर में राशिद खान ने जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन (53) को पगबाधा आउट कर अफगानिस्तान के लिए पहली टेस्ट जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे कल के स्कोर में एक भी रन का इजाफा नहीं कर पाया और पूरी टीम 68.3 ओवर में 205 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ये चौथी टेस्ट जीत है।

## दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

एजेंसी

**केपटाउन।** कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज (तीन-तीन विकेट) और मार्को यानसन (दो विकेट) के बाद डेविड बेडिंघम (नाबाद 44) रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 478 के स्कोर पर समेटने के बाद मिले 58 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की डेविड बेडिंघम और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। डेविड बेडिंघम ने 30 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (नाबाद 44) रन बनाये। वहीं एडन मारक्रम 13 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीता। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। दूसरे टेस्ट में 259 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकलटन को प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज में 80 रन देकर 10 विकेट लेने वाले मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## स्मृति बनेंगी वनडे कप्तान, हरमनप्रीत को रैस्ट, हुई घोषणा

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ की महिला चयन समिति ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को शामिल नहीं किया गया है, उनकी जगह स्मृति मंधाना को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि दीप्ति शर्मा उपकप्तान होंगी। हरफनमौला खिलाड़ी सायली सतघरे पदार्पण के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ की मध्यमगति की गेंदबाज सायली घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलती हैं, जबकि महिला प्रीमियर लीग में वो गुजरात जायंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के मैच 10, 12 और 15 जनवरी को खेले जाएंगे, तीनों मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में होंगे।
**आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तीतास साधु, साइमा ठाकोर, सायली सतघरे।

## ऑकलैंड ओपन 2025: पहले ही दौर से बाहर हुए नागल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुमित नागल का ऑकलैंड ओपन अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सोमवार को पहले दौर के मुकाबले में उन्हें 20 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन के खिलाफ 6-7 (8-10), 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने पहले सेट में दमखम दिखाया और छह सेट प्वाइंट बचाकर आखिरकार सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि, दुनिया में 41वें नंबर के खिलाड़ी मिशेलसन ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच बराबर कर दिया। तीसरा सेट पूरी तरह से अमेरिकी खिलाड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कई बेहतरीन शॉट लगाए, जिससे कई मौकों पर नागल की भी प्रशंसा हुई। हालांकि भारतीय खिलाड़ी निर्णायक गेम में 2-3 से बराबरी करने में सफल रहे, लेकिन मिशेलसन ने अपना दबदबा बनाए रखा और मैच को अपने नाम कर लिया।



इससे पहले विश्व में 96वें नंबर के खिलाड़ी नागल ने रविवार को शानदार खेल दिखाया था, उन्होंने फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को सीधे सेटों में हराकर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की थी। भारतीय खिलाड़ी अब अपना ध्यान 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन पर लगाएंगे, जहां उनका लक्ष्य अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन (पिछले संस्करण में दूसरे दौर में जगह बनाना) को पीछे छोड़ना होगा।

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता : अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# झारखंड को दो गोल्ड, तमिलनाडु का शानदार प्रदर्शन

खेल संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 के अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को तमिलनाडु के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला। वहीं झारखंड को भी दो स्वर्ण पदक मिले। झारखंड के साकेत मिंज ने बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में झारखंड को जीत दिलाई तो बालिका वर्ग के लॉन्ग जंप में झारखंड की प्रीती लकड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया है। सोमवार को हुई प्रतियोगिताओ में 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को स्वर्ण पदक मिला। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के रूद्र शिंदे को रजत और महाराष्ट्र के ही आदि पुजारी को कांस्य पदक मिला है। 500 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश के शाहरुख खान को स्वर्ण पदक मिला। हरियाणा के लक्ष्य कुमार को





रजत पदक और उत्तर प्रदेश के अर्जुन मौर्य को कांस्य पदक मिला है। 110 मीटर हर्डल रेस बालक वर्ग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के सैफ ने स्वर्ण पदक जीता है। केंद्रीय विद्यालय के पी.सूर्या को रजत पदक और तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को स्वर्ण पदक, सीबीएससी के मो. अट्टा साजिद को रजत पदक और उत्तर प्रदेश के शेख जीशान को कांस्य पदक मिला। इस प्रतियोगिता में झारखंड के दीपक मुंडा चौथे स्थान पर रहे। हाई जंप बालक वर्ग प्रतियोगिता में कर्नाटक के सिनन ने स्वर्ण पदक जीता है। वहीं दिल्ली के विकास यादव को रजत पदक और हरियाणा के विनीत कुमार को कांस्य पदक मिला है। शॉट पुट पांच किलो बालक वर्ग प्रतियोगिता में ओडिशा के ओमकार प्रसाद को स्वर्ण पदक मिला, महाराष्ट्र के आर्यन को रजत पदक और पश्चिम बंगाल के मनोज रॉय को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में तमिलनाडु की थिया एके ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। गुजरात के वजा काजल को रजत और तमिलनाडु के नेदरार को कांस्य पदक मिला है। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड प्रतियोगिता में सीबीएससी की वंशिका को स्वर्ण पदक, केरल की ज्योतिका को रजत और कर्नाटक की अभिज्ञाना को कांस्य पदक मिला। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में झारखंड की पूनम कुमारी चौथे स्थान पर रही। 150 मीटर बालिका वर्ग रेस प्रतियोगिता में राजस्थान की मुस्कान को स्वर्ण पदक मिला है। महाराष्ट्र की प्रणाली को रजत पदक और कर्नाटक की प्रणति को कांस्य पदक मिला। 100 मीटर बालिका वर्ग हर्डल रेस में केरल की अधित्या को स्वर्ण पदक, कर्नाटक की ईशा एलिजाबेथ को रजत पदक और तमिलनाडु की बृंदा को कांस्य पदक मिला। बालिका वर्ग लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में झारखंड की प्रीती लकड़ा को स्वर्ण पदक, केंद्रीय विद्यालय की सोनाक्षी कनौज को रजत पदक और सीएफटीआई की साधना रवि को कांस्य पदक मिला। बालिका वर्ग तीन किलो हैमर थ्रो में ओडिशा की अंकिता मोहापात्रा ने स्वर्ण पदक जीता है। हरियाणा की दीपांशी को रजत पदक और केरल की सुहाइमा को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 1 केजी डिस्कस थ्रो में हरियाणा की रिद्धि को स्वर्ण पदक, हरियाणा की ही मन्नत फोगाट को रजत पदक और तमिलनाडु की अनुश्री को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 500 ग्राम जेवलिन थ्रो में हरियाणा की भव्या को स्वर्ण पदक, हरियाणा की ही भतेरी को रजत और महाराष्ट्र की ईश्वरी ढंगेरी को कांस्य पदक मिला है।

आयोजन में भाग लेने के लिए देशभर से आये खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों के लिए भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से खिलाड़ियों को झारखंड की लोक संस्कृति से परिचित कराया गया।

# यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने अभिषेक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) द्वारा अनुमोदित यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में निवेश किया है। यह एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूनामेंट है, जिसमें तीन सदस्य क्रिकेट देशों-आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स ने को-ऑनर के रूप में निवेश किया है। इटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा और इसमें तीनों देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ मिलकर असली यूरोपीय शैली में खेलेंगे। यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा, क्रिकेट सिर्फ. एक खेल नहीं है, यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। इटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरूआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ायें और खेल शुरू करें।




लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस कार्य समूह को प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने और टूनामेंट के प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रशासनिक इकाई की स्थापना और संसाधन की देखरेख करने का काम सौंपा गया है। क्रिकेट आयरलैंड के सीइओ और इटीपीएल के अध्यक्ष वारेन ड्यूट्रोम ने अभिषेक की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा, खेल के प्रति उनका गहरा जुनून और उद्यमशीलता की सूझबूझ यूरोपीय क्रिकेट की स्थिति और प्रोफाइल को ऊपर उठाने के हमारे दृष्टिकोण में जबरदस्त मूल्य जोड़ती है। आइसीसी के समर्थन, हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति अभिषेक की प्रतिबद्धता, साथ ही रूल्स स्पोर्ट टेक के सौरव, प्रियंका और धीरज द्वारा टूनामेंट में लाई गई असाधारण विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि हम एक ऐसा क्रिकेट अनुभव बना सकते हैं जो खेल को ऊपर उठाए, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करे और वैश्विक क्रिकेट मंच पर यूरोपीय क्रिकेट के लिए एक जबरदस्त मंच प्रदान करे। इटीपीएल के निदेशक सौरव बनर्जी ने इस क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, क्रिकेट, जो विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक देखा जाने वाला खेल है, यूरोप में महत्वपूर्ण गति प्राप्त कर रहा है। इस क्षेत्र से 108 आइसीसी सदस्यों में से 34 के साथ, हमारा लक्ष्य क्रिकेट को यहां एक प्रमुख खेल बनाना है, एक ऐसी विरासत का निर्माण करना है जिसका खिलाड़ी, प्रशंसक और हितधारक गर्व से जश्न मना सकें। क्रिकेट आयरलैंड के समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता, जो पिछले एक साल से हमारे साथ अथक प्रयास कर रहा है।

## 60 प्लस के पति-पत्नी ने रोशन किया देश का नाम वेट लिफ्टिंग वर्ल्ड कप में हासिल किया पहला स्थान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंजाब के पठानकोट स्थित गुलशन शर्मा और उनकी पत्नी नीना शर्मा ने रूस की राजधानी मास्को में वेट लिफ्टिंग वर्ल्ड कप की अलग-अलग कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की है। 67 साल की उम्र में गुलशन और 62 की उम्र में नौना ने यह उपलब्धि हासिल की है। अमेरिकन आइपीएल फेडरेशन ने मास्को स्टेडियम में 20, 21 और 22 दिसंबर को वर्ल्ड कप आइपीएल 2024 का आयोजन किया था जिसमें फिटनेश को समर्पित दुनियाभर से लोग पहुंचे या प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भारत से 16 लोगों ने हिस्सा लिया था। इसके लिए अंबेसी में स्पांसरशिप के जरिए उन्हें वीजा मिला था और वे मास्को गए। गुलशन ने आईपीएल बैंच प्रेस रा एज मास्टर्स (65-69 ग्रुप और वेट क्लास 75 किलो) में पहला मेडल जीता है। वहीं नीना ने आइपीएल बैंच प्रेस रा एज मास्टर्स (60-64 ग्रुप और वेट क्लास 75.5 किलो) में पहला पुरस्कार जीता है। दोनों ने भारतीय झंडा फहराकर वर्ल्ड कप का पहला अवॉर्ड हासिल किया। 26 जनवरी को दोनों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**पार्टियों में जाना छोड़ा, रनिंग और जिम कर रहे**

गुलशन और नीना ने एक समाचार पत्र को बताया कि फिट रहने के लिए वह रनिंग, वेट लिफ्टिंग और एक्सरसाइज करते हैं। कोविड में जिम बंद होने के बाद भी कसरत नहीं छोड़ी और अपना जिम खोला लिया।

# अमेरिका के कई राज्यों में भारी बर्फबारी, लगा आपातकाल

- मिसौरी व अर्कांसस में लोगों को वाहन नहीं चलाने की चेतावनी
- लुइस लैंबर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 200 उड़ानें रद्द

एजेंसी

**कंसास।** मध्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में रविवार को बर्फबारी, हवा और गिरते तापमान के कारण यात्रा की स्थितियां खतरनाक हो गईं, क्योंकि सर्दियों के तूफान के कारण कुछ इलाकों में दशक की सबसे भारी बर्फबारी की संभावना है। कंसास व इंडियाना के कुछ हिस्सों में बर्फबारी और हिमपात ने प्रमुख सड़कों को ढक दिया और वहां राज्य के नेशनल गार्ड को मोटर चालकों की मदद के लिए सक्रिय कर दिया गया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोमवार को कंसास और मिसौरी से न्यू जर्सी तक सर्दियों के तूफान की चेतावनी जारी की है। मौसम सेवा ने कहा कि क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है। मिसौरी और अर्कांसस में गवर्नरों ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। लोगों को वाहन नहीं चलाने की चेतावनी दी गई है। इससे पहले विर्जिनिया, कंसास, केंटुकी, मैरीलैंड व सेंट्रल इलिनोइस में भी आपातकाल की घोषणा की गई।

रविवार को सेंट लुइस लैंबर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली लगभग 200 उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। बर्फबारी की वजह से कंसास सिटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शनिवार दोपहर संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया। इस कारण दर्जनों उड़ानें विलंबित हो गईं। यूरोप खासकर ब्रिटेन और जर्मनी में भी भारी बर्फबारी और बर्फीली बारिश ने सामान्य जनजीवन में बाधा डाली। कई प्रमुख हवाई अड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। इंग्लैंड के उत्तरी इलाके में 15 इंच तक बर्फबारी का अनुमान है। कई खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित कर दिया गया है। लिवरपूल के जान लेनन एयरपोर्ट और मानचेस्टर एयरपोर्ट को अपने रनवे बंद करने पड़े, लेकिन रविवार सुबह उन्हें खोल दिया गया। हालांकि लीड्स ब्रेडफोर्ड एयरपोर्ट को रविवार सुबह अपना रनवे बंद करना पड़ा। द एनवायरमेंट एजेंसी ने दक्षिणी इंग्लैंड में टाव नदी और एवन नदी पर बाढ़ की आठ चेतावनियां जारी की हैं। जर्मनी में फ्रेंकफर्ट एयरपोर्ट को निर्धारित 1,090 उड़ानों में से 120 उड़ानें निरस्त करनी पड़ीं।



## पीओईएम-4 पर अंकुरित बीज में निकलीं पत्तियां

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीजों में अंकुरण के बाद पहली पत्तियां निकल आई हैं। इसरो ने कहा कि यह अंतरिक्ष आधारित पौध अनुसंधान में एक मील का पत्थर है। भारत की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा विकसित कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज (सीआरओपीएस) एक स्वचालित मंच है, जिसे अंतरिक्ष के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण में पौधों के जीवन को विकसित करने और बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म निर्मित, 'इमरजेंसी' की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी।

### शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने सोमवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के साथ पूर्व सैन्य जनरलों तथा एक पूर्व पुलिस प्रमुख सहित 11 अन्य लोगों के खिलाफ जबरन गायब किए जाने की घटनाओं में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

### पेशावर में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में दो पक्षों के बीच गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशन काशिफ जुल्फिकार ने घटना को लेकर कहा कि यह घटना दो पक्षों के बीच गोलीबारी के दौरान हुई, जो व्यक्तिगत दुश्मनी का संकेत है। अधिकारी ने कहा कि भारी पुलिस दल घटना स्थल पर पहुंचा और भाग रहे संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

### रूस ने 12 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मॉस्को। रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार रात कुर्स्क, बेलगोरोड, ब्रांस्क क्षेत्रों और क्रीमिया में 12 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

### सूडान में हवाई हमला दस लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में रविवार को एक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। एक स्वयंसेवी समूह और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह दक्षिण खार्तूम आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा, ₹खार्तूम के दक्षिण में मेयो पड़ोस में अल-सहरिज स्टेशन को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले के बाद दस लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए।

### मेक्सिको के बार में गोलीबारी, पांच मरे

मेक्सिको सिटी । मेक्सिको के दक्षिण-पूर्वी तबास्को राज्य की राजधानी विलाहरमोसा में एक बार में हथियारबंद लोगों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए है। अधिकारियों ने सोमवार को यह पुष्टि की।

### बिहार : सड़क हादसे दो डॉक्टरों की मौत

**पटना।** बख्तियारपुर में फोरलेन पर चंपापुर में एक होटल के पास रविवार की देर रात सड़क हादसे में दो चिकित्सकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि नवादा जा रही कार ने फोरलेन के साइड में खड़े एक वाहन में पीछे से जोरदार धक्का मारा दिया, जिससे उस कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई। कार में सवार लोगों की पहचान अभिषेक व नियाज के रूप में हुई है। डॉ. अभिषेक सारण जिले के दिघवारा के रहने वाले हैं। वहीं डॉ. नियाज पूर्वी चंपारण के निवासी हैं।

# अटल जी ने सीएम बनाया था, एनडीए में ही रहेंगे

## दो बार गलती से इधर-उधर चले गये, पुराने साथी के साथ रहेंगे : नीतीश

एजेंसी

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के ऑफर से उपजे सियासी भ्रम को तोड़ने के लिए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। प्रगति यात्रा के दौरान उन्होंने फिर कहा है कि अब कहीं नहीं जाएंगे और एनडीए में ही रहेंगे। कहा कि दो बार गलती से इधर-उधर चले गए लेकिन अब पुराने साथी के साथ रहेंगे। नीतीश कुमार ने लगातार तीसरे दिन यह लालू यादव के खुले ऑफर पर जवाब दिया है। वैशाली से पहले शनिवार को गोपालगंज, रविवार को मुजफ्फरपुर में यही बयान दिया था। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर वैशाली पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड(जेडीयू) के प्रदेश अध्यक्ष के इलाका महनार के नगवां गांव से उन्होंने प्रगति यात्रा की शुरूआत की जहां सीएम के स्वागत की खास तैयारी की गयी थी। सीएम ने जिले में 125 योजनाओं का शिलान्यासऔर उद्घाटन किया। वैशाली जिले के नगवां गांव में भ्रमण के दौरान मीडिया के सवालों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि की दो बार गलती हुई अब सब ठीक कर दिए हैं। अब कहीं नहीं जाना है। हमको पहली बार मुख्यमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी बनाए थे। इस लिए अब हम पुराने साथियों को नहीं छोड़ेंगे।



## दिल्ली में महिलाओं को हर माह 2500 रुपये देगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की महिला सम्मान योजना के जवाब में सोमवार को कहा कि सरकार बनने पर दिल्ली में महिलाओं के लिए प्यारी दीदी योजना लागू की जाएगी जिसके तहत हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये दिए जायेंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिल्ली कांग्रेस प्रभारी निजामुद्दीन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे निभाती है और दिल्ली में सत्ता में आने पर महिलाओं को 'प्यारी दीदी योजना' के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। शिव कुमार ने कहा कि कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उन सबको लागू किया है।

# बिहार : भ्रष्टाचार के आरोप में आइएएस संजीव हंस निलंबित

**18 अक्टूबर को हुयी थी हंस व गुलाब यादव की गिरफ्तारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस के निलंबन के प्रस्ताव को कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने दी मंजूरी प्रदान कर दी है। इस आशय का प्रस्ताव संजीव हंस की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय को भेजा था। फिलहाल वह बेऊर जेल में न्यायिक हिरासत में है। अब उनके निलंबन की अधिसूचना विधिवत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की जाएगी। हंस की निलंबन अवधि 18 अक्टूबर 2024 से मान्य होगी। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। तब से वे जेल में ही हैं। उनकी गिरफ्तार करने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें सभी प्रशासनिक पदों से हटा दिया था। उस समय वे ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी के एमडी के पद पर थे। अब केंद्र सरकार की अनुमति के बाद उनके निलंबन की कार्रवाई की गई है।



# जल्द ही भारत में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी

**प्रधानमंत्री ने नये जम्मू रेलवे मंडल और चरलापल्ली स्थित टर्मिनल का किया उद्घाटन**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्कर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्र्कचर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है।



**महाकुंभः अपने इष्ट देवता को कंधे पर बाजे गाजे के साथ लेकर जाते नागा सन्यासी।**

## प्रशांत किशोर को मिली जमानत

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण पुलिस ने उन्हें सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उन्हें गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद पटना सिविल कोर्ट ने जमानत दे दी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को चिकित्सकीय जांच के बाद पटना सिविल कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें सिविल कोर्ट ने 25 हजार रुपए के निजी मुचलके के बाद जमानत दे दी। हालांकि, प्रशांत किशोर सशर्त जमानत को तैयार नहीं हैं। प्रशांत किशोर के वकील शिवानंद गिरी ने बताया कि अदालत से जमानत मिल गई है। लेकिन, प्रशांत किशोर सशर्त जमानत लेने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रशांत किशोर पीआर बॉन्ड पर साइन नहीं कर रहे हैं। अदालत ने कहा है कि वह आगे से ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे, जिसकी वजह से आम लोगों को दोबारा परेशानियों का सामना करना पड़े। पटना के गांधी मैदान में बापू की प्रतिमा के समीप प्रशांत किशोर समर्थकों और छात्रों के साथ बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे थे।

# एचएमपीवी संक्रमण से सहमा बाजार

## सेंसेक्स 1258 और निफ्टी 388 अंक टूटा


एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को वैश्विक अनिश्चितताओं और ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच भारी गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक 1.5 प्रतिशत से अधिक गिर गए। निफ्टी पर पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा रियलिटी, मेटल, एनर्जी, पीएसई और कमोडिटी सेक्टर में भी 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,258.12 अंक या 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,964.99 पर और निफ्टी 388.70 अंक या 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स का इंट्राडे लो 77,781.62 रहा, जबकि निफ्टी का इंट्राडे लो 23,551.90 रहा। निफ्टी बैंक 1,066.80 अंक या 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,922 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,564.10 अंक या 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,366.9 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 608.45 अंक या 3.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,425.25 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, घरेलू बाजार में तेज बिकवाली का मुख्य कारण एचएमपीवी को लेकर चिंता है। जानकारों ने कहा कि नई अमेरिकी आर्थिक नीतियों, भविष्य में ब्याज दरों में कटौती पर फेड के आक्रामक रुख, वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति में संभावित वृद्धि और डॉलर में मजबूती के कारण उभरते बाजारों में कंसोलिडेशन हो रहा है, जो सभी मार्केट सेंटीमेंट को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।₹ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 657 शेयर हरे और 3,472 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर, सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स में टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया और एसबीआई टॉप लूजर्स रहे। टाइटन, एचसीएल टेक और सन फार्मा टॉप गेनर्स रहे। क्वांटेस रिसर्च के संस्थापक और सीईओ कार्तिक जोनागदला के अनुसार, निफ्टी अपने क्रिटिकल 200-डे एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज (200 डीईएमए) 23,650 से नीचे बंद हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखते हैं और निकट भविष्य में निफ्टी इंडेक्स के लिए 5-6 प्रतिशत की बढ़त की उम्मीद करते हैं, अगर प्रमुख स्तरों को फिर से हासिल किया जाता है और बाजार की हालत में जल्द सुधार होता है।₹



## अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक जायज : शहबाज

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने सोमवार को अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में अपनी हालिया एयर स्ट्राइक को उचित ठहराया। सरकार ने सोमवार को कहा कि यदि जरूरी हुआ तो वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए अफगान क्षेत्र के अंदर ऐसे और हमले करेगी। राजनीतिक मामलों पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह ने सोमवार को स्थानीय मीडिया से कहा कि यदि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए किया जाता है तो हमारे पास इन ऑपरेशन को जारी रखने का कानूनी अधिकार है। 24 दिसंबर को अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में कई महिलाओं और बच्चों सहित 46 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान की इस कार्रवाई की दुनिया भर में आलोचना हुई और युद्धग्रस्त देश में तालिबान शासन की ओर से उसे कड़ी चेतावनी दी गई। हमला पक्तिका प्रांत के बरमल जिले के कुछ हिस्सों पर किया गया था।



# श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व पर

## लख-लख बधाइयां





**सरदार कमलजीत सिंह**
गुलशन ऑटो
विकास मार्केट
धनबाद



**सरदार सरबजीत सिंह राजपाल**
के एस ऑटो, विकास मार्केट
धनबाद



**सरदार मनोरंजन सिंह**
जनता सायकिल, नियर रे टॉकीज
धनबाद



**सरदार शान सिंह**
सास बहु, पुराना बाजार
धनबाद



**सरदार हरजीत सिंह नंदा**
नंदा इंडस्ट्रीज, धनबाद



**सरदार जोगेंद्र सिंह**
जनता वस्त्रालय, रे टॉकीज, धनबाद



**सरदार हरदीप सिंह दुआ**
डाक्टर लेन, गिरिडीह